माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 14, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^{0}$ बढ़ोतरी के आसार 16
सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 15

## एक नजर

### आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार लोगों में जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह उर्फ काला है।

### हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

**रांची।** भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था जो बुधवार को समाप्त हो गई।

### जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का कार्यकाल कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

### सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। दिसंबर-जनवरी में यह परीक्षा 562 केंद्रों पर हुई थी। परीक्षा में 29 .99 प्रतिशत परीक्षार्थी ही पास हुए हैं। पुरुष वर्ग में जहां 30 .19 प्रतिशत( कुल 21728 परीक्षार्थी) अभ्यर्थियों ने पास किया, वहीं महिला वर्ग में 29 .77 प्रतिशत (कुल 19404 परीक्षार्थी) अभ्यर्थी ही परीक्षा पास कर पाई हैं।

# आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

**श्रीनगर में टारगेट किलिंग**

- हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

# उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा।

धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन आंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

### यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्यः धामी



यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है।

### ऐसे बनी संहिता

- पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने तैयार की यह संहिता
- समिति ने सुझाव लेने को 43 जनसंवाद कार्यक्रम किए
- समिति को मिले कुल 32 लाख 32 हजार 961 सुझाव
- 2 फरवरी को संहिता का प्रारूप मुख्यमंत्री को सौंपा
- 4 फरवरी को धामी मंत्रिमंडल ने इसे दी अपनी मंजूरी
- 6 फरवरी को विधानसभा में रखा गया यूसीसी विधेयक
- 7 फरवरी को दो दिन की चर्चा के बाद हो गया पारित
- 202 पृष्ठों की इस संहिता में हैं कुल 392 धाराएं

# महाभारत न हो इसलिए अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

## विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा
- कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म
- राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब
- विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश



अपनी बात को आगे बढाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं। तंज कसा कि, अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोईघर शुरू हो चुका है। माता शबरी के अनुयायी पीडीए के पार्ट हैं या नहीं। निषाद राज के नाम पर रैन बसेरे शुरू हुए हैं, निषादराज के अनुयायी पीडीए का हिस्सा हैं या नहीं। योगी ने सदन में मौजूद शिवपाल यादव का संज्ञान लेते हुए सवाल उठाया कि सपा की लोस उम्मीदवारों वाली सूची में परिवार के तीन सदस्यों के नाम थे, चच्चू का नाम क्यों नहीं था। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते।

### पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश



नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक



सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

### सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

**दिल्ली आबकारी मामला**

# ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब किया गया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था।

# घटिया दवाएं बनाने वाली कंपनियों पर करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घटिया दवाओं और इंजेक्शन के वितरण मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि घटिया दवाएं स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ता को उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया तथा गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे एक्सपायर्ड और घटिया उत्पादों को अनजाने में इस्तेमाल कर लेते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उपचार विफल हो जाता है। अतः ऐसी नकली, मिलावटी और घटिया ब्रांड की दवाएं तथा इंजेक्शन तैयार करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है, जो आर्थिक लाभ के लिए आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने केशव कुमार और दो अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की।

शिकायतकर्ता हेल्थ केयर बिजनेस से जुड़ा है। उसने दवाओं की कंपनी वीएडीएसपी फार्मास्यूटिकल्स से 2000 इंजेक्शन खरीदे थे जो घटिया निकले।

# संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



- खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। असम पुलिस का कहना है कि सभी ने मिलकर जालसाजी की है।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए जबकि एक घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर सदर और बशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्रों के बीच बैरियो के जंगल में हुई। पुलिस महानिरीक्षक(अभियान) अमोल वी होमाकर ने बताया कि इस घटना में दो सुरक्षाकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक जवानों की पहचान सिकंदर सिंह और सुकन राम के तौर पर की गई है। दोनों क्रमशः बिहार के गया और झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले थे।

# शरद गुट की पार्टी का नाम हुआ राकांपा शरदचंद्र पवार

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्वाचन आयोग ने तीन विकल्पों में से एक आवंटित किया

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को तीन नाम - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया। शरद पवार गुट ने अपने लिए चुनाव चिह्न 'बरगद का पेड़' भी मांगा था।

# आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

**विशेष**

- आठ तरह की आपदा से बचने के लिए जागरूक करेंगे सन व विनायल बोर्ड
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ पंचायतीराज विभाग करेगा काम

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे।

इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे।

### कार्यदायी संस्था लगाएगी बोर्ड, होगी जियो टैगिंग

बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिला पंचायतराज अधिकारी संयुक्त रूप से इस कार्य का सत्यापन कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट देंगे। साथ ही बोर्ड का एक नमूना डीपीआरओ कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

**इन आपदाओं का किया चयन :** बाढ़, डूबने के कारण, नाव दुर्घटना, बज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, शीतलहर, हीटवेव, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान व चक्रवात, मानव वन्य जीव द्वंद

> अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। फिर भी ज्यादातर को जानकारी नहीं हो पाती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की इस पहल से सभी को जागरूक करने में मदद मिलेगी।
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग उप्र।

# जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिछले माह 19,438 ग्राम पंचायत में एक भी नहीं हुए मनरेगा के काम
- मांग के सापेक्ष 98 प्रतिशत काम उपलब्ध कराने का दावा

**अमृत विचार :** रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इससे इन ग्राम पंचायतों में रोजगार की प्रगति शून्य रही। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या सबसे अधिक है। यह श्रमिकों द्वारा काम मांगने पर आधारित योजना। इस तरह के आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जबकि 1531 मांग लंबित है। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।



# उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून

- पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ कार्रवाई
- दिल्ली और हरियाणा स्थित आवासों से टीम ने कब्जे में लिए अहम दस्तावेज



**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

### आईएफएस अधिकारियों के घरों पर भी छापे

**देहरादून।** आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक व पूर्व आईएफएस किशन चंद के घर भी ईडी ने छापा मारा। इस दौरान यहां कैनाल रोड स्थित सुशांत पटनायक के घर से भारी मात्रा में कैश मिला। कैश गिनने के लिए ईडी ने दो काउंटिंग मशीन मंगवाई हैं। सुशांत पटनायक के अलावा हरिद्वार में पूर्व आईएफएस अधिकारी किशन चंद के आवास पर ईडी की टीम ने छापा मारा। हरक सिंह रावत के वन मंत्री रहते किशन चंद डीएफओ के पद पर कार्यरत थे। ईडी ने काशीपुर में भाजपा के जिला मंत्री अमित सिंह के घर पर भी छापा मारा। अमित सिंह हरक सिंह रावत के काफी करीबी रहे हैं।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



**नियम और शर्तें**

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## शहर में आज

- हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में डॉ. सत्या सिंह की पांच कृतियों का लोकार्पण - 10:00 बजे।
- पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति सांस्कृतिक उपवन में मुनाल महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन - 2.00 बजे।
- लोक भवन में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नगर निगम के कार्यों की समीक्षा - 3:00 बजे।
- अटल बिहारी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में प्रिसीजन मेडिसिन व इंटेंसिव केयर कार्यशाला - 4:00 बजे।

## एक नजर

### इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियां तेज

अमृत विचार, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की लखनऊ विकास प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में एलडीए ने रंगाई-पुताई के साथ सफाई का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। समारोह के लिए लाइट, साउंड, सजावट आदि व्यवस्थाओं के लिए अभियंताओं को तैनात किया गया है। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बुधवार को आयोजन स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व अभियंताओं को साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और लाइटिंग सहित अन्य कार्य 15 फरवरी तक पूरे करने के निर्देश दिए।

### साढ़े चार घंटे तक ठप रहेगी रेलवे की ऑनलाइन सेवाएं

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे की ऑनलाइन सेवाएं नौ फरवरी रात 11:45 से 10 फरवरी सुबह 4.15 तक ठप रहेंगी। तकरीबन साढ़े चार घंटे तक आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा (139 तथा काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग और ईडीआर सेवाएं बंद रहेंगी। रेलवे के अनुसार इस दौरान इंटरनेट संबंधित कार्य किए जाने हैं। इसी के चलते यह फैसला लिया गया है।

### नहीं बन रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ग्रामीण परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण इलाकों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना वहां के ग्रामीणों के लिए मुश्किल साबित रहा है। लापरवाही और मनमानी के कारण पंचायत स्तर से समय से प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। इस तरह की जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों की शिकायतें हैं। जिसका जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने संज्ञान लेकर सभी एडीओ पंचायत की जिम्मेदारी तक की है। साथ ही समय से प्रमाण पत्र न बनने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। लंबित सभी प्रमाण पत्र भी बनवाने के निर्देश दिए हैं।

# 220 करोड़ से बनेगा पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक टू लेन फ्लाईओवर

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : 419 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कराएगा एलडीए**

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 19 फरवरी को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान आएंगे
- हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक होगी सीधी कनेक्टिविटी, सड़क होगी चौड़ी
- हनुमान सेतु पर बनेंगे दो नए पुल

**अमृत विचार :** इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लखनऊ विकास प्राधिकरण 419.67 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों लोकार्पण व शिलान्यास कराएगा। प्रधानमंत्री एलडीए द्वारा बसंतकुंज योजना में निर्माणाधीन अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्र प्रेरणा स्थल ले जा सकती है।

एलडीए 220.36 करोड़ रुपये से पक्का पुल से डालीगंज और गोमती नदी के ब्रिज तक टू लेन फ्लाईओवर बनाएगा। हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे कनेक्टिविटी के लिए 46.16 करोड़ से निशातगंज से कुकरैल नदी के ऊपर फोरलेन ब्रिज बनाया जाएगा। निशातगंज से कुकरैल नदी के बीच 43.53 करोड़ से निशातगंज बंधा का चौड़ीकरण और सड़क निर्माण होगा। इसके अलावा 21.76 करोड़ से हनुमान सेतु पर दो नए पुल बनाये जाएंगे। इससे पक्का पुल, डालीगंज और निशात गंज तक सीधे कनेक्टिवटी हो जाएगी। इसके निर्माण के बाद लोगों को जाम से काफी हद तक राहत मिलेगी।

**65 एकड़ में बन रहे प्रेरणा स्थल का पीएम करेंगे लोकार्पण**

बसंतकुंज योजना के सेक्टर जे में 65 एकड़ में 117.91 करोड़ की लागत से बन रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का काम लगभग पूरा होने वाला है। इसे पूरा करने के लिए एलडीए ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की कांस्य की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल में एक बड़ा मंच बनेगा। इसमें 3,000 क्षमता का ओपन एयर थियेटर, म्यूजियम, कैफेटेरिया, योगा सेंटर और म्यूजियम बनेगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियां होंगी। यहां तीन हेलीपेड, बड़ी पार्किंग का ग्रीन कॉरिडोर से सीधा कनेक्शन होगा।

## निर्धारित समयावधि में पूरा कराएं प्रेरणा स्थल का काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां तेजी कर दी हैं। मंडलायुक्त ने निर्धारित समयावधि में प्रेरणा स्थल का काम पूरा करने के आदेश दिए।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बसंत कुंज योजना (प्रेरणा स्थल) में निर्माणधीन कार्यों का जायजा लिया। कहा कि निर्माणाधीन कार्य रात दिन युद्धस्तर पर कराए जाएं।



प्रेरणा स्थल में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, साथ में अन्य।

- मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लिया जायजा, श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

प्रेरणास्थल के समस्त निर्माणाधीन कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराएं। उन्होंने कहा कि डेंटिंग-पेंटिंग और मिट्टी कॉम्पेक्ट का काम अच्छे से किया जाए। साथ ही श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ाई जाए। इस दौरान लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## अकबर नगर में ध्वस्तीकरण पर 21 तक बढ़ी रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- एक याची ने एलडीए के प्रस्ताव को स्वीकारने की जताई मंशा आज फिर होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अकबर नगर में ध्वस्तीकरण पर 21 फरवरी तक के लिए रोक बढ़ा दी है। वहीं सुनवाई के दौरान एक याची रामू बाल्मिकी ने एलडीए द्वारा बसंत कुंज योजना में पुनर्वास के तहत फ्लैट दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकार करने की मंशा जताई है। इस पर न्यायालय ने उसे तीन दिनों में उपाध्यक्ष, एलडीए के समक्ष आवेदन देने को कहा है। इसके साथ ही 21 फरवरी तक उक्त याची के मामले में कार्यवाही पूर्ण कर लेने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अकबर नगर के निवासियों की ओर से दाखिल याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया।

सुनवाई के दौरान याची रामू बाल्मिकी के अधिवक्ता ने बताया कि उक्त याची ईडब्ल्यूएस वर्ग का है और एलडीए का ईडब्ल्यूएस के व्यक्तियों के लिए दिया गया प्रस्ताव उसे स्वीकार है। वहीं



दूसरे याचियों की ओर से प्रस्ताव के सम्बंध में एक दिन का समय दिए जाने की मांग की गई, इस पर न्यायालय ने मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। वहीं एलडीए की ओर से दाखिल प्रति उत्तर में कहा गया कि पुनर्वास के तहत अकबर नगर के ईडब्ल्यूएस वर्ग में आने वाले निवासियों को बसंत कुंज योजना में 15 लाख रुपये कीमत के फ्लैट मात्र चार लाख 79 हजार रुपये में दिए जा रहे हैं। कहा गया कि इसके लिए आवेदक को पांच हजार रुपये के शुल्क से पंजीकरण कराना होगा जिसके बाद उसे फ्लैट पर कब्जा दे दिया जाएगा। चार लाख 79 हजार रुपये भी आवेदक को दस साल की आसान किश्तों में देना होगा।

## 11 की मध्य रात्रि से सिटी बसों का चक्का जाम करने का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिटी बसों के चालकों-परिचालकों ने किया ऐलान

**अमृत विचार :** सिटी बस के चालकों, परिचालकों ने 11 फरवरी की मध्य रात्रि से सिटी बसों का चक्का जाम करने का ऐलान किया है। सिटी बस प्रबंधन से पीआरडी कर्मचारियों को हटाए जाने के निर्णय के विरोध में यह फैसला लिया गया है। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप संघ (उत्तर प्रदेश), राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद (उत्तर प्रदेश) और रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद (उत्तर प्रदेश) तीनों ही संगठनों ने चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी भी सिटी बस प्रबंधन को दी गई है।

सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ के प्रांतीय संयोजक राजकमल सिंह ने बताया कि सिटी बस प्रबंधन की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दूसरे विभागों के कर्मचारियों को उनके मूल कार्यालय भेज दिया जाए। इसके तहत तकरीबन 60 से अधिक कर्मचारियों को उनके विभाग में भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। यह आलम तब है जब पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से ये कर्मचारी अपनी सेवाएं यहां दे चुके हैं। इन पीआरडी कर्मचारियों को वापस भेजने के बजाय यहीं पर सेवा करने का अवसर दिया जाए। इसके बाद होने वाली कर्मचारियों की कमी को जेम पोर्टल के माध्यम से पूरा किए जाने पर जोर दिया गया है। हमारी सभी यूनियन की मांग है कि पीआरडी कर्मचारियों को यहीं समायोजित किया जाए। मांगें पूरी न होने की दिशा में 11 फरवरी की मध्य रात्रि से सिटी बस के चालक-परिचालक कार्य बहिष्कार को मजबूर होंगे।

## धूप ने दी राहत, सर्द हवाओं ने सताया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**तापमान में हो सकती है बढ़ोतरी**

तीन-चार दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, दो से तीन डिग्री तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार बन रहे हैं।

**अमृत विचार :** लखनऊ में बुधवार सुबह से मौसम पूरी तरह से साफ रहा, लेकिन पहाड़ों पर गिरी बर्फबारी का असर रहा कि दिन भर सर्द हवाएं चलीं। इनकी रफ्तार अन्य दिनों की अपेक्षा काफी अधिक रही। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम ऐसे ही साफ रहने की संभावना है।

बुधवार को दिन भर मौसम पूरी तरह से साफ रहा। बढ़ते तापमान का असर दिन और रात के पारे में देखने को मिला। रात का पारा अधिकतर इलाकों में सामान्य से अधिक था। उधर, अधिकतम तापमान सामान्य से अभी भी कम बना हुआ है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर सर्द हवाओं के रूप में सामने आया है। ऐसे में अधिकतम तापमान में कुछ दिनों में खास अंतर देखने को नहीं मिलेगा। सर्द हवाओं की रफ्तार सामान्य से दोगुना रिकार्ड की गई।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण 14 फरवरी के आसपास लखनऊ और निकट जनपदों में आंशिक बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। ऐसे में रात में ठंड बढ़ सकती है। एक सप्ताह तक फिलहाल हल्की ठंड का असर हवाओं में रहेगा।

### मौसम में सुधार के बाद भी उड़ान सेवाएं प्रभावित

**लखनऊ/सरोजनीनगर :** मौसम में सुधार होने के बाद भी उड़ानों पर असर दिखाई पड़ रहा है। आधा दर्जन से अधिक उड़ानें विलंब से रहीं। मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 अपने निर्धारित समय रात 1:35 के बजाय 2:32 पर पहुंची। दम्माम से लखनऊ आने वाली फ्लाईनास एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 896 सुबह 6:35 के बजाय दोपहर 1:03 पर पहुंची। दूसरी ओर लखनऊ से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 2773 रात 2:05 के बजाय 3:27 पर उड़ान भर सकी। लखनऊ से दम्माम जाने वाली फ्लाईनास एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 897 सुबह 7:25 के बजाय दोपहर 2:09, लखनऊ से मुंबई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 5241 दोपहर 1:50 के बजाय 2:50 पर, लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6552 दोपहर 2:21 के बजाय 3:00 बजे उड़ान भर सकी।

## सरसों की नई फसल ने 'खौलते तेल' को किया ठंडा

- सरसों का तेल 118 रुपये तो फॉरच्यून 112 रुपये लीटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरसों की नई फसल बाजार में धीरे-धीरे पहुंचना शुरू हो गई है। बाजार में सरसों की आमद देख तेल के भाव मार्केट में धड़ाम हो गए हैं।

कारोबारी कह रहे हैं कि करीब डेढ़ से दो साल पहले का भाव बाजार में देखने को मिल रहा है। फसल देख जमाखोरों और किसानों ने भी स्टॉक में रखी हुई सरसों को मंडियों में लाना शुरू कर दिया है। यही नहीं रिफाइंड ऑयल में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। दोनों ही खाद्य तेलों में करीब 12 से 15 रुपये लीटर की कमी आई है।



"सालभर से खाद्य तेल के भाव आंख मिचौली लंबे अंतर के साथ खेल रहे थे। अब रेट आमजन की पकड़ में आते दिख रहे हैं। चाहे सरसों का तेल हो या रिफाइंड आयल, सभी लगातार गिर रहे हैं। बेहतर फसल के कारण बैल कोल्हू सरसों का तेल काफी नीचे आ गया है। आज के रेट में करीब दस से 12 रुपये लीटर की कमी है। वहीं ब्रांडेड रिफाइंड में भी 12 से 15 रुपये का अंतर देखने को मिल रहा है।

-संजय सिंघल, फुटकर कारोबारी

**फुटकर बाजार**

खाद्य तेल-दर (रुपये प्रति लीटर)
तीन माह पहले-आज का भाव
बैल कोल्हू सरसों का तेल-130 - 118
फॉरच्यून रिफाइंड -125 -112

"लंबे समय बाद तेल और रिफाइंड के दाम लगातार ढीले होते जा रहे हैं। सरसों के बाहर निकलने से तेल के भाव में गिरावट बनी हुई है। सभी प्रकार के खाद्य तेलों के भाव में कमी देखने को मिली है। इसकी वजह से जो सरसों का तेल करीब सालभर पहले 170 रुपये लीटर की दर पर पहुंच गया था। अब वह कीमतों में कमी का रिकार्ड बना रहा है। इस वक्त दो साल पहले का भाव मंडी में है। तेल लगातार ठंडा हो रहा है।

-अजय अग्रवाल, फुटकर खाद्य तेल व्यापारी

### लहसुन ने दिखाए तेवर, पहुंचा 450 रुपये किलो

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोटा राजस्थान से आने वाला लहसुन रंग दिखा रहा है। मसाले में प्रयोग होने वाले लहसुन की कीमत इन दिनों सिर चढ़कर बोल रही है। आमतौर 150 से 180 रुपये किलो तक बिकने वाला लहसुन का भाव फुटकर बाजार में 450 रुपये किलो है। दुबग्गा मंडी के थोक कारोबारी शहनवाज बताते हैं कि इधर अन्य सब्जियां जहां सस्ती बिक रही हैं लेकिन लहसुन की कीमत थोक बाजार में 180 से 280 रुपये किलो तक पहुंच गई है। राजस्थान से ही लहसुन की आपूर्ति होती है। माल की कमी की वजह से बाजार में यह अचानक तेज हो गया है। इसी माह में इसके भाव बहुत नीचे आ जाएंगे। वजह फसल आने वाली है। टिकैतगंज के फुटकर सब्जी विक्रेता भगत बताते हैं कि ऐसा भाव अभी तक सुनने में नहीं आया था। अचानक तेजी आई है। करीब 15 दिन में प्रचुर मात्रा में लहसुन मंडी में आ जाएगा। इससे भाव बहुत नीचे आएंगे। पुराना लहसुन तो इससे भी 50 रुपये किलो अधिक बिक रहा है।

'लखनऊ विकास प्राधिकरण' की विभिन्न योजनाओं में स्थित



दुकानों/रुम/हॉल/स्टोर/कैंटीन का
ई-ऑक्शन
दिनांक 28.02.2024 को
वेबसाइट https://ldaauction.procure247.com/ पर होगा।

पंजीकरण की अन्तिम तिथि : 24.02.2024

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित दुकानों/रुम/हॉल/स्टोर/कैंटीन का ई-ऑक्शन दिनांक 28.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे से वेबसाइट https://ldaauction.procure247.com/ ई-ऑक्शन के माध्यम से विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। ई-ऑक्शन में भाग लेने हेतु इच्छुक क्रेताओं को ई-ऑक्शन पोर्टल पर पंजीकरण तथा आरक्षित दर से आगणित सम्पत्ति के मूल्य का 10 प्रतिशत (ई.एम.डी.) ऑन लाइन एवं वाँछित प्रपत्र दिनांक 03.02.2024 से 24.02.2024 तक जमा किया जा सकता है। पंजीकरण कराने के पश्चात ही सम्पत्तियों के ई-ऑक्शन में आवेदकों द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है।

नोट : ऑक्सन में प्रस्तावित सम्पत्ति का विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट ldaonline.co.in पर download के बाक्स पर क्लिक कर डाउनलोड किया जा सकता है एवं https://ldaauction.procure247.com/ पर देखा जा सकता है।

E-Auction Portal/ वेबसाइट- https://ldaauction.procure247.com/
E-Auction Portal Support: 8866287104, 9574524058, 7016716557
e-mail: tapan@tender247.com, mahesh.baku@procure247.com, helpdesk@procure247.com

अन्य विवरण :- ♦ सम्पत्ति "जैसी है जहाँ है" के आधार पर आंवटित की जाएगी। ♦ किसी विवाद की दशा में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा। ♦ शासनादेश संख्या-4982/9-आ-1-99-79 बैठक/99 दिनांक 17.12.1999 के अनुसार आरक्षण श्रेणी के आवेदक को सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र ई-ऑक्सन के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा यदि आरक्षण प्रमाण पत्र अपलोड नही किया गया है तो आप के द्वारा ऑक्सन में दी गयी बोली को निरस्त कर दिया जाएगा। फर्म तथा कम्पनी को सामान्य श्रेणी में माना जाएगा। ♦ किसी ई-ऑक्सन बोली को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण में निहित है। उपाध्यक्ष, का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा। ♦ ई-ऑक्सन के विस्तृत नियम/शर्तें, विशेष कार्याधिकारी(तकनीकी)/जनसंपर्क अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता मनोज कुमार सागर (प्र०व्या०सेल), ल०वि०प्रा०, नवीन भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर स्थित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ज्ञानेन्द्र वर्मा, अपर सचिव
विवेक श्रीवास्तव, सचिव
डॉ० इन्द्रमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) । फोन नं0 : 0522-2302586, वेबसाइट : www.ldaonline.co.in

## एक नजर

### जम्मू कश्मीर से जुड़ी जानकारी देगा लविवि का व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** जम्मू कश्मीर और लद्दाख की समझ को लेकर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शोध की दृष्टि से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के विभिन्न विषयों को समझना और संबंधित विषय पर शोध संबंधी समझ विकसित करना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला की संयोजक प्रो . मनुका खन्ना ने बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री पुरस्कार 2024 से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रोफेसर नवजीवन रस्तोगी रहेंगे। देश की विभिन्न संस्थाओं से वक्ता के रूप में तमाम से विशेषज्ञ विषय पर व्याख्यान देगें।

# छात्रवृत्ति आवेदन में फंसा अपलोड का पेंच

## सत्यापन के नाम पर छात्र लगा रहे संकायाध्यक्षों के कार्यालयों के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ दो हजार से अधिक छात्रों के सामने आई आवेदन की समस्या

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के आवेदन में इस समय ऐसा पेंच फंसा हुआ है कि छात्रों ने संकायाध्यक्षों और कार्यालयों के दर्जनों चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। एक बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति के आवेदन पोर्टल पर अपलोड भी नहीं हो पा रहे हैं। बताया जाता है कि समय सीमा निकल चुकी है। समस्या कैसे हल हो, इसको लेकर छात्रों की दिक्कतें बढ़ चली हैं।

मामला लविवि में छात्रवृत्ति आवेदन से जुड़ा हुआ है। समाज कल्याण विभाग निर्धन और आरक्षित वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति देता रहा है। इसी को लेकर लविवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में छात्रवृत्ति फार्म भराए जाते रहे हैं। इस बार भी छात्रों ने आवेदन किए।

बताते हैं कि विवि और उससे संबद्ध कॉलेज दो हजार से अधिक छात्रों के आवेदन नहीं भर सके। कारण, किसी ने तकनीकी बाधा तो किसी ने पोर्टल में समय अवधि बीत जाना बताया। इसी के बाद छात्रों ने संकायाध्यक्षों सहित कार्यालयों के चक्कर लगाने शुरू कर दिया। बढ़ती समस्या को लेकर लविवि के रजिस्ट्रार विनोद सिंह ने प्रशासनिक भवन के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं।

रजिस्ट्रार का कहना है कि कुछ छात्रों ने छात्रवृत्ति आवेदन फार्म न भर पाने की शिकायत की है। इसको लेकर व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। समाज कल्याण विभाग से भी जानकारी ली जा रही है। ताकि समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके।

### शोधार्थियों को भी संकट

लविवि के शोधार्थियों ने भी पंजीकरण शुल्क को लेकर अपनी समस्या साझा की है। जिसको लेकर एनएसयू आई के नगर इकाई अध्यक्ष प्रिंस प्रकाश का कहना है कि उन्होंने छात्रों की बढ़ती समस्याओं को लेकर लविवि प्रशासन और समाज कल्याण के निदेशक को पत्र भेजा है। जिसमें छात्रवृत्ति आवेदन सहित अन्य समस्याएं शामिल की गई हैं।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

# कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विश्वविद्यालय की कुलपति ने जाना हाल

▸▸ परीक्षा कक्ष को लेकर दिए प्राचार्यों को विशेष दिशा-निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। इसको लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय की कुलपति ने लखनऊ स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अवलोकन के दौरान महाविद्यालयों के प्राचार्यों को खास दिशा निर्देश भी दिए गए।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह सबसे पहले राजाजीपुरम स्थित महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय औचक निरीक्षण करने पहुंची। अपने बीच कुलपति को देखकर परिसर के भीतर अफरा-तफरी मच गई। काफी संख्या में छात्राएं जमा हो गईं। ऐसे में कुलपति की ओर से विशेष निर्देश प्राचार्य को दिए गए। सीसीटीवी के अलावा सचल दस्ते की जानकारी ली गई। बाद में कुलपति ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

प्राचार्य डॉ. अनुराधा तिवारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि छात्रों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में सहायता पटल भी स्थापित कराए जाएं। इन्हीं निर्देश और निरीक्षणों के दौरान कुलपति के साथ क्षेत्रीय केंद्र समन्वयक डॉ. निरांजलि सिंहा, डॉ. रश्मी अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 163 केंद्रों पर आयोजित हो रहीं परीक्षाएं

उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज की सत्र दिसम्बर-2023 की परीक्षाएं प्रदेश के 163 केंद्रों पर 2 जनवरी से आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। जिसको लेकर कुलपति ने कई परीक्षा केंद्रों के सिलसिलेवार निरीक्षण किया।



प्रधानाचार्य बनाए गए प्रवक्ताओं के साथ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण व समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत।

# प्रवक्ताओं की हुई पदोन्नति, बने प्रधानाचार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्य बनाए गए 13 शिक्षकों को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बधाई दी। बता दें कि प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त पड़े थे। इन विद्यालयों में काफी लंबे समय से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को 2004 की नियमावली के तहत प्रधानाचार्य बनाया गया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण बुधवार को समाज कल्याण निदेशालय पहुंचे और कहा कि प्रवक्ताओं के प्रधानाचार्य बनने से शिक्षण गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि जल्द अन्य विद्यालयों को भी स्थायी प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। इस दौरान समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत, उप निदेशक सिद्धार्थ मिश्र आदि मौजूद रहे।

**ये बने प्रधानाचार्य :** राधे श्याम चौधरी, नरेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार, बलराज सिंह, डॉ. वंदना त्रिवेदी, नविता यादव, वंदना त्रिपाठी, निर्मल चंद्र बाजपेयी, मान सिंह, सुशील दत्त, कालिका मौर्य, कमल राज पाल।

# 53 छात्रों में मिले दिव्यांगता के शुरुआती लक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा आशा आर्मी स्कूल में एक दिवसीय दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगों के अंगों का परीक्षण किया गया। 53 विद्यार्थियों में दिव्यांगता संबंधी प्रारंभिक लक्षण दिखाई दिए।

आयोजित कार्यक्रम में संयोजक अनुप्रिया त्रिपाठी ने कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांगता के प्रारम्भिक लक्षण एवं कृत्रिम अंग एवं प्रत्यंग की महत्ता के विषय पर विवि के छात्रों को जानकारी दी। साथ ही उन्हें प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स क्षेत्र में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के बारे में भी बताया। सहायक आचार्य प्रंजयन बिसवाल और कार्यक्रम की सह संयोजक सृष्टि सिंह ने संयुक्त रूप से प्रारम्भिक लक्षणों (चलन दिव्यांगता, सेरेब्रल पेल्सी आदि) की पहचान को लेकर विद्यार्थियों के पैर तथा रीढ़ की हड्डी का परीक्षण भी किया। कुल 53 विद्यार्थियों में दिव्यांगता प्रारम्भिक लक्षण दिखाई दिए। जिसको लेकर कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधा को प्रदान कर उचित उपचार किए जाने की बात कही गई। इस अवसर पर प्रो. डॉ. आरआर सिंह, डॉ. रणजीत कुमार सहित पुनर्वास विवि की गार्गी खरे, सहा. आचार्य सहित काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।



छात्र के अंगों का परीक्षण करते विशेषज्ञ।

# सीबीआई ने घूसखोरी में पीएनबी के शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केवीआईसी ऋण पास करने के लिए मांगी थी एक लाख रुपये घूस

**अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई। सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी। यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

## सार-संक्षेप



उद्घाटन के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को स्मृति चिन्ह देते संस्थान के जिम्मेदार।

### उप मुख्यमंत्री ने किया एड टेक प्लेटफार्म का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** एड टेक प्लेटफॉर्म का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा किया गया। जिसमें संस्थान के जिम्मेदारों द्वारा सरकारी परीक्षाओं की बिन्दुवार जानकारी दी गई। केंद्र के उद्घाटन के दौरान उपस्थित फिजिक्स वाला के वरिष्ठ अधिकारी प्रशांत सोनी ने बताया कि संस्थान एसएससी, बैंकिंग, यूपीएसएसएससी, उत्तर प्रदेश पुलिस, रेलवे, शिक्षण, बीमा और रक्षा क्षेत्र की परीक्षाओं के लिए तैयारी कराएगा। बताते हैं कि ऑफलाइन केंद्रों के विस्तार के हिस्से के रूप में और अधिक केंद्र शुरू करने की भी योजना बना रहा है। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित उप मुख्यमंत्री को संस्था के अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### संपत्ति का ब्योरा देने पर ही मिलेगी डॉक्टरों को प्रोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड एक चिकित्सकों को मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा। जो डॉक्टर ब्योरा नहीं देंगे, उन्हें एक जनवरी 2024 के बाद में होने वाली विभागीय प्रोन्नति में शामिल नहीं किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ .राजा गणपति ने प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत सभी अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 11 फरवरी तक सभी चिकित्साधिकारियों को विवरण अपलोड करना है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिनस्थ चिकित्साधिकारियों की संपत्ति का ब्योरा अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करायें।

### प्रयागराज के अधिशासी अभियंता समेत सात निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज के अधिशासी अभियंता व दो उप खंड अधिकारियों समेत सात बिजली कर्मियों को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल के निर्देश पर निलंबन की कार्रवाई की गई। 30 केवीए इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग स्टेशन में बिजली कनेक्शन देरी से जारी करने व बिना मीटर के कनेक्शन जारी करने पर विद्युत वितरण खंड प्रथम प्रयागराज के अधिशासी अभियंता ऋषि पाल सिंह समेत एक उपखंड अधिकारी, दो अवर अभियंता व एक तकनीशियन को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इसके अलावा 630 केवीए ट्रांसफार्मर के बार-बार क्षतिग्रस्त होने, क्षतिग्रस्त होने पर समय से बिजली आपूर्ति बहाल न करने व उच्चाधिकारियों को जानकारी न दिए जाने के कारण उपखंड अधिकारी मऊ व अवर अभियंता मऊ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### लखनऊ व दिल्ली से सीधे नेपाल के लिए चलेंगी बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से सीधे नेपाल जाने के लिए उप्र परिवहन निगम द्वारा परिवहन सेवाएं जल्द ही शुरू होंगी। इससे नेपाल के साथ पर्यटन व व्यापारिक सम्बंधों को बढ़ावा मिलेगा। प्रथम चरण में नेपालगंज से लखनऊ के लिए पांच तथा नेपालगंज से दिल्ली के लिए पांच बसे रोजाना उपलब्ध होंगी। इसके लिए बसों के परमिटों को नेपाल से स्वीकृत कराया जा चुका है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बुधवार को बताया कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शन करने आ रहे हैं। सरकारी बस सेवा शुरू होने से नेपाल से आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा होगी। साथ ही भारत से भी श्रद्धालु नेपाल स्थित जानकी मंदिर एवं अन्य तीर्थस्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम का प्रयास है कि दोनों देश के नागरिक, इन देशों में स्थित तीर्थों एवं पर्यटन स्थलों पर तीर्थाटन कर सकें। परिवहन मंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में नेपाल के साथ ही अन्य पड़ोसी देशों के साथ भी इस प्रकार का अनुबंध करेगा। उन्होंने बताया परिवहन निगम द्वारा देवीपाटन क्षेत्र में रूपयेडीहा डिपो से दिल्ली एवं लखनऊ के लिए सीधी बस सेवाएं उपलब्ध करायेगा।



एसबीआई की विधानभवन शाखा के उद्घाटन के मौके पर मौजूद मुख्यमंत्री योगी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व अन्य। अमृत विचार

# मुख्यमंत्री ने किया एसबीआई की विधानभवन शाखा का उद्घाटन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधानभवन के गेट नंबर-9 पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का फीता काटकर उद्घाटन किया। बाद में मुख्यमंत्री ने शाखा का अवलोकन भी किया।यहां तैनात कर्मचारियों से मुलाकात की और यहां से जुड़ी जानकारी भी ली। इसके बाद उन्होंने समूह फोटो भी खिंचवाई। मौके पर मौजूद बैंक अधिकारियों ने प्रदेश भर में ओडीओपी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ललितेश यादव को 15 लाख का चेक दिया। बैंक के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी व बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहुंचाएं संदेश, कुपोषण का शिकार न हों बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार।

▸▸ निदेशक ने नवाचारों की सराहना कर बांटे प्रशस्ति पत्र

**अमृत विचार :** कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न हो, गांव-गांव यह संदेश पहुंचाएं। हम उन बारीकियों को समझें जहां बच्चों का शारीरिक विकास हो सके।

यह बातें बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंडलीय गोष्ठी में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कही।

उन्होंने आंगनबाड़ी कायाकल्प, ईसीसीई, सैम प्रबन्धन एवं अन्य विभागीय योजनाओं पर जोर दिया। कहां, सैम व मैम बच्चों को चिह्नित कर सामान्य श्रेणी में लाना है। यह तभी संभव है जब बच्चों का सही टीकाकरण, वजन, लंबाई नापने के साथ पोषाहार दिया जाए। आयोजन निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार सरनीत कौर ब्रोका ने किया। उन्होंने मंडल में किए गए नवाचारों की सराहना की और प्रशस्ति पत्र बांटे। प्रदेश में किए गए कार्यों पर प्रस्तुतीकरण दिया। यूनिसेफ से शशि ने आंगनवाड़ी केंद्रों के कायाकल्प के 18 इंडीकेटर्स पर तकनीकी डिजाइन व मार्गदर्शन सिद्धांतों पर चर्चा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ने अभियान को सफल बनाने की अपील की। यूनिसेफ की पोषण समन्वयक अनीता एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अलीगंज सुनीता राय ने मंच संचालन का काम किया।

# हार के बावजूद असम को नॉकआउट राउंड का टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

## वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट

▸▸ महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से हराया

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय महिला अंडर-23 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट राउंड के लिए मध्य प्रदेश ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया था। बुधवार को असम और हिमाचल प्रदेश के बीच दूसरी टीम का फैसला होना था। हालांकि दोनों ही टीमों को हार का सामना करना पड़ा। एक ओर जहां चंडीगढ़ ने असम पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।

वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से हरा दिया। हार के बावजूद अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज असम को 11 फरवरी से चेन्नई में होने वाले नॉकआउट राउंड का टिकट मिल गया। टूर्नामेंट के एक अन्य मुकाबले में केरल ने बिहार को सात विकेट से हराया।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में असम और चंडीगढ़ के बीच मुकाबला रोमांचक रहा। असम की रश्मि डे ने टास जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम शुरुआती झटकों से उबर न सकी और 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 169 रन का स्कोर ही खड़ा कर सकी। गायत्री गुरुंग ने 77 गेंदों पर 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। शिवानी ने 23 रनों का योगदान किया। चंडीगढ़ से रमीजा बेगम और ज्योति कुमारी ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में चंडीगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। आराधना ने 101 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 60 रन की शानदार पारी खेली और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। चंडीगढ़ ने 49वें ओवर में एक विकेट के शेष रहते रोमांचक जीत दर्ज की। गुलनाज ने 32 रन की उपयोगी पारी खेली। असम से रीमा चार विकेट लिए।

सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्राउंड में दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से शिकस्त दी और नॉकआउट राउंड से बाहर कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हिमाचल प्रदेश की टीम 45.3 ओवर में 152 रन बनाकर आउट हो गई। शिवानी सिंह और वासुवी ने 34-34 रन का योगदान किया। आरती केदार ने चार और खुशी ने दो विकेट झटके। जवाब में महाराष्ट्र ने 41.2 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत दर्ज की। खुशी ने 44 और श्वेता सावंत ने नाबाद 43 रन की पारी खेली। ललिता, साक्षी और सोनल को एक-एक विकेट मिला।

इकाना स्टेडियम के बी ग्राउंड में हुए मुकाबले में केरल ने बिहार को सात विकेट से हराया। बिहार की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 135 रन पर सिमट गई। प्रगति सिंह ने 52 रनों की पारी खेली। अजन्य ने 19 और नजला ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। जवाब में केरल ने ठोस शुरुआत की और 32.2 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत दर्ज की। उर्वशी ने नाबाद 55 और मानस्वी ने 29 रन की पारी खेली।

# बच्चों को दी गुड और बैड टच की सीख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुड और बैड टच क्या होता है, नियम- कानून के चलते अपराधियों को सजा कैसे दिलाई जाए। ये सबकुछ साझा करने का कार्य लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब की टीम ने दिनकरपुर माध्यमिक विद्यालय में किया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अभिभावकों को भी जागरूक किया गया।

बुधवार को माध्यमिक विद्यालय दिनकरपुर में प्रो बोनो क्लब के प्रोफेसर डॉ. बीडी सिंह और डॉ. आलोक कुमार यादव अपने संकाय के छात्रों के साथ उपस्थित थे। विद्यालय में उपस्थित छात्र - छात्राओं को गुड टच और बैड टच संबंधी जानकारी क्लब संयोजक मनीष तिवारी और संकाय की छात्राओं ने दी। बच्चों के बीच पॉक्सो एक्ट संबंधी जानकारी साझा की। इस दौरान उपस्थित छात्राओं के अभिभावकों के बीच तमाम सी जानकारियां साझा की गईं।

### शिक्षक भी बनें संवेदनशील

विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को समझाया गया कि विषम परिस्थितियों में छात्रों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उनके साथ खड़े रहना होगा। जागरूकता संबंधी जानकारी भी समय-समय पर दी जानी आवश्यक है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम Baboo से बदलकर Baboo Khan कर लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o PALE, ADD- N. NO. NAYA VILL- MOHAMMADPUR PARSA DEHARIYA, BHINGA SHRAWASTI - 271831 (U.P.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड अब अपने नये कार्यालय में 1 जनवरी 2024 से निम्न पते पर तारादेवी सिंह के मकान लखनऊ गोण्डा रोड जरवल रोड बहराइच से संचालित किया जा रहा है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। **– मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, कार्यदेशक राजकीय आद्योगिक संस्थान हरदोई। निवासी–396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना– सहादतगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम मुन्ना दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक पास बुक में मेरा नाम मुन्ना राव दर्ज है। मुन्ना राव एवं मुन्ना दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे मुन्ना राव के नाम से ही जाना जाये। **मुन्ना राव सुत रामजीत निवासी ग्राम जगदीशपुर, पो0 व थाना– अखण्ड नगर जनपद सुल्तानपुर।**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा जायद आरिफ पुत्र आरिफ खान दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मोहम्मद आरिफ खान दर्ज है जो सही है।अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। जायद आरिफ पुत्र मोहम्मद आरिफ खान निवासी– ब्राह्मणी ओला बिसवां जिला–सीतापुर

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1787938 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1338154 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुप्रियम पुत्र श्री कमलेश सिंह निवासी मोहल्ला लोहिया नगर, वार्ड नं. 4 दिबियापुर औरैया।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। **– अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी– बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 1095900 अंकपत्र व प्रमात्रपत्र तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0356636 अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुशील कुमार सामनाड़ी पुत्र श्री प्रीतमदास एफ.एन.5–2, पी.एन. 298 ए, शास्त्री नगर यूटीसी हंसनगर कानपुर नगर– 208005**

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम गौरी शंकर केडिया पुत्र छेदी लाल केडिया दर्ज है, जो गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम छेदी लाल दर्ज है जो सही है। अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरे पिता का सही नाम ही पढ़ा व समझा जाए। गौरी शंकर केडिया पुत्र छेदी लाल निवासी–महाराजा गंज मास्टर कॉलोनी बिसवां जिला– सीतापुर

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि सन्दीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2709379 है। मैंने वर्ष 2020 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया था। संदीप कुमार यादव पिता आत्मा राम यादव ग्राम संतरीदास कुट्टी बदरौली कैसरगंज जिला बहराइच का निवासी है।

**Notice**

I, Mrs. Safrun, wife of Mr. Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, state the following: My husband's previous name was Firdosh, and his passport was issued under this name. My husband's recorded name is Firdosh, and this same name is also mentioned on his Aadhaar card, PAN card, etc. My husband is now known and recognized by his official name, Firoz. Mrs. Safrun, wife of Firoz, residing in the village Bhanpur, post Hariharpur, tehsil and district Bahraich, Uttar Pradesh

## एक नजर

### आंगनबाड़ी केंद्र सचिव को नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी के कौड़ियामऊ में विकास कार्यों में धांधली की शिकायत पर जांच की तो आंगनबाड़ी केंद्र में पीली ईंट पाई गई। इससे गुणवत्ता खराब होने की आशंका जताई। जबकि अन्य विकास कार्यों की जांच में कमी नहीं मिली। इस पर डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर ने संबंधित सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### प्रयागराज के लिए चलेंगी अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेले के लिए बसों का संचालन राजधानी के चारों बस अड्डों से किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी ने बताया कि माघ मेले को लेकर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जा रही है। सबसे अधिक बसें आलमबाग बस टर्मिनस से संचालित की जाएंगी। इसके अलावा चारबाग, अवध और कैसरबाग बस अड्डे से भी हर आधे घंटे पर प्रयागराज के लिए बस सेवा मिलेगी। जल्द ही सभी रूटों पर जाने वाली बसों की समय सारिणी जारी कर दी जाएगी।

### पार्षद व अधिकारी कल चेन्नई और हैदराबाद के दौरे पर जाएंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता रैंकिंग में लगातार पिछड़ने के बाद अब नगर निगम पार्षदों और अधिकारियों को चेन्नई के साथ हैदराबाद की सैर कराएगा। नगर निगम की 12 सदस्यीय कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष, सदस्य और अधिकारी शुक्रवार को महापौर सुषमा खर्कवाल के साथ दौरे पर जाएंगे। यहां सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के गुर सीखेंगे। सफाई व्यवस्था और कूड़ा प्रबंधन में सुधार के लिए वहां अपनायी जा रही नवीन तकनीक की जानकारी दी जाएगी। उनके साथ अपर नगर आयुक्त भी रहेंगे। इसके बाद अन्य पार्षदों को भी बारी-बारी से भेजा जाएगा। कूड़े से बिजली बनाने के लिए हैदराबाद में लगे प्लांट को भी देखेंगे। नगर निगम के आठ में से पांच जोन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन से लेकर कूड़ा प्रबंधन का टेंडर पाने वाली कंपनी रामकी इन्हें ले जा रही है। इससे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलेगी।

# मीटर रीचार्ज के लिए परीक्षार्थी लगा रहे गुहार

## कई उपकेंद्रों पर सर्वर डाउन और तकनीकी कारणों से रीचार्ज नहीं हो पा रहे प्रीपेड मीटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- रीचार्ज के लिए उपकेंद्रों के चक्कर लगा रहे 50 हजार उपभोक्ता
- लेसा अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रही व्यवस्था

**अमृत विचार :** साहब, कई दिनों से मीटर रीचार्ज के लिए उपकेंद्र के चक्कर लगा रहे हैं। मीटर रीचार्ज नहीं हो रहा है। बिटिया के पेपर होने वाले हैं। कर्मचारी कभी सर्वर डाउन की बात करते हैं या फिर अन्य तकनीकी कारण बताते हैं। तो कभी एक काउंटर से दूसरे काउंटर टहलाते हैं। इसके कारण मीटर रीचार्ज नहीं हो पा रहा है।

मीटर रीचार्ज की समस्या को लेकर उपभोक्ता उपकेंद्रों पर चक्कर लगाकर थक गए हैं। वह कर्मचारियों की मनमानी व टालमटोल के रवैये की शिकायत के साथ अपनी समस्या अधिकारियों के सामने रख रहे हैं। लेकिन कोई फायदा नहीं हो रहा है। यह कहना है उन उपभोक्ताओं का जो अपने घरों में लगे प्रीपेड मीटर को रीचार्ज कराने के लिए उपकेंद्रों पर भटक रहे हैं। लेसा अधिकारियों के अनुसार उपभोक्ताओं की इस समस्या को गंभीरता से लिया गया है। इसे दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। ताकि सर्वर डाउन और अन्य तकनीकी खामियों के बाद भी उनके मीटर को रीचार्ज किया जा सके। राजधानी में तकरीबन 50 हजार उपभोक्ता इस समस्या से जूझ रहे हैं।

> मीटर रीचार्ज के लिए उपभोक्ताओं को ज्यादा इंतजार न करना पडे, इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। सर्वर डाउन से लेकर तकनीकी खामी होने के बाद भी जल्द ही मीटर को रीचार्ज किया जा सकेगा। इसके लिए हर उपकेंद्र पर जरूरी उपाय किए जा रहे हैं।
>
> –सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

प्रीपेड, स्मार्ट मीटरों को रीचार्ज कराने के लिए उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कभी सर्वर डाउन रहता है तो कभी तकनीकी खामी आ जा रही है। इसके कारण उपभोक्ताओं का प्रीपेड मीटर रीचार्ज नहीं हो पा रहा है। बीकेटी, सरोजनीनगर, चौक, गोमती नगर विस्तार, नादरगंज, यहियागंज सहित कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को उपकेंद्र पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। अहिबरनपुर उपकेंद्र पर मीटर रीचार्ज कराने आए सुनीत ने बताया कि विभाग ने घर में प्रीपेड मीटर तो लगा दिए। लेकिन उनको रीचार्ज के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की है। यहां आए दिन तो सर्वर ही डाउन रहता है।

हम लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बच्चों के पेपर होने वाले हैं, उनकी पढ़ाई कैसे हो, इससे बिजली अधिकारियों को क्या मतलब। कर्मचारी दूसरे उपकेंद्र पर रीचार्ज की बात कहकर निकल जाते हैं। सरोजनी नगर के रामकृपाल सिंह ने कहा कि जब भी मीटर रीचार्ज के लिए आते हैं तो कोई न कोई समस्या यहां बनी रहती है। सुबह से कर्मचारी का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन लंच टाइम भी नहीं हुआ है और रीचार्ज के लिए कर्मचारी ही नहीं मौजूद हैं। सिर्फ इंतजार कर सकता हूं।

### उप नगरीय बसों से सड़क पर लग रहा जाम

**अमृत विचार, लखनऊ:** अवध चौराहे से दुबग्गा जाने वाली ऑटो- टेम्पो स्टैंड का संचालन शुरू होने से यात्रियों को खासी राहत मिली। बाराबिरवा चौराहे पर नगर निगम की निर्धारित पट्टी में ऑटो-टेंपो चालकों ने यात्री भरने शुरू किए। स्टैंड पर व्यवस्थित ढंग से संचालन के लिए चार वर्दीधारी यातायात सहायक और दो सुपरवाइजर की तैनाती की गई है। चौराहे पर उपनगरीय बसों के कारण यात्रियों और ऑटो-चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा के महामंत्री राजेश राज ने बताया कि उपनगरीय बस चालक टेम्पो स्टैंड के आगे ही बसों को खड़ी कर सवारियां भरने लगे, जिससे जाम की स्थिति बनी रही। इसको लेकर स्टैंड संचालक और टेम्पो ड्राइवरों के बीच छिटपुट झड़प भी हुई। यूनियन के महामंत्री ने बताया कि गुरुवार को बाराबिरवा चौराहे से वीआईपी रोड पर भी निर्धारित स्थान पर संचालन शुरू कराया जाएगा। इसके लिए पहले से ही कृष्णानगर पुलिस को जानकारी दे दी गई है।

# भू-माफिया ने वृद्धा से गुंडा टैक्स में मांगे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्थानीय पुलिस और विभागीय अफसरों ने नहीं की सुनवाई
- कोर्ट के आदेश पर 12 के खिलाफ दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** वृद्धा ने भू-माफिया पर असलहा तान 20 लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि वह अपने प्लाट में निर्माण करा रही थी। इसी दौरान आरोपियों ने गाली गलौज कर निर्माण बंद करा दिया। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

चौक थाना अंतर्गत दुबग्गा निवासी नूरजहां पत्नी रफीक अहमद ने बताया उसने भूखंड खरीदा था। जिस पर निर्माण कराना शुरू किया तो काकोरी के रहमान खेड़ा निवासी मुखलिस रहमान समेत 10 से 12 लोग पहुंचे और गाली गलौज कर निर्माण बंद करा दिया। फोन के बाद भी स्थानीय पुलिस नहीं आयी थाने में भी सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि कुछ दिन बाद दोबारा प्लाट में निर्माण शुरू कराने पहुंची तो असलहों से लैस आरोपी फिर पहुंच गए। रहमान ने गुंडा टैक्स के रूप में 20 लाख रुपये देने को कहा। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी भू-माफिया हैं। उनसे जान माल का खतरा है। पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आदेश दिया है। इंस्पेक्टर चौक अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कन्हैया माधौ निवासी उमेश रावत, नंद लाल, सुजीत रावत समेत 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### सृष्टि अपार्टमेंट में कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह नोंचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सृष्टि अपार्टमेंट के आस-पास आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को आवारा कुत्तों ने सात साल के बच्चे को बुरी तरह नोंच डाला। कुत्तों के हमले से बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। सृष्टि अपार्टमेंट और आस-पास लगभग एक दर्जन लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। शिकायत के बाद बुधवार को नगर निगम की कुत्ता पकड़ने वाली टीम मौके पर पहुंची। टीम दिन भर वहां रही लेकिन एक कुत्ता पकड़ में आया। बताया जा रहा है कि वहां लगभग एक दर्जन कुत्तों का आतंक है। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि टीम लगातार कुत्ते पकड़ने जाएगी। टीम ने एक कुत्ता पकड़ लिया है। जिसे एक सप्ताह तक निगरानी में रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि वहां कुछ पशु प्रेमी हैं जो कुत्ता पकड़ने का विरोध करते हैं।

# 54 .21 लाख लोगों को खिलाई जाएगी फाइलेरिया रोधी दवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 फरवरी से 5400 टीमें घर-घर जाकर खिलाएंगी दवा

**अमृत विचार :** लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 5400 टीमें लगाई गई हैं। टीम में शामिल कार्यकर्ता बनाए गए बूथों व लोगों के घर-घर जाकर अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा आइवरमेक्टिन, डाईइथाइल कार्बामजीन और एल्बेन्डाजोल खिलाएंगे। साथ ही लोगों को इस बीमारू से बचाव को लेकर जागरूक करेंगे। यह जानकारी बुधवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरएन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिले की करीब 54.21 लाख आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य है।

#### ग्रामीण क्षेत्र में फाइलेरिया के मरीज अधिक

डॉ. आरएन ने बताया कि जिले में करीब ढाई हजार मरीज फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित हैं। सबसे अधिक मरीजों की संख्या माल, मलिहाबाद और मोहनलालगंज क्षेत्र में है। दवा सेवन कराने के लिए सभी मेडिकल कॉलेजों, चिकित्सालयों के अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय, पराग डेरी, ज्ञान डेरी तथा अमूल डेरी में बूथ भी लगाए जाएंगे।

### सामूहिक विवाह के एक हजार जोड़ों का लक्ष्य घटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले को मिला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का एक हजार जोड़ों का लक्ष्य घटाकर कन्नौज, रामपुर व शामली को अवंटित किया गया है। जो पिछले वर्ष की अपेक्षा गलती से अधिक आवंटित हुआ था। जिसकी पूर्ति करना विभाग के लिए मुश्किल था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के लिए जिले को पिछले वर्ष की तरह 1200 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य मिलना था। जो गलती से 2200 जोड़ों का लक्ष्य आवंटित हो गया। लक्ष्य अधिक होने पर समाज कल्याण निदेशालय ने इसमें 1000 जोड़ों का लक्ष्य कम कर कन्नौज, शामली व रामपुर को आवंटित कर दिया है। अब 1200 जोड़ों के लक्ष्य के हिसाब से नवंबर व जनवरी में समाज कल्याण विभाग ने 372 जोड़ों का विवाह कराया है। इसी क्रम में 14 फरवरी को 250 का विवाह कराने की तैयारी है।

# अस्पताल में ही ढूंढे जा रहे आयुष्मान मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- बलरामपुर अस्पताल में बनाई गई टीम, बढ़ रही मरीजों की संख्या

**अमृत विचार :** शहर के सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान मरीजों की संख्या न बढ़ने की वजह मरीजों में जागरूकता का अभाव होना है। ऐसे में बलरामपुर अस्पताल प्रशासन ने एक टीम गठित कर अस्पताल के अन्य वार्डों में आयुष्मान लाभार्थी मरीजों की तलाश करा रहा है। इस प्रक्रिया से मरीजों की संख्या तीन से चार गुना तक बढ़ गई है।

दरअसल आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थी का पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त होता है। यह व्यवस्था सभी सरकारी अस्पतालों व संस्थानों के अलावा कुछ निजी अस्पतालों में भी है। इलाज में आने वाला खर्च सरकार की ओर से अस्पताल को दिया जाता है। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान के लाभार्थी मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। इनको इलाज के साथ ही खाने के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी अन्य मरीजों की अपेक्षा अलग है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह का कहना है कि सरकार की मंशा स्वरूप आयुष्मान के मरीजों को अधिक से अधिक चिकित्सा लाभ दिलाया जा सके, इसके लिए उन्होंने एक टीम गठित की है। यह टीम अस्पताल के अन्य वार्डों में जाकर मरीजों से आयुष्मान कार्ड होने के बारे में जानकारी लेती है। साथ ही उसके लाभ के प्रति जागरूक करती है। इससे अस्पताल के अन्य वार्ड में ही आयुष्मान मरीज आसानी से मिल है रहे हैं। इस प्रक्रिया से जहां अभी तक अस्पताल में सिर्फ तीन या चार ही मरीज महीने भर में आते थे, अब संख्या बढ़कर 15 के करीब पहुंच गई है। इससे अस्पताल को भी इस योजना के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिलता है।

# डॉक्टरों की भर्ती के लिए हुए साक्षात्कार का परिणाम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमओ ऑफिस में 17 जनवरी को हुआ था साक्षात्कार

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर नियुक्ति के लिए सीएमओ ऑफिस में 17 जनवरी को आयोजित हुए डॉक्टरों के साक्षात्कार का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया। चयनित डॉक्टरों को ज्वाइनिंग के लिए विभाग में बुलाया गया है।

सीएमओ के अधीन 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन होना है। अभी करीब 75 केंद्र चल रहे हैं। जहां पर डॉक्टर व स्टॉफ तैनात हैं। एनएचएम ने बीते साल दिसंबर माह में 33 नए केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग ने नए केंद्र शुरू करने के लिए डॉक्टरों के चयन की प्रक्रिया शुरू कराई है। इसमें 81 नए डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें 41 डॉक्टर सीएमओ के अधीन तैनात होंगे। जबकि बाकी बचे डॉक्टर बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, ठाकुरगंज, बीआरडी महानगर समेत अन्य अस्पतालों में भेजे जाएंगे। 17 जनवरी को आयोजित हुए साक्षात्कार में 51 एमबीबीएस डॉक्टर साक्षात्कार देने पहुंचे थे।

# तबादले में जेडएसओ करवा लिया पदनाम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- हस्ताक्षर से पहले नगर आयुक्त ने पकड़ा फर्जीवाड़ा

**अमृत विचार :** नगर निगम में तैनात सेनेटरी फूड इंस्पेक्टर (एसएफआई) ने अधिष्ठान विभाग की मिलीभगत से तबादला आदेश में अपना पद जोनल सेनेटरी ऑफिसर (जेडएसओ) अंकित करवा लिया। पत्र जारी होने के बाद अंतिम अनुमोदन से पहले नगर आयुक्त ने फर्जीवाड़ा पकड़ लिया। नया आदेश जारी करते हुए मूल पद पर भेज दिया। इसके अलावा जोन छह में तैनात एसएफआई ने भी जोन एक में तबादला होने के बाद जेडएसओ दर्ज करवा लिया।

नगर निगम जोन एक में कुलदीपक सिंह काफी समय से जोनल सेनेटरी ऑफिसर के पद पर तैनात था। सफाई कर्मचारियों ने नगर विकास मंत्री के आवास के पास कूड़ा गाड़ी के पास प्रदर्शन किया था।

इस मामले में कुलदीपक का तबादला जोन एक से छह में किया गया था। तबादला आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले नगर आयुक्त ने फर्जीवाड़ा पकड़ लिया। खुलासा होने पर नगर आयुक्त ने सख्त हिदायत देते हुए नया आदेश जारी करवाया है। अब जोन एक व छह के जोनल अधिकारी ही जेडएसओ का काम देखेंगे।

### दुकानों का पट्टा नवीनीकरण की रखी मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू पदाधिकारियों के साथ बुधवार को कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर से मिले। इस दौरान कैंट के विषयों पर चर्चा की और 14 व 24 दुकानों के पट्टे नवीनीकरण के लिए ज्ञापन दिया। मुख्य अधिशासी अधिकारी ने आश्वासन दिया। यह भी बताया कि नेहरू रोड स्थित 72 दुकानों के ऊपर फर्स्ट फ्लोर का जल्द निरीक्षण करेंगे और वहां दुकानें बनवाई जाएंगी। यह भी कहा सदर रेलवे क्रासिंग के नीचे सबवे बनाने के लिए रेलवे डीआरएम को पत्र लिखकर मांग करेंगे। कैंट में 10 फरवरी से रात 10 से 1 बजे तक सफाई कार्य कराया जाएगा। इस दौरान पदाधिकारी महामंत्री सुनील वैश्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंत्री विपिन दयाल, टेजपाल सिंह रोमी, गोपाल कृष्ण गुप्ता व छावनी परिषद के पूर्व पार्षद मौजूद रहे।



कैंट बोर्ड में मुख्य अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देते सदर व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### सिविल अस्पताल में टोकन डिस्प्ले खराब नंबर को लेकर मरीजों में नोकझोंक

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में एक्स-रे कक्ष की टोकन डिस्प्ले खराब होने से मरीज अपनी बारी को लेकर आपस मे नोकझोंक करते हैं। मरीजों का आरोप है कि कर्मचारी उनके नंबर पर अपने जानने वालों का एक्स-रे पहले करवा देते हैं। क्योंकि डिस्प्ले पर नंबर नहीं चल रहा इसलिए उसका क्या नंबर है, इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है। सिविल अस्पताल में रोजाना करीब साढ़े तीन हजार मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं, इसके अलावा डिजिटल और मैनुअल दोनों एक्स-रे मशीन में एक हजार के करीब एक्स-रे किए जाते हैं। लेकिन टोकन डिस्प्ले खराब होने के कारण एक्स-रे कराने आ रहे मरीजों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। उन्हें अपना नंबर पता नहीं चलता इस कारण घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है। इसको लेकर बुधवार को भी मरीजों व तीमारदारों के बीच नोकझोंक हुई। इस मामले में अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील भारती का कहना है कि जल्द ही डिस्प्ले मशीन ठीक करवा दी जाएगी।

# जल निगम कर्मियों ने किया सत्याग्रह आंदोलन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रतिमाह वेतन व पेंशन का भुगतान करने की मांग की
- मुख्यालय पर किया प्रदर्शन मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार :** जल निगम कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के आह्वान पर राणा प्रताप मार्ग स्थित जल निगम मुख्यालय पर सत्याग्रह आंदोलन किया गया।

कर्मचारियों एवं पेंशनरों ने प्रदर्शन के माध्यम से विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन भेजा। आम सभा में कर्मियों व पेंशनरों में आक्रोश दिखा। उनका कहना था कि 9 सितंबर 2021 को जल निगम को नगरीय एवं ग्रामीण दो भागों में बांट दिया गया लेकिन वित्तीय स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका। हर घर को नल से जल कार्यक्रम से जल निगम ग्रामीण की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन जल निगम नगरीय की स्थिति सुधरने की बजाय और खराब हो गयी। समिति के संयोजक डीपी मिश्रा ने कहा कि 24 हजार कर्मी घटर मात्र 6,500 रह गए हैं। न सातवां वेतनमान लागू किया और न छठे वेतनमान का एरियर दिया। डिप्लोमा इंजीनियर्स संगठन के महामंत्री गिरीश कुमार और कर्मचारी महासंघ के महामंत्री आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि अब हम चुप बैठने वाले नहीं हैं। जल निगम नगरीय में पांचवां माह शुरू हो जाने पर अभी तक वेतन व पेंशन नहीं दिया गया। समिति के सलाहकार वाईएन उपाध्याय ने कहा कि उनकी सरकार से मांग है कि नियमित रूप से प्रतिमाह वेतन व पेंशन का भुगतान किया जाए। धरने के दौरान इलाहाबाद, मिर्जापुर, वाराणसी, बलिया, आजमगढ़, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर, बांदा, झांसी, आगरा, इटावा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली आदि में सभाएं आयोजित की गयीं।




**कार्यक्रम** — केजीएमयू के क्रिटिकल केयर विभाग में तीन दिवसीय प्रिसीजन मेडिसिन एंव इंटेंसिव केयर कार्यशाला की शुरुआत

# आईसीयू में रेस्पॉन्स टाइम में बेहतर इलाज के दिए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के क्रिटिकल केयर विभाग में आयोजित कार्यशाला में शामिल चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्रिटिकल केयर विभाग में तीन दिवसीय प्रिसीजन मेडिसिन एवं इंटेंसिव केयर कांफ्रेंस (पीएमआईसी) की शुरुआत बुधवार को की गई। हालांकि इसकी औपचारिक शुरुआत गुरुवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे।

कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने पर्सनलाईज्ड मैकेनिकल वेंटिलेशन इन आईसीयू विषय पर मरीज को बेहतर इलाज देने के सुझाव दिए। कैंसर संस्थान में निश्चेतना विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इंदुबाला मौर्या ने आईसीयू में मैकेनिकल वेंटीलेशन की शुरुआत कैसे करें इसका बुनियादी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। एसजीपीजीआई में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र सिंह चहर ने वेंटिलेटर पर मरीज की निगरानी कैसे करें इसकी बारीकियां बताई। लोहिया संस्थान में पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के डॉ. हेमंत कुमार ने हाईपरकेपनिक श्वसन विफलता वाले मरीज को वेंटिलेटर पर इलाज देने संबंधित जानकारी साझा की। इसके अलावा कार्यशाला में शामिल डॉ. मुस्तहसीन मलिक, डॉ. हैदर अब्बास, डॉ. अंबुज यादव, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. सचिन कुमार, डॉ. जिया अरशद, डॉ. मधुमिता, डॉ. डीके पटेल आदि ने भी गंभीर मरीजों को इलाज देने संबंधित बारीकियों को साझा किया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** पारा इलाके के खुशहाल गंज निवासी तौफीक ने बताया कि मंगलवार को बिजनौर बाजार निमंत्रण में आया था। रास्ते में बाइक को लेकर अमन, सुहैल और साहिल गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसे डंडे और बेल्ट से पीट दिया। पिटाई से वह गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोगों के आते ही आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। इंस्पेक्टर बिजनौर ने बताया तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### युवक को पीट कर तीन हजार रुपये लूटने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता सुनील कुमार अवस्थी ने बताया 5 जनवरी को न्यायालय में एक मुकदमे की पैरवी कर रहे थे। वेद प्रकाश गुप्ता ने उक्त मुकदमे की पैरवी से हटने की बात कही। इनकार करने पर मारपीट करने लगे। आरोपी उसकी जेब से तीन हजार रुपये भी लूट लिये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया वेद प्रकाश गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### रुपयों के विवाद में घर में घुसकर धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सेक्टर-आई निवासी राहुल यादव ने प्रसून तिवारी के अलावा उसके दोस्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसने प्रसून से 1800 रुपये उधार लिए थे। तय समय पर पीड़ित ने यूपीआई के जरिए रुपये वापस कर दिए थे। बावजूद इसके आरोपी अपने दोस्तों के लेकर उनके घर पहुंचा। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।

# एनेक्सी भवन के तीसरे तल पर आग लगने से भगदड़

## पूर्व में भी दूसरी मंजिल पर लग चुकी है आग, दमकम कर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) में लगी आग के चलते काली हुई दीवार को साफ करता श्रमिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हजरतगंत कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) भवन में बुधवार को आग लगने से भगदड़ मच गई। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। एनेक्सी भवन में यह आग मुख्यमंत्री के कार्यालय के ठीक नीचे के फ्लोर में लगी।

सीएफओ (मुख्य अग्निशमन अधिकारी) मंगेश कुमार के मुताबिक, लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी) के तीसरे तल में आग लग गई थी, आग लगते ही एनेक्सी में मौजूद फायर अलार्म बजने लगा। जिसके चलते कार्यालय में मौजूद कर्मी व अधिकारी भवन से बाहर निकले। इसके बाद लोगों ने फौरन दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर आग लगने की सूचना दी। जानकारी मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकल कर्मी चार फायर टेंडर लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सीएफओ ने बताया कि हाइड्रोलिक की मदद से दमकल कर्मी तीसरे तल पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया। प्रथम दृष्टया में सामने आया कि ऑयल हीटर या ब्लोअर में शॉर्ट सर्किट हुआ और वहां रखे सोफे में आग लग गई। हालांकि आग विकराल रूप लेती, इससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। सूत्रों की मानें तो, एनेक्सी भवन के पांचवें तल पर मुख्यमंत्री का भी कार्यालय है, जहां वर्तमान सीएम योगी आदित्यनाथ किसी-किसी मौके पर बैठते हैं।

### 2018 में गृह सचिव के कमरे में लगी थी आग

गौरतलब है कि वर्ष 2018 में एनेक्सी के द्वितीय मंजिल पर स्थित गृह सचिव के कमरे में एसी के पैनल में अचानक आग लग गयी थी। हालांकि जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया है। जिस वक्त यह आग लगी थी उस समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी एनेक्सी में मौजूद थे।

# जालसाजों ने जाली चेकों से दो खातों से उड़ाए 20.16 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड थाने में बीओबी के प्रबंधक ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक तपन सिन्हा ने विभूतिखंड थाने में तहरीर दी। क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक शाखाओं के चेक उनके पास स्कैन्ड चेक भेजे जाते हैं। 10 चेक सर्विस ब्रांच से आये। यह चेक प्रतापगढ़ जनपद के ढकवा शाखा के खाता धारक प्रमोद कुमार के नाम से जारी किए गए थे। इस चेक को आरोपियों ने डीसीबी बैंक दिल्ली, सिटी यूनियन बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक से अलग-अलग तारीखों में भेजे थे।

बताया कि 16.24 लाख के दस चेक 23 फरवरी 2023 से आठ मार्च के बीच बैंक ने पास कर दिए थे। तीन जून को खाता धारक प्रमोद कुमार ने सूचना दी कि उन्होंने कोई चेक जारी नहीं किए थे। जांच में पता चला कि पास हुए सभी चेक संख्या खाता धारक के पास हैं। जबकि जाली चेक मिथलेश गिरी, पंकज कुमार और शिवा राय के नाम से जारी हुए थे। वहीं, भटनी शाखा के खाताधारक छेदीलाल के खाते से दो चेक जारी हुए थे। 3.92 लाख के चेक डीबीएस बैंक नई दिल्ली के माध्यम से सर्विस ब्रांच में अलग-अलग तारीखों में भेजे गये थे। जो राजेश कुमार और अरुण कुमार के नाम से जारी थे। यह चेक बैंक ने पास कर दी थी। 26 मई को छेदीलाल ने बैंक में शिकायत कि उन्होंने कोई चेक जारी नहीं किए फिर भी उनके खाते से रुपये निकल गए। प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने थाने में तहरीर दी थी। सुनवाई नहीं होने पर कोर्ट में वाद दायर किया था। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया मिथलेश गिरी, पंकज कुमार, शिवा राय, अरुण कुमार और राजेश कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। बैंक से मामले का पूरा ब्योरा मांगा गया है।

# पहली पत्नी को छोड़ा, दूसरी को घर से भगाया, रहने लगा तीसरी के साथ

संवाददाता, लखनऊ/ आलमबाग

- दूसरी पत्नी ने निजी अस्पताल संचालक पर मोहनलालगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट
- पहली पत्नी को मृत बता दूसरी को प्रेम जाल में फंसाकर विवाह करने का लगा आरोप

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज इलाके में रहने वाले निजी अस्पताल संचालक का पहली पत्नी को मृत बता, दूसरी युवती को प्रेमजाल में फंसा विवाह के एक साल बाद पीटकर भगाने और तीसरी महिला संग रहने का कारनामा सामने आया है। पहली पत्नी के घर लौटने पर दूसरी पत्नी ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

मोहनलालगंज साईं लाइफ हास्पिटल के संचालक लल्ला सिंह के खिलाफ उनकी दूसरी पत्नी ने तहरीर दी। पीड़िता के मुताबिक लल्ला की 2019 में उससे मुलाकात हुई थी। उसने बताया था कि पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। झांसे में आकर उसने लल्ला से शादी कर ली। बात में पता चला कि पहली पत्नी को छोड़ दिया था, जो कहीं और रहती है। पीड़िता के मुताबिक इसके बाद लल्ला उसे भी प्रताड़ित करने लगा। लल्ला सिंह अप्राकृतिक शोषण करता, विरोध करने पर मारपीट करता था। इस बीच गर्भवती हुई तो जबरन गर्भपात करा दिया। महिला का कहना है कि प्रताड़ना का विरोध करने पर पिछले वर्ष उसे पीटकर घर से भगा दिया। पीड़िता ने न्यायालय में गुजारा भत्ता की अर्जी दी थी। इस बीच पता चला कि आरोपी अब तीसरी महिला के साथ रह रहा है। इससे आक्रोशित होकर दूसरी पत्नी ने मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर लल्ला सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आरोपी का कल्ली पश्चिम में हॉस्पिटल संचालित है।

# ब्लू ट्रेडिंग और ब्लू मार्ट ने निवेशकों से 2.70 करोड़ हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एजेंटों को मोटी सेलरी और निवेशकों को अधिक ब्याज का झांसा देकर फंसाया
- कोर्ट के आदेश पर कंपनी डायरेक्टर समेत 10 पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** ब्लू ट्रेडिंग और ब्लू मार्ट इंटर प्राइजेज कंपनी में एजेंटों के माध्यम से निवेशकों को जोड़कर 2.70 करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। मोटी रकम जमा होते ही कंपनी संचालक गाजीपुर स्थित कार्यालय बंद कर लापता हो गए। कोर्ट के आदेश पर डायरेक्टर दंपति समेत 10 पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बाराबंकी के देवा निवासी मो. अहमद ने बताया कि वर्ष 2019 में नीलगिरी कॉम्प्लेक्स देवपुरी प्लाजा स्थित ब्लू ट्रेडिंग और ब्लू मार्ट के डायरेक्टर प्रवीण कुमार वर्मा से उनकी मुलाकात हुई थी। प्रवीण ने उसे कम्पनी के एजेंट की नौकरी निवेशकों से रुपये जमा कराने का जिम्मा सौंपा। झांसे में आकर मो. अहमद ने कंपनी में कई लोगों से 70.38 लाख रुपये निवेश कराये। प्रमोटर प्रमोद कुमार वर्मा उसे बाराबंकी में ब्लू मार्ट ऑफिस ले गए। जहां डायरेक्टर पत्नी अन्नपूर्णा, भाई रविंद्र कुमार वर्मा और साले अरुणिमा कुमार से मुलाकात कराई। तब अहमद ने परिचितों को एजेंट के रूप में जोड़ और 2 करोड़ का निवेश करा दिया। इसके बाद कार्यालय में ताला लगा आरोपी लापता हो गए। पीड़ित ने मैनेजर दिलीप से संपर्क किया तो धमकी दी गई। 2.70 करोड़ की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, पर सुनवाई नहीं हुई। तब कोर्ट की शरण ली। गाजीपुर थाने में प्रमोद कुमार वर्मा, पत्नी अन्नपूर्णा, अरुणिमा, प्रवीण कुमार वर्मा, दिलीप शा, उनकी पत्नी अर्पिता, धनश्याम यादव, सुब्रत मुखर्जी, सागर घोष, रविंद्र वर्मा और पांच अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर विकास राय ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, बुद्धविहार कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार ने बस्ती जनपद के पोखरनी निवासी कृष्णालाल यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि काम धन्धे के सिलसिले में उसकी मुलाकात बुद्धविहार कॉलोनी में किराए पर रहने वाले कृष्णालाल यादव से हुई। बातचीत के दौरान जालसाज ने पीड़ित को बताया कि बाहरी देश का उसके पास वीजा है। जहां होटल में काम करने पर 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन भी दिया जाएगा। पीड़ित ने उससे नौकरी दिलवाने की बात कही। कृष्णलाल ने डेढ़ लाख रुपये मांगे तो पीड़ित ने 1.39 लाख जालसाज के खाते में जमा किए। रुपये मिलने के बाद से आरोपी का मोबाइल बंद आने लगा। संपर्क न होने पर पीड़ित ने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल से शिकायत की। उनके निर्देश पर चिनहट पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# फोरेंसिक एक्सपर्ट रिक्रिएट करेंगे क्राइम सीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

- कबाड़ गोदाम में विस्फोट का मामला
- बम निरोधक दस्ते की जांच में एक्सप्लोसिव की पुष्टि नहीं
- एसीपी कैंट ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा पत्र

**अमृत विचार:** कैंट इलाके के कबाड़ गोदाम में विस्फोट के दौरान काम कर रहे मजदूर के चीथड़े उड़ने के मामले में अब घटना स्थल पर फोरेंसिक के एक्सपर्ट क्राइम सीन रिक्रिएशन करेंगे। बम निरोधक दस्ते की जांच रिपोर्ट में एक्सप्लोसिव की पुष्टि नहीं हुई है। एसीपी कैंट पंकज सिंह ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक पत्र भेजा है।

कैंट इलाके के लकड़ी मोहाल के कबाड़ गोदाम में मंगलवार को हुये विस्फोट में हरदोई निवासी कृष्ण कुमार (34) की मौत हो गयी थी। मंगलवार को पुलिस विभाग की टीमें घंटों जांच के बाद भी यह पता नहीं कर सकीं थी कि विस्फोट किस सामग्री से हुआ। मामले में बुधवार दोपहर बम निरोध दस्ते ने अपनी जांच रिपोर्ट कैंट थाने में सौंप दी। कैंट इंस्पेक्टर गुरुप्रीत कौर ने बताया कि बीडीएस टीम की जांच रिपोर्ट में विस्फोट में एक्सप्लोसिव की पुष्टि नहीं हुई है। अब फारेंसिक की विशेष टीम निरीक्षण कर बताएगी कि विस्फोट किस सामग्री से हुआ था। उन्होंने विस्फोट केमिकल से होने की आशंका जतायी है। बुधवार को गोदाम में ताला बंद रहा। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। परिजन शव लेकर घर चले गए। जहां, देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया गया। एसीपी पंकज सिंह ने बताया कि जांच में जो तथ्य मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### यह है मामला

मंगलवार दोपहर लक्ष्मीकांत गुप्ता उर्फ पप्पू के कबाड़ गोदाम में धमका होने से काम कर रहे मजदूर कृष्ण कुमार के शरीर के चीथड़े उड़ गए थे। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह, एडीसीपी सय्यद मो. अली अब्बास ने टीमों के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इसके साथ ही फारेंसिक बम निरोधक दस्ते और दमकल ने साक्ष्य एकत्रित किये थे।

# पति पर लगाया बच्चों के सामने निर्वस्त्र कर पीटने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मामले की जांच में जुटी गोमती नगर पुलिस

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि शादी के बाद से वह घरेलू हिंसा का शिकार होने लगी थी। इसका विरोध करने पति ने बच्चों के सामने उसे नग्न कर दिया। इसके बाद उसकी लात-घूंसों और बेल्टों से पिटाई कर दी।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पति अंकुर तिवारी समेत पांच पारिवारिक सदस्यों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि अप्रैल 2016 में उसकी शादी अंकुर तिवारी से हुई थी। उसका छह साल का बेटा भी है। आरोप है कि ससुराल में छोटी-छोटी बातों को लेकर पति अंकुर पारिवारिक सदस्यों के संग मिलकर उसकी पिटाई करता था। आरोप है कि सोमवार दोपहर वह बेटे के संग खाना खा रही थी। तभी अंकुर दरवाजा खटखटाने लगा, चंद पल की देरी होने पर पति नाराज होकर गालियां देने लगा। विरोध करने पर पति ने बेटे के सामने उसे नग्न कर दिया। इसके बाद परिवारिक सदस्यों के संग मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

### होटल व ठेले पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब तहसील मुख्यालय में इन दिनों घरेलू गैस की कालाबाजारी जोरों पर दिखाई दे रही है तथा प्रशासन के अधिकारी उस पर अंकुश लगा पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। सम्पूर्ण क्षेत्र में अगर देखा जाए तो होटलों, ढाबों, हलवाई की दुकानों तथा वाहनों में घरेलू गैस सिलेंडरों का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। इसके बावजूद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, बताते चलें कि मुख्यालय सहित फुटपाथ पर ठेले पर व होटल खोले बैठे लोग खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं। इसके बाद भी आपूर्ति विभाग उन पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर को कमर्शियल सिलेंडर की जगह उपयोग करना गलत है, होटलों, ढाबों आदि के लिए कमर्शियल कनेक्शन दिए जाते है। जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



विकास खण्ड सभागार में प्रेस वार्ता में जानकारी देते विकास किशोर आशू।

### सांसद खेल स्पर्धा के तहत दौड़ेंगी महिलाएं : विकास किशोर

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** सांसद खेल स्पर्धा के तहत 5 किलोमीटर की क्वाटर दौड़ के चलते अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर होने वाले आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई । विकास खण्ड सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के पुत्र एवं अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर आशू ने कहा कि महिलाओं की दौड़ तो लोगों ने देखी है। लेकिन महिलाओं को साड़ी में पहनकर दौड़ते हुए पहली बार 15 फरवरी को देखा जायेगा। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा के तहत 5 किलोमीटर की क्वाटर दौड़ का आयोजन राजवाड़ा लान पर किया जा रहा है। जिसमें 18 वर्ष आयु से ऊपर की महिलाएं प्रतिभाग कर साड़ी में दौडेंगी।

### जमीन कब्जाने की नीयत से खड़ंजा खोदने का आरोप


खड़ंजा उखाड़ने पर नाराजगी जाहिर करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब विकास खण्ड अंतर्गत कठवारा ग्राम पंचायत का मजरा चन्वातारा में रास्ते की जमीन पर कब्जे की कोशिश में दबंग महिला जगदेई ने अपने भतीजे के साथ घर के सामने लगे खड़ंजे के ईट उखाड़ डाले। पास-पड़ोस के रहने वाले लोगों ने विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गए। पड़ोस के रहने वाले युवक लाला के मुताबिक करीब 20 वर्ष पहले ग्राम प्रधान द्वारा गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित रमेश के घर से महिला जगदेई के घर तक करीब 72 मीटर लम्बा और 6 फिट चौड़ा खड़ंजा लगवाया गया था। जिसे बीती रात महिला ने खोद कर फेंक दिया है, जिसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने इस संबंध में बीकेटी थाने में तहरीर दी है और एसडीएम को भी मामले से अवगत कराया गया है।

# बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदल कर युवक ने निकाले 1.14 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आरोपी की पहचान करने के लिए खंगाल रही फुटेज

**अमृत विचार:** गोमतीनगर थाना अंतर्गत विरामखंड निवासी मीनाक्षी चंद्रन (80) ने बताया 4 फरवरी को सुबह 9 बजे पति पीएम चंद्रन उनका एसबीआई का एटीएम कार्ड लेकर रुपये निकालने गये थे।

पहले वह पत्रकारपुरम स्थित एसबीआई के एटीएम पहुंचे, जिसमें रुपये नहीं निकले। इसके बाद समीप ही यूनियन बैंक के एटीएम बूथ में पहुंचे। पति ने मशीन में कार्ड डाला रुपये नहीं निकले। तभी पीछे से आये युवक ने मदद के बहाने पति से कार्ड ले लिया और दोबारा मशीन में डाल कर बोला कि इसमें रुपये नहीं हैं। इसके बाद युवक चला गया। पति घर पहुंचे तो एकाएक बैंक के मैसेज आने लगे। जिसमें 14 बार में 1.14 लाख रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। आशंका होने पर एटीएम कार्ड देखा तो पता चला कि वह दूसरा है। मीनाक्षी ने मदद के बहाने आये युवक द्वारा एटीएम बदल कर रुपये निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# फार्मासिस्ट समेत तीन लोगों ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चिनहट, दुबग्गा और कृष्णानगर क्षेत्र से सामने आए मामले
- परिजनों से पूछताछ कर जांच में जुटी पुलिस



**अमृत विचार :** चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत कांती हॉस्टल में फार्मासिस्ट अनुभव सिंह (28) ने रूम में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं, दुबग्गा के अवध एनक्लेव में सुरेश (35) का शव टीन शेड में मफलर के फंदे से लटकता मिला। उधर, कृष्णानगर के हरिओमनगर में अवसाद के कारण आरती द्विवेदी (40) ने भी घर पर आत्मघाती कदम उठा लिया।

चिनहट प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, मूलरूप से हरदोई जनपद के लक्ष्मी पुरवा बिजनौर चुंगी निवासी अनुभव सिंह गोमतीनगर के मिठाई लाल चौराहा स्थित एक फार्मेसी में फार्मासिस्ट था। वह चिनहट के कांती हॉस्टल में रूम पार्टनर आरिफ के साथ रहता था। आरिफ ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे वह हॉस्टल पहुंचा तब दरवाजा अंदर से बंद था। उसने बाहर से आवाज देकर दरवाजा खटखटाया। बावजूद इसके अंदर से जवाब नहीं मिला। उसने खिड़की के झरोखे से देखा तो दंग रह गया। वह शोर मचाने लगा। इसके बाद उसने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने अनुभव को फंदे से नीचे उतार नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों को मामले की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

वहीं, दुबग्गा के अवध एनक्लेव में हरदोई जनपद के अतरौली थानाक्षेत्र निवासी सुरेश का शव टीनशेड में लगी लकड़ी की बल्ली में मफलर के फंदा से लटका मिला। एसआई मो. रोशन ने बताया कि सुरेश मजदूरी कर झोपड़पट्टी में रहता था। फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर, कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हरिओम नगर निवासी आरती द्विवेदी ने घर में लगे पंखे के हुक में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि आरती की एक बेटी है। पति रायबरेली में एक बैंक में ड्राइवर है। वह कभी कभार घर आते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रथम दृष्टया में यह बात सामने आई कि तनाव के चलते महिला ने आत्महत्या की है।



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### दयाल प्रीमियर लीग के फाइनल में जेपी कॉलेज ने मारी बाजी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज क्षेत्र में स्थित दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित दयाल प्रीमियर लीग सीजन 3 का बुधवार को डीजीआई क्रिकेट स्टेडियम में समापन किया गया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच शुरू होते ही दर्शक रोमांचित होते गए और हर गेंद के साथ उनका उत्साह बढ़ता गया। लीग के समापन में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे कीथ चार्ल्स ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर दयाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सचिव संदीप, निदेशक डॉ .अमित कुमार सिंह और सहायक निदेशक तफजील अहमद खान व अनुपम सन्त के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। मैच समापन के बाद मुख्य अतिथि कीथ चार्ल्स ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए।

### कार सवार ने युवती को मारी टक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर जिले के इंदिरानगर निवासी रागिनी सिंह की बेटी जान्हवी बीमार है। एक फरवरी को रागिनी उसका इलाज कराने केजीएमयू आईं थी। देर शाम वह स्कूटी से बेटी को लेकर निकल रहीं थी। वह गेट के समीप पहुंचीं थी, इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बिना नंबर की ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटी स्कूटी समेत उछल कर दूर जा गिरीं। हादसे में बेटी गंभीर घायल हो गयी। आरोप है कि हादसे के बाद चालक कार समेत भाग गये।

**सक्रियता** इंटीग्रेटेड इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सिस्टम पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# जिलाधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से दी जानकारी

संवाददाता, बख्शी का तालाब


दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में बुधवार को पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के लिए इंटीग्रेटेड इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सिस्टम पर व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यशवेंद्र सिंह, निदेशक एक्सपेंडिचर डिपार्टमेंट, अजय कुमार एएसओ व मोहम्मद अली सीए ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगाणों को संबोधित करते हुए चुनावी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन के द्वारा हर स्तर पर और हर स्टेकहोल्डर को जिस तरह की जरूरत है वो कैपेसिटी बिल्डिंग का काम किया जा रहा है। उसी प्रक्रिया के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी, स्टेकहोल्डर के अन्य ऑफिसर और इसके बाद जो हमारे अधीनस्थ ऑफिसर हैं सब की 2 दिन की ट्रेनिंग कराई गई है।

### अपने सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है चुनाव आयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि इलेक्शन कमिशन की प्रक्रियाओं के बारे में भी भली भांति जानकारी हो इसके लिए बहुत सारे डेवलपमेंट इलेक्शन कमीशन करता रहा है और अभी भी अपने सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है। उसी के तहत सॉफ्टवेयर और आईटी जो आईडी सिस्टम आज जो उपलब्ध है उन टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट को भी अपनी प्रक्रिया में शामिल करके वह सभी स्टेकहोल्डर से अपेक्षा करता है। सब लोग अपने अपने हिस्से की जानकारी उसकी प्रक्रियाएं उनको समझाना और फिर समय आने पर उनकी उपयोगिता की दक्षता हासिल करें। इसके लिए काफी पहले से तैयारी शुरू हो चुकी है उसी के तहत आज आप लोग यहां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस गोष्ठी आयोजन के माध्यम से आपको एक ग्रुप के तौर पर कौन-कौन सी टेक्नोलॉजी हम लोगों ने इलेक्शन कमिशन में अडॉप्ट की है उसके बारे में बताया जाएगा।

### हमारी डेमोक्रेसी मल्टी पार्टी सिस्टम है

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारी डेमोक्रेसी मल्टी पार्टी सिस्टम है। इसमें अलग-अलग लेवल्स के रिकॉग्निशंस है, रजिस्ट्रेशन है और हमारे यहां मल्टीपल पॉलीटिकल पार्टी इलेक्शन को कांटेस्ट करती हैं और उनके बाद भी कई इंडिपेन्डेन्ट कैंडिडेट भी इलेक्शन में पार्टिसिपेट करते हैं। तो ऐसी स्थिति में जरूरी हो जाता है कि जो भी स्टेकहोल्डर हैं वह जिस रूप में भी है उनको अपने दायित्वों का भी पता होना चाहिए।

## एक नजर

### प्रगतिशील आंदोलन के महत्व पर सेमिनार 11 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया कैफी आजमी अकादमी में आगामी 11 फरवरी को प्रगतिशील आन्दोलन के महत्व और मौजूदा दौर के साहित्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। अकादमी के अध्यक्ष प्रो. अली अहमद फात्मी की अध्यक्षता में हुई कैफी आजमी अकादमी की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में कहा गया कि प्रगतिशील आन्दोलन का असर आज भी उसी अंदाज में है जैसा कि प्रेमचन्द्र और सज्जाद जहीर के दौर में था। आज के दौर के साहित्यकार और शायर भी जिन्दगी और समाज में एकता व भाईचारे का सन्देश देने का काम कर रहे हैं। अकादमी के सेक्रेटरी जनरल सैय्यद सईद मेहंदी ने बताया कि इस सेमिनार में दिल्ली विश्वविद्यालय के शोध छात्र फैसल खान और राजकीय डिग्री कालेज गाजीपुर के विभु प्रकाश सिंह को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाएगा। इनके अलावा प्रो. खान मोहम्मद फारुख, प्रो. नलिन रंजन सिंह, डॉ. एहतेशाम अमीरी को इस विषय पर पर्चा पढ़ने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। प्रो. नदीम हसनैन की अध्यक्षता में होने वाले इस सेमिनार का संचालन खुनखुन जी पीजी कॉलेज की प्रोफेसर रेशमा परवीन करेंगी।

# हबीबुल्लाह को बेस्ट हॉस्टल ब्वॉयज पुरस्कार

## राज्यमंत्री ने विजेताओं को किया पुरस्कृत, 45 प्रतियोगिताओं में मिले 217 पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में बेस्ट हॉस्टल ब्वायज पुरस्कार हबीबुल्लाह हॉल के नाम रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कुलपति सहित सभी प्रोवोस्ट, असिस्टेंट प्रोवोस्ट और 18 छात्रावासों के अंतः वासी मौजूद थे।

बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर छात्रावास प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी शामिल हुए। बेस्ट हॉस्टल ब्वायज का पुरस्कार हबीबुल्लाह ब्वायज हॉल को दिया गया। वहीं बेस्ट हॉस्टल गर्ल्स का पुरस्कार कैलाश हॉल को दिया गया।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों की ट्रॉफी हबीबुल्लाह हॉल के अर्जुन सिंह को दी गई। इनको मुख्य अतिथि द्वारा चार पदक दिए गए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं की ट्रॉफी निष्ठा वर्मा के नाम रही। ऐसे में निष्ठा को 3 पदक प्राप्त करने पर निवेदिता हॉल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, डीन छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, निदेशक संस्कृति प्रो. मधुरिमा लाल, अध्यक्ष एलयूएए प्रो. रूपेश कुमार मौजूद थे।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते लविवि के कुलपति। अमृत विचार

**छात्रों को मिले 217 पदक :** प्रतियोगिता में छात्रों को 217 प्राप्त हुए। जिसमें 85 स्वर्ण, 84 रजत और 48 कांस्य शामिल थे। 189 पदक छात्राओं द्वारा जीते गए। जिसमें 68 स्वर्ण, 68 रजत और 53 कांस्य शामिल रहे।

### 1467 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

अंतर छात्रावास प्रतियोगिता के दौरान 45 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें 23 प्रतियोगिता छात्रों के लिए और 22 छात्राओं की थीं। 9 दिवसीय कार्यकम में 1467 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 801 छात्र और 666 छात्राएं सम्मिलित हुईं।

# नहीं रहे यूपी क्रिकेट के लीजेंड नीरू कपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


नीरू कपूर

- खेल जगत में शोक की लहर
- पूर्व खिलाड़ियों और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने व्यक्त किया शोक

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर नीरू कपूर (81 वर्षीय) ने बुधवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। । गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया जाएगा।

परिजन के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हई। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें तीन दिन पहले मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खेल जगत के अनुसार वह बेहतरीन क्रिकेटर के अलावा शानदार खेल प्रशासक और चयनकर्ता भी रहे। वह 16 वर्ष की आयु में उस समय सुर्खियों में आए, जब उन्होंने सात रणजी क्रिकेटरों वाली टीम मार्निंग स्टार क्लब के खिलाफ शतक जड़ा। लखनऊ के डीवाईए क्लब में शामिल होने के बाद उनका सफर शुरू हुआ। उन्होंने क्लब और लखनऊ के लिए कई शानदार पारियां खेलीं। बाबू स्टेडियम में ऑल इंडिया सर फ्रैंक वॉरेल टूर्नामेंट में सिर्फ चार घंटे में दोहरा शतक जमाकर उन्होंने सबको हैरान कर दिया था।

वर्ष 1964 में रणजी ट्रॉफी में खेलने वाली उत्तर प्रदेश की टीम में उन्हें मौका मिला। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका सात वर्ष का कॅरियर रहा। वह 15 वर्षों तक उत्तर प्रदेश टीम के चयनकर्ता रहे। उन्होंने भारतीय महिला टीम के चयनकर्ता के रूप में भी काम किया। खेल निदेशालय से वह उप निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए। वह गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य भी रहे। कानपुर ग्रीनपार्क और आगरा क्रिकेट हॉस्टल से उन्होंने कई क्रिकेटर भी तैयार किया। सिर्फ खेल में प्रदर्शन और जिम्मेदारियों के कारण ही वह नहीं पहचाने गए, बल्कि अपने मददगार रवैये के कारण वह और अधिक लोकप्रिय हो गए। यूपीसीए ने लखनऊ में दिसम्बर 2000 में सेंट्रल जोन और साउथ जोन के बीच हुए देवधर ट्रॉफी के फाइनल मैच को अपना बेनिफिट मैच घोषित करते हुए उनका सम्मान किया।

उनके निधन पर क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, के साथ ही अन्य खेल संगठनों ने शोक जाहिर किया है।

> नीरू कपूर के साथ हमने शीश महल ट्रॉफी के मुकाबले खेले। वह एक बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर थे। उनका क्लास अलग ही था। ऊंचाइयों को छूने के बावजूद वह बेहद शालीन रहे। उन्हें मेरा खेल बेहद पसंद रहा।
>
> **अशोक बाम्बी, पूर्व क्रिकेटर**

# रामपाल त्रिवेदी की 118वीं जयंती पर विभूतियों का हुआ सम्मान


प्रेस क्लब में पं0 रामपाल त्रिवेदी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पुस्तिका का विमोचन करते नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ के प्रथम जिला परिषद अध्यक्ष और पूर्व विधायक रामपाल त्रिवेदी की 118वीं जयंती पर उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में रामपाल त्रिवेदी सेवा संस्थान द्वारा उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया।

पुस्तक का विमोचन लखनऊ नगर निगम के उप सभापति गिरीश गुप्ता, सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरेन्द्र कुमार मिश्र और यहियागंज गुरुद्वारे के अध्यक्ष डॉ. गुरमीत सिंह ने किया। इस पुस्तक का लेखन रामपाल त्रिवेदी के प्रपौत्र मोहनीश त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर गिरीश गुप्ता ने कहा कि आज हम जिस आजादी को जी रहे हैं और जिस लोकतंत्र पर गर्व कर रहे हैं यह रामपाल त्रिवेदी जैसे हजारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान का फल है।

उन्होंने कहा कि रामपाल त्रिवेदी अपने कार्यों की वजह से राजनीति और समाजसेवा से जुड़े लोगों के बीच आदर्श के रूप में जिन्दा हैं। उन्होंने शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके पुत्र अरुण त्रिवेदी ने बताया कि देश की आजादी के लिए उनके पिता 12 साल तक अंग्रेजों की जेल में रहे। सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरेन्द्र मिश्र ने इस मौके पर कहा कि रामपाल त्रिवेदी का जीवन प्रेरणादाई है। इस मौके पर चिकित्सा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. गुरमीत सिंह, समाजसेवा के लिए वर्षा वर्मा और दीपिका चतुर्वेदी, उम्मीद संस्था के संस्थापक अध्यक्ष बलवीर सिंह मान, अभिनय के क्षेत्र से अर्पित मिश्रा और अम्बरीश बॉबी, पैक्सफेड के पूर्व चेयरमैन नरेश शंकर श्रीवास्तव तथा शासकीय अधिवक्ता शशि पाठक को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

# आरकेबी, नेहरा अकादमी व क्रांति क्लब ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** प्रथम एमएम मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए लीग मुकाबलों में आरकेबी क्रिकेट क्लब, स्टैंडर्ड क्रिकेट क्लब, आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी और क्रांति क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए।

आशुतोष पाण्डेय की शानदार प्रदर्शन के दम पर (35 रन, एक विकेट) आरकेबी क्रिकेट क्लब ने फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब को एक रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरकेबी अकादमी ने 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 150 रन बनाए। नवीन चंद ने 48 और आशुतोष पाण्डे ने 35 रन बनाए। जवाब में फॉरेंसिस क्लब की टीम सभी विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी। जवाब में फॉरेंसिस की टीम 30 ओवर में सभी विकेट खोकर 149 रन ही बना सकी। विकास ने सबसे अधिक 36 रन बनाए। आरकेबी की ओर से नवीन चंद्र ने 3, सूर्याश श्रीवास्तव और आशुतोष सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।

जीसीआरजी क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में स्टैंडर्ड क्रिकेट क्लब ने जीसीआरजी क्रिकेट क्लब को 8 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीसीआरजी ने 36.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 128 रन बनाए। स्टैंडर्ड क्लब की ओर से मैन ऑफ द मैच रहे सुमित सिंह ने 4 विकेट चटकाए। जवाब में स्टैंडर्ड क्लब ने 33.4 ओवर में दो विकेट खोकर 129 रन बना लिए और जीत दर्ज की। शुभम विश्वकर्मा ने नाबाद 59 रनों की पारी खेली।

एक अन्य मैच में मैन ऑफ द मैच अनिकेत कुमार सिंह के शानदार खेल से आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी ने कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन को 76 रनों से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए आशीष नेहरा अकादमी ने 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। हर्षवा ने 43 और सूरज ने 32 रन बनाए। जवाब में कल्पना फाउंडेशन की टीम 35.2 ओवर में 102 रनों के योग पर सिमट गई। समयक ने 28 रनों की पारी खेली। आशीष नेहरा अकादमी की ओर से अनिकेत सिंह ने 3, अंशुल कपूर और आकाश यादव ने 2-2 विकेट चटकाए।

# ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने झटके सात पदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने नई दिल्ली के सेंट्रल अकादमी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ग्रैंड ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण, एक रजत और 2 कांस्य पदक सहित सात पदक जीत कर परचम लहराया।

इसमें क्योरगी में दिव्य राज वंश ने अंडर-17 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। अभिराज यादव को अंडर-30 किग्रा व आशुतोष मिश्रा को अंडर-51 किग्रा में कांस्य पदक मिला। पूमसे इवेंट में दिव्य राज वंश, अभिराज यादव व प्राची पाल ने स्वर्ण एवं आशुतोष मिश्रा ने रजत पदक जीते। पदक विजेताओं को कोरिया के मास्टर वोन ली ने पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। यह सभी खिलाड़ी वर्तमान समय में ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के मुख्य प्रशिक्षकअतुल यादव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### कर्बला दियानतुद्दौला में सफर-ए-इमाम हुसैन की याद में मजलिस व जुलूस कल

**अमृत विचार , लखनऊ :** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन के सफर की याद में आगामी नौ फरवरी को कर्बला दियानतुद्दौला में मजलिस व जुलूस का आयोजन किया जाएगा। शाम चार बजे से होने वाले इस आयोजन में मौलाना मिर्जा एजाज अतहर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद जुलूस सफर-ए-इमाम हुसैन निकाला जाएगा। हजरत इमाम हुसैन रजब की 28 तारीख को कर्बला का सफर शुरू किया था। नौ फरवरी को रात आठ बजे दरगाह हजरत अब्बास में मजलिस का आयोजन किया जाएगा। इस मजलिस को मौलाना जाफर अब्बास खिताब करेंगे। हजरत इमाम हुसैन का कारवां 28 रजब को कर्बला के लिए रवाना हुआ था। मोहर्रम की दो तारीख को इमाम हुसैन कर्बला पहुंचे थे जहां 10 मोहर्रम को उन्हें तीन दिन का भूखा-प्यासा शहीद कर दिया गया।


उत्तर प्रदेश सब जूनियर आट्या-पाट्या टीम के खिलाड़ी व अन्य। अमृत विचार

# आदित्य और अत्री होंगे उत्तर प्रदेश सब जूनियर आट्या-पाट्या टीम के कप्तान

- 30वीं बालक व 23वीं बालिका राष्ट्रीय सब जूनियर आट्या-पाट्या चैंपियनशिप में भाग लेगी उत्तर प्रदेश टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या के आदित्य कुमार और अत्री को 30वीं बालक व 23वीं बालिका राष्ट्रीय सब जूनियर आट्या-पाट्या चैंपियनशिप के लिए चयनित उत्तर प्रदेश की बालक व बालिका टीम का कप्तान बनाया गया है।

टीम की घोषणा करते हुए उत्तर प्रदेश आट्या-पाट्या एसोसिएशन के सचिव यूजिन पाल ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप 9 से 11 फरवरी 2024 तक महाराष्ट्र के शेगांव में होगी। टीम में शामिल खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि मनीष गुप्ता (चेयरमैन, उत्तर प्रदेश आट्या-पाट्या एसोसिएशन), क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा. आनंद किशोर पाण्डेय और उप क्रीड़ाधिकारी रंजीत राज ने किट प्रदान की।

**उत्तर प्रदेश सब जूनियर आट्या-पाट्या टीम**

**बालक :** युग गुप्ता, अणर्व पाल (लखनऊ), मो.जुबैर, स्वपनिल प्रजापति, अनिकेत, अंकुश यादव, अभिष्ट भटनागर, आदित्य कुमार-कप्तान (अयोध्या), प्रदीप कुमार, संजय चौहान-उप कप्तान (मऊ), अंशु वर्मा (सीतापुर), कोच : घनश्याम सिंह, मैनेजर : महेंद्र गुप्ता।

**बालिका :** महिमा, अक्षरा वर्मा, अत्री-कप्तान, अनुष्का यादव, ईशा (अयोध्या), सपना, काजल, खुशी (मऊ), पूजा यादव-उपकप्तान (गाजीपुर), संजलि वर्मा, खुशी वर्मा, अंजलि (बलिया), कोच : जांसी साहू, मैनेजर : अंतिमा कुमारी।

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व एलएसजेए अंतिम चार में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल मुकाबले आज

**अमृत विचार:** मैन ऑफ द मैच दीपक तनेजा (3 विकेट) की अगुवाई में धारदार गेंदबाजी के सहारे इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश ने तृतीय एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) में टाइम्स ऑफ इंडिया को आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) की देखरेख में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेली जा रही लीग में दिन के दूसरे मैच में पूल बी में एलएसजेए एकादश ने हिंदुस्तान टाइम्स को एकतरफा नौ विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई।

इसी के साथ लीग में गुरुवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों की तस्वीर भी साफ हो गई। पहला सेमीफाइनल डीडीएआईआर एकादश व एलएसजेए एकादश के बीच और दूसरा सेमीफाइनल पिछले संस्करण की विजेता दैनिक जागरण व इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश के बीच खेला जाएगा। पहले मैच में टाइम्स ऑफ इंडिया ने पहले बल्लेबाजी की और 19.5 ओवर में 93 रन बनाए। रईस ने सबसे ज्यादा 22 रन बनाए। उनके अलावा ऋषि सिंह सेंगर (11) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश से मयूर शुक्ला व दीपक तनेजा को तीन-तीन विकेट जबकि फहीम को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश ने 13.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाकर जीत अपने नाम की। सलामी बल्लेबाज मयूर शुक्ला (7) के जल्द आउट होने के बाद उनके जोड़ीदार मार्तंड ने नाबाद 22 रन की पारी खेली। मैन ऑफ द मैच दीपक तनेजा को जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त उग्रसेन द्विवेदी एवं उत्तर प्रदेश अंडरवाटर स्पोर्ट्स एंड फिन स्विमिंग एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र सिंह चौहान ने पुरस्कार प्रदान किया। दूसरे मैच में एलएसजेए एकादश ने मैन ऑफ द मैच आशु बाजपेयी (नाबाद 42 रन) की उम्दा पारी से हिंदुस्तान टाइम्स के खिलाफ नौ विकेट से जीत दर्ज की।

**आज के मुकाबले**

**पहला सेमीफाइनल :** डीडीएआईआर एकादश व एलएसजेए एकादश

**दूसरा सेमीफाइनल :** दैनिक जागरण बनाम इलेक्ट्रानिक मीडिया एकादश

### अनिल रिसाल सिंह को मिलेगा जलज स्मृति सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** रूपकृति ओपन आर्ट स्पेस की ओर से आठ फरवारी को युवा छाया चित्रकार जलज यादव की स्मृति में उनकी 34वीं जयंती पर राजधानी में जलज स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस साल का जलज स्मृति सम्मान प्रख्यात छाया चित्रकार अनिल रिसाल सिंह को दिया जाएगा। भूपेन्द्र अस्थाना ने बताया कि जलज स्मृति सम्मान समारोह आठ फरवरी को शाम चार बजे से वास्तुकला एवं योजना संकाय के डिजिटल सभागार में आयोजित किया जाएगा। वास्तुकला एवं योजना संकाय की अधिष्ठाता डॉ. वंदना सहगल इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में और प्रयागराज से आ रहे डॉ. आलोक मिश्र विशिष्ट अतिथि के तौर पर मोजूद रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड ने लगाया लाभकारी योजनाओं को लेकर शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों, महिलाओं और बच्चों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं का बुधवार को रायबरेली रोड स्थित अम्बर धर्मार्थ धर्मशाला में ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अम्बर ने शिविर लगाकर फार्म भरवाए। शाइस्ता अम्बर ने बताया कि महिलाओं और गरीब परिवारों के रोजगार के लिए यह शिविर लगाया गया। इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, तलाकशुदा औरतों को रोजगार दिलाने उनके बच्चों को हर महीने पैसे देने आदि लाभकारी योजनाओं का फार्म भरवाया गया। उन्होंने बताया कि सभी समुदाय की तलाकशुदा महिलाओं और उनके बच्चों को शिक्षा के लिए हर महीने चार हजार रुपये की आर्थिक मदद, रोजगार की ट्रेनिंग, हर गरीब बेरोजगार परिवार के बच्चों की शिक्षा जैसी लाभकारी योजनाओं का फार्म भरवाया गया। शाइस्ता अम्बर ने बताया कि यह शिविर ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ बोर्ड ने वर्ड चेरिटेबल वेलफेयर आर्गनाइजिएशन के प्रयास से यह शिविर आयोजित किया।



कला अभिरूचि कार्यक्रम के अन्तर्गत पहाड़ी चित्रकला पर आधारित कार्यशाला को सम्बोधित करते कला प्रशिक्षक पद्मश्री विजय शर्मा।

### शुरू हुई आठ दिवसीय पहाड़ी चित्रकला कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** कला अभिरुचि पाठ्यक्रम के तहत बुधवार को राज्य संग्रहालय में पहाड़ी चित्रकला विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 14 फरवरी तक चलेगी। संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, कला प्रशिक्षक पद्मश्री विजय शर्मा, कलाकार और कला समीक्षक भुवनेश्वर कुमार शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला शुरू की। इस मौके पर संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला का मकसद कला के विद्यार्थियों में पहाड़ी चित्रकला की बारीकियां समझाने का है। पहाड़ी चित्रकला के प्रख्यात कलाकार और इस कार्यशाला के प्रशिक्षक पद्मश्री विजय शर्मा ने कहा कि भारतीय चित्रकला का इतिहास लगभग एक हजार साल पुराना है। इसमें राजपूत, मुगल व पहाड़ी चित्र शैलियां प्रमुख हैं। यह परम्परा राजा महाराजाओं और मुगल शासकों के दौर में पनपी और फली-फूली। उन्होंने कहा कि 17 वीं शताब्दी से 19वीं शताब्दी तक हिन्दी साहित्य के रीतिकाल में दरबारी कवियों ने नायक-नायिका और राधा-कृष्ण को लक्ष्य करते हुए जो रचनाएं लिखीं उन्हीं को दरबारी चित्रकारों ने रंगों से उकेरा। आगे चलकर राजाश्रय की कमी की वजह से यह चित्रकला खत्म हो गई। उन्होंने कहा कि इस कला को सिखाने के लिए आज कोई भी सरकारी संस्थान नहीं है। इस कार्यशाला में 48 विद्यार्थी पहाड़ी चित्रकला की तकनीक सीखेंगे।


मुनाल महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य करते प्रतिभागी बच्चे। अमृत विचार

### आठ दिवसीय मुनाल महोत्सव शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित पं. गोविन्द बल्लभ पंत स्मृति उपवन में बुधवार को आठ दिवसीय मुनाल महोत्सव शुरू हो गया। हनुमान सेतु के मुख्य पुजारी भगवान सिंह बिष्ट ने विधिवत महोत्सव का उद्घाटन किया। मुनाल के कलाकारों ने यहां झोड़ा, छपेली, अवधी और बुन्देली के साथ उत्तराखंड की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। मुनाल महोत्सव के पहले दिन सिटी मांटेसरी स्कूल की जापलिंग रोड शाखा के बच्चों ने अपने मनभावन कार्यक्रम में कुमाऊं-गढ़वाल की संस्कृति की प्रस्तुत किया। तनु संवर ने उत्तराखंड का भक्ति संगीत जय हो केदारनाथ-बद्रीनाथ पर अच्छी प्रस्तुति दी। गढ़वाल संस्था के कलाकार प्रेम सिंह बिष्ट ने गढ़वाली लोकनृत्य मेरा उत्तराखंड प्रस्तुत किया। दमयंती नेगी के निर्देशन में ठंडा-ठंडा पानी पर चौपाल नृत्य भी सराहा गया। इस मौके पर उर्मिला बिष्ट, ममता जिंदल, शैलजा पाण्डेय ने गायक कलाकार राजेन्द्र नेगी, हर्षिता बिष्ट, हरीश उपाध्याय, रजनीश डोबरियाल, बाल कृष्ण शर्मा और मंजूषा श्रीवास्तव ने संगीत के साथ सुंदरकांड प्रस्तुत किया। मुनाल के निदेशक विक्रम बिष्ट ने बताया कि आठ फरवरी को डॉ. दिलीप सिंह बफिला की स्मृति में कार्यक्रम होंगे।

# प्रो. कमला को साहित्य की हस्तियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


प्रोफेसर कमला श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

**अमृत विचार :** राजधानी के संगीत से जुड़े हर कार्यक्रम की शान रहीं प्रो. कमला श्रीवास्तव को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए संगीत से जुड़ी तमाम हस्तियां बुधवार को लालबाग स्थित हरिओम मंदिर में जमा हो गईं। भातखंडे की सेवानिवृत्त प्रोफेसर कमला श्रीवास्तव का सोमवार को निधन हो गया था।

सैकड़ों लोकगीतों की रचयिता और धुन बनाने में सिद्धस्थ कमला श्रीवास्तव 91 साल की उम्र में भी संगीत की श्रीवृद्धि में जीजान से लगी रहती थीं। सोमवार को उनके निधन के बाद उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए उनके परिवार ने उनकी देह को केजीएमयू के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए सौंप दिया। अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष राम बहादुर मिसिर ने कहा कि योगेश प्रवीन के बाद कमला श्रीवास्तव के रूप में अवध का दूसरा मजबूत स्तम्भ ढहा है। हिन्दी संस्थान की पूर्व प्रधान संपादक पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि उनकी सरलता, सहजता और अपनेपन को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने प्रो. कमला श्रीवास्तव के साथ अपने 40 साल के संस्मरण ताजा किए। बेटे रविश खरे और भतीजे नन्दीश श्रीवास्तव के संयोजन में हुई इस स्मृति सभा में शहर के कला और साहित्य जगत के तमाम कलाकार सुर साहित्यकार जमा हुए। प्रो. कमला श्रीवास्तव के शिष्य भजन गायक किशोर चतुर्वेदी ने इस मौके पर झीनी-झीनी चदरिया सुनकर अपनी गुरु को नमन किया। इस मौके पर पद्मा गिडवानी, केवल कुमार, डॉ. अमिता दुबे, देवकीनंदन शांत, प्रेम मेहरोत्रा, डॉ. उषा सक्सेना, विमल पंत, संतोष तिवारी, ज्योति किरण रतन, लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, कथक गुरु डॉ. कुमकुम धर, कनक वर्मा, विजय अग्निहोत्री और प्रतिमा बाजपेई ने प्रो. कमला श्रीवास्तव को याद किया।

### ऋषि साहित्य जीवन जीने की कला सिखाता है : उमानन्द शर्मा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गायत्री ज्ञान यज्ञ अभियान के तहत गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरानगर ने खुर्रम नगर स्थित शिव चन्द्र पब्लिक इंटर कॉलेज के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का सम्पूर्ण वांग्मय स्थापित कराया। 79 खंडों में प्रकाशित श्रीराम शर्मा के सम्पूर्ण साहित्य का यह 402वां स्थापना समारोह था। गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्ता रेनू श्रीवास्तव ने अपने पिता बीडी श्रीवास्तव और माता उर्मिला श्रीवास्तव की स्मृति में कॉलेज के पुस्तकालय में यह साहित्य स्थापित कराया। इस मौके पर उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अखंड ज्योति का अंक भेंट किया। वांग्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानन्द शर्मा ने बताया कि ऋषि साहित्य जीवन जीने की कला सिखाता है। इस मौके पर वीके श्रीवास्तव और डॉ. अभिषेक शुक्ल ने अपने विचार व्यक्त किए। कॉलेज की प्रधानाचार्य कुसुम शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।


खुर्रम नगर स्थित शिव चन्द्र पब्लिक इंटर कॉलेज के पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## एक नजर

### महिलाओं को साधने के लिए शक्ति संवाद पर फोकस

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा इस बार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा समाज के हर वर्ग से संवाद कर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में लगी है। शक्ति वंदन अभियान के तहत शक्ति संवाद कर महिलाओं को केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को पार्टी से जोड़ने और उसे वोट में बदलने के लिए भाजपा ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। भाजपा स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क करेगी। साथ ही उनके अध्यक्ष एवं सचिव से बात करेगी। 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 और 12 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह होंगे। 12 से 21 फरवरी तक मंडल में सक्रिय स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से संपर्क किया जाएगा।

# तिहरे हत्याकांड का चौथा आरोपी लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार

## वारदात के बाद पुलिस से बचने के लिए लखीमपुर भाग गया था आरोपी

संवाददाता, मलिहाबाद

**मलिहाबाद हत्याकांड**

- **सर्विलांस सिस्टम की मदद से देर रात पुलिस ने आरोपी को पकड़ा**

**अमृत विचार :** मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदनगर गांव के तिहरे हत्याकांड में नामजद चौथे आरोपी को पुलिस ने लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। सर्विलांस सिस्टम की मदद से सम्बन्धित पुलिस टीम लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हो गई है। देर रात पुलिस ने चौथे आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए उसे लखनऊ लाने की बात की है।

गौरतलब है कि 2 फरवरी को मोहम्मदनगर गांव को जमीन के विवाद में हिस्ट्रीशीटर सिराज खां उर्फ लल्लन बेटे फराज समेत चार लोगों के साथ गाड़ी से फरीद के घर पहुंचा था। घर में घुसते ही लाइसेंसी असलहे से फायरिंग कर फरीद की पत्नी फरहीन खान (38), बेटे हंजला (16) और चचेरे भाई मुनीर अहमद उर्फ ताज (50) की हत्या कर दी। तिहारे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी पिता-पुत्र थार लेकर फरार हो गए थे। बरुआ गांव के समीप पहिया पंचर होने के बाद हत्यारोपी गाड़ी छोड़कर वहां से ई-रिक्शे से सवार होकर भाग निकले थे। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी सिराज खान उर्फ लल्लन, बेटे फ़राज़ खान और थार चालक अशर्फी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था । इसके बाद आरोपी फुरकान की सर्विलांस की मदद से पुलिस लगातार तलाश कर रही थी । पुलिस को सूचना लगी तिहरे हत्या कांड का चौथा आरोपी लखीमपुर खीरी स्थिति ग्राम बरसोला थाना तिकुनिया में अपने चाचा के घर पर छिपा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फुरकान को गिरफ्तार कर लखनऊ लाया जा रहा है। जहां उससे पूछताछ भी जाएगी।

# ज्वैलरी शोरूम व मकान से लाखों के गहने चोरी

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

- **अलीगंज, चिनहट माल, रहीमाबाद, और सरोजनीनगर से सामने आए मामले**

**अमृत विचार :** चोरों ने ज्वैलरी शोरूम समेत बदं मकान और दुकानों का ताला तोड़ लाखों की नकदी और जरूरी सामान समेट लिया। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर अलीगंज, चिनहट, माल, रहीमाबाद और सरोजनीनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

ग्राहक बनकर आए उचक्के

अलीगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत पुरनिया सीतापुर रोड स्थित ज्वैलरी शोरूम के मैनेजर गौरव ने दो महिलाओं और एक पुरुष के खिलाफ अलीगंज थाने में एफआईआर दर्ज की है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे उचक्के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इसी बीच उचक्कों ने ज्वैलरी की खरीदारी किए जाने का झांसा देते हुए आर्कषक गहने दिखाए जाने की मांग की। इस बीच ज्वैलरी न पसंद आने की बात कहकर उचक्के शोरूम से भाग निकले। बताया कि गैंग में शामिल महिलाओं ने 24 ग्राम की चार सोने की चूड़ियां पार कर दी। उनकी करतूत शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक विनोद तिवारी ने बताया कि उचक्कों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर उनकी पहचान की जा रही है।

### दुकानों का तोड़ा ताला

चिनहट के हिमसिटी पार्ट-1 देवा रोड निवासी राजकुमार गत तीन फरवरी को एटा जनपद में सपरिवार पैतृक गांव गए थे। मंगलवार शाम वह वापस लौटे तब घर का दरवाजा टूटा पाया। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ 45 हजार नकदी और बेटी की सोने की चेन समेत कई आभूषण भी पार कर दिए हैं। वहीं, माल अटारी बाजार में किराना व्यापारी श्रीप्रकाश, लाल जी साहू और बृजमोहन की दुकान से मंगलवार रात चोरों ने ताला तोड़ गल्ले में रखी हजारो नकदी साफ कर दी। वहीं, रहीमाबाद के शेरनगर गांव में चोरों ने ड्राइवर अनिल कुमार के पिकअप का टायर, बैटरी समेत अन्य उपकरण पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने घर सामने पिकअप खड़ी थी। उधर, सरोजनीनगर में पुलिस थाने से चंद कदमों की दूरी पर चोरों ने एक दुकान का शटर काटा गल्ले से रुपये पार कर दिए है। दुकानदार भुवन चंद्र पांडे की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# किशोरी को नशीली दवा देकर दुष्कर्म

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- **किशोरी की मां ने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में दी तहरीर**
- **महिला ने तीन लोगों पर लगाए गंभीर आरोप**

**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत शोहदों ने एक किशोरी को (14) को दबंगई के बल पर घर से अगवा कर लिया। फिर उसे नशा देकर बेसुध कर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के दो दिन बाद किशोरी बदहवास हालत में मिली। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ हल्की धाराओ में प्राथमिकी दर्ज की है। जबकि घटना में दो अन्य साथी शामिल है। किशोरी की मां ने यह आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में मदद की गुहार लगाई है।

सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला का आरोप है कि गत 25 जनवरी की शाम करीब 6 बजे सैफ ने अपने दो साथियों की मदद से दबंगई के बल पर बेटी (14) को घर से अगवा कर लिया था। जिसके बाद उसने सम्बन्धित थाने में फौरन लिखित शिकायत देते हुए बेटी को बरामद किए जाने की गुहार लगाई थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। घटना के दो दिन बाद यानि 27 जनवरी को बेटी कैम्पवेल रोड पर बदहवास हालत में मिली। पीड़िता ने बताया कि पूछताछ में बेटी ने बताया कि सैफ ने अपने दो साथियों की मदद से उसे अगवा किया था। जिसके बाद आरोपी उसे किसी अनजान स्थान पर लेकर गए थे। जहां चाय में नशीला पदार्थ मिला बेसुध हालत में बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। आरोप है कि पुलिस ने सैफ के खिलाफ हल्की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। जबकि, घटना में शामिल दो लड़कों पर कार्रवाई नहीं की है। आरोप है कि आज तक पुलिस ने बेटी का मेडिकल नहीं कराया है। आरोपी सैफ के दोस्त उसे लगातार धमकी दे रहे हैं।

# दो लूट, दो हत्याओं का डेढ़ माह बाद भी खुलासा नहीं

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- **उत्तरी जोन के तीन थाना क्षेत्रों में हुई थीं चार बड़ी वारदातें**
- **न युवक के शव की हुई पहचान न हत्यारोपियों की**

**अमृत विचार :** उत्तरी जोन के बीकेटी, इटौंजा और गुडम्बा थाने में पिछले डेढ़ महीने में दो हत्या और दो लूट की वारदात हुईं थीं। चारों बड़ी वारदात हैं। इनमें दो युवकों से बाइक लूटी गयी थी। जबकि एक युवक की हत्या कर शव मिला था। वहीं दूसरे लापता युवक का शव 26 दिन बाद मिला था। पुलिस ने घटनाओं में हत्या और लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थीं। आलाधिकारियों ने घटनाओं का खुलासा करने के लिये थानों समेत अन्य टीमें भी लगायीं थी। इसके बाद भी अभी तक पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। इससे पीड़ित परेशान हैं और पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठा रहे हैं। फिलहाल पुलिस अफसर टीमों के लगे होने व जल्द खुलासा करने का दावा कर रहे हैं।

### लापता युवक की हत्या की गुत्थी अब तक उलझी

16 जनवरी को बीकेटी के मदारीपुर निवासी युवक अभिषेक सिंह (27) का शव गुडम्बा थाना क्षेत्र में घर से लापता होने के 26 वें दिन मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में चोट से मौत का कारण आने पर परिजन ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। परिजन ने गुमशुदगी दर्ज होने के बाद भी अभिषेक की तलाश करने में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। पुलिस अभी तक हत्या का खुलासा नहीं कर सकी है।

### गला दबाकर युवक की हत्या, खुलासा नहीं

15 जनवरी को सीतापुर हाईवे किनारे बीकेटी थाना क्षेत्र में इंदौराबाग तहसील मोड़ पर कूड़े के ढेर में हत्या कर 45 वर्षीय अज्ञात का शव फेंक दिया गया था। उसकी गला दबाकर हत्या की गयी थी। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार करा दिया था। मामले में पुलिस न तो युवक की पहचान कर सकी और न ही हत्यारोपियों का सुराग लगा है।

### क्या बोले जिम्मेदार

बीकेटी पुलिस और सर्विलांस टीम घटनाओं के खुलासे में जुटी हैं। कुछ घटनाओं में टीमों को अहम सुराग भी मिले हैं। सभी मामलों का जल्द से जल्द खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**– अभिजीत आर शंकर**
**एडीसीपी उत्तरी**

### युवक को पीटकर बाइक लूट ले गये थे बदमाश

15 जनवरी की रात बीकेटी के सरैया गायत्री नगर निवासी अरविंद कुमार सिंह की फार्मा कंपनी के कर्मचारी से गांव के बाहर बदमाशों ने तमंचे की नोक पर बाइक लूट ली थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। अभी तक पुलिस बाइक बरामद नहीं कर सकी है।

### जिम ट्रेनर से बाइक लूटने वालों को भूली पुलिस

7 दिसम्बर को इटौंजा के अर्जुनपुर गांव निवासी जिम ट्रेनर अमन सिंह बाइक से घर जा रहे थे। जिन्हें भी बदमाशों ने चाकू के हमले से घायल कर दिया था और उनकी अपाचे मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए थे। लेकिन लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरों का अभी तक कोई भी सुराग नहीं लग सका है। इन सभी घटनाओं का खुलासा न होने से स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है।

### डंपर ने चाचा-भतीजे को मारी टक्कर, एक की मौत

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी लवकुश ससुराल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए भतीजे मोहित यादव के संग बुलेट से जा रहे थे। पासिन ढकवा के पास तेज रफ्तार डंपर ने बुलेट पर टक्कर मार दी। जिसमें मोहित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि लवकुश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्रत्यदर्शियों की मानें तो डंपर चालक तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। ओवरटेक करते समय चालक ने बुलेट में टक्कर मार दी। बुलेट डंपर के फंसकर दूर तक चली गई। बताया कि बुलेट के टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिनाख्त के बाद परिजनों को हादसे की जानकारी दे दे गई। फिलहाल, चालक की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**कार्यालयः जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाराबंकी।**

पत्रांक: 8749/प्रोबे0का0/प्रेस विज्ञप्ति/ 2023–24 दिनांक 07.02.2024

**निविदा सूचना**

किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम–2015 की धारा 51 के अन्तर्गत जनपद में उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) एवं धारा 52 के अन्तर्गत उपयुक्त व्यक्ति (Fit Person) के चयन हेतु आवेदन–पत्र आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक संस्था एवं व्यक्ति अपना आवेदन पत्र किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम–2015 में निर्धारित प्रारुप – 38 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक 20.02.2024 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में व्यक्तिगत / डाक से उपलब्ध करा सकते है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

नोट–किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 51 के अन्तर्गत जनपद में उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) एवं धारा 52 के अन्तर्गत उपयुक्त व्यक्ति (Fit Person) के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति, बाराबंकी द्वारा आवश्यकतानुसार लावारिस / निराश्रित बच्चों को उपयुक्त सुविधा (Fit Facility) एवं उपयुक्त व्यक्ति (Fit Person) के संरक्षण में अल्पसमय के लिए आश्रय प्रदान करने हेतु आदेश निर्गत किया जाता है। यह सुविधा पूर्णतया निःशुल्क है।

(डा0 पल्लवी सिंह)
जिला प्रोबेशन अधिकारी
बाराबंकी।

# गोमती के रिवर बेड कब्जा मामले में कोर्ट सख्त

विधि संवाददाता,लखनऊ

- **एसडीएम मलिहाबाद से तलब की रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गोमती नदी के तल (रिवर बेड) की जमीनों पर कब्जा के आरोपों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने एसडीएम मलिहाबाद को इस सम्बंध में विस्तृत रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने सम्बंधित क्षेत्र के सर्वे का भी आदेश दिया है। न्यायालय ने राज्य सरकार को भी आदेश दिया है कि वह सुनियोजित योजना बनाकर प्रश्नगत जमीन को हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित करने पर विचार कर सकती है। मामले की अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। न्यायालय ने कहा है कि इस दौरान अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के लिए प्रशासन स्वतंत्र है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में नीलांश थीम वाटर पार्क, नीलांश प्रॉपर्टीज, नीलांश बिल्डर्स, संतोष श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव व मदन लाल को प्रतिवादी बनाते हुए, उन पर ग्राम बदैया व टिकरी कलां में पड़ने वाले गोमती नदी के रिवर बेड पर अवैध कब्जा कर, व्यावसायिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। याची की ओर से दलील दी गई कि उक्त जमीनों पर अवैध कब्जा पाते हुए उन्हें हटाने का आदेश एसडीएम, मलीहाबाद ने 20 जनवरी 2020 को ही पारित किया था लेकिन उक्त आदेश का अब क्रियान्वयन नहीं हो सका है। वहीं राज्य सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि उक्त आदेश के विरुद्ध एक पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया यथा, हालांकि इसे भी इसी 10 जनवरी को खारिज कर दिया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत पारित अपने आदेश में कहा कि ऐसा लगता है कि उक्त रिवर बेड पर स्थायी निर्माण किया गया है पर्यावरण के लिहाज से भी इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती।

### कितने अनाधिकृत और गैर सरकारी लोगों को दिए गए हैं सरकारी आवास : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,लखनऊ** अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि कितने लोग ऐसे हैं जो कि न तो अधिकृत हैं और न ही किसी सरकारी काम में लगे हैं फिर भी उन्हें सरकारी आवास आवंटित किए गए हैं। न्यायालय ने सरकार को तीन सप्ताह में अपना जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि ऐसे लोगों की सूची उनके पते के साथ दाखिल किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने राज्य सरकार के अधीन भवनों का आवंटन के नाम से दर्ज की गई एक याचिका पर पारित किया है। याचिका में राज्य सरकार के अधीन भवनों का आवंटन अधिनियम 2016 के उन प्रावधानों की वैधानिकता को चुनौती दी गई है जिनमें गैर सरकारी लोगों को सरकारी आवास देने का प्रावधान किया गया है। याचिका में कहा गया है कि इस प्रकार का प्रावधान बनाना संविधान के अनुच्छेद 14 व सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का उल्लंघन है।

## सार-संक्षेप

### मॉडल जेल में कैदियों को भोजन देने की क्या है व्यवस्था : कोर्ट

**विधि संवाददाता,लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि लखनऊ मॉडल जेल में बंद कैदियों के भोजन की क्या व्यवस्था है। इसके साथ ही न्यायालय ने यह भी जानकारी मांगी है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों की कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। यह पत्र इश्तियाक हसन खान नाम के कैदी ने भेजा था। न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को निर्देश प्राप्त कर यह जानकारी भी देने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफ्ता कैदी बंद हैं और इनमें पुरुष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिए जाने की मांग की जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि अगली सुनवाई पर जेल प्रशासन के कार्यों का जानकार कोई अधिकारी भी कोर्ट के सहयोग के लिए सुनवाई के दौरान उपस्थित रहे।

### महाप्रबंधक ने किया लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या रेलखंड का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी बुधवार को लखनऊ पहुंचे। यहां पर महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा और अन्य अधिकारियों के साथ अयोध्या रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने लखनऊ–बाराबंकी–अयोध्या रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया। अयोध्या कैंट स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, यात्रियों के लिए अलग से बनाए गए होल्डिंग एरिया और स्टेशन पर यात्रियों के सुगम आवागमन की प्रबंधन व्यवस्था को देखा। उन्होंने आस्था स्पेशल ट्रेन नंबर 04012 (नई दिल्ली–अयोध्या कैंट) के यात्रियों से बातचीत की। इसके बाद महाप्रबंधक ने लोको पॉयलेट, ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम में जाकर वहां की व्यवस्था भी देखी। कर्मचारी सुविधाओं, रसोईघर, अभिलेखों को जांच भी उन्होंने की। साथ ही उन्होंने आरपीएफ बैरक और हेल्थ यूनिट का भी निरीक्षण किया। अयोध्या धाम जं. स्टेशन पर उन्होंने आस्था कमांड सेंटर, एकीकृत कमांड सेंटर, भोजन कक्ष, यात्री यातायात प्रबंधन, यात्री सुविधा संबंधी स्थल, स्वच्छता, यात्री सहायता कार्यप्रणाली, रेल संचालन पद्धति, होल्डिंग एरिया, सहित अन्य जानकारी ली।

### पॉवर ब्लाक के चलते सप्तक्रान्ति सहित कई ट्रेनें प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल पर नरकटियागंज–चमुआ स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या–304 पर कट कनेक्शन कार्य के लिए यातायात एवं पॉवर ब्लाक लिए जाने के कारण रेलवे प्रशासन ने गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निधारण, रेगुलेशन किया जाएगा। गोरखपुर से 9 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 05096 गोरखपुर–नरकटियागंज स्पेशल हरिनगर में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। नरकटियागंज से 9 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 05095 नरकटियागंज–गोरखपुर स्पेशल हरिनगर से चलाई जाएगी। – बरौनी से 9 फरवरी को चलने वाली ट्रेन नंबर 19038 बरौनी–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस बरौनी से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जाएगी।

# रालोद की भाजपा से बढ़ रहीं नजदीकियां, सपा डैमेज कंट्रोल में जुटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुजफ्फरनगर सीट से दावेदार हरेंद्र मलिक को अखिलेश ने लखनऊ बुलाया**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल के भाजपा से नजदीकियां बढ़ाने की चर्चाओं के बीच मुजफ्फरनगर सीट से गठबंधन में टिकट के दावेदार पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अखिलेश यादव ने लखनऊ बुलाया है। सपा प्रमुख की मलिक से अगली राजनीतिक रणनीति पर मंत्रणा होगी। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह से बातचीत करने का जिम्मा सौंपा गया है। दोनों के बीच शीघ्र ही बात हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, सपा और रालोद के गठबंधन में बड़ा मतभेद मुजफ्फरनगर सीट को लेकर है। माना जा रहा है कि यह सीट रालोद के कोटे की है, लेकिन अखिलेश यादव यहां से हरेंद्र मलिक को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। रालोद ने इस पर नाराजगी जताई। एक तरफ हरेंद्र मलिक और उनके बेटे चरथावल से विधायक पंकज मलिक लोगों के बीच पहुंचकर चुनाव की तैयारी में जुट गए और दूसरी तरफ रालोद में उनके नाम पर सहमति नहीं बनी। भाजपा से इसी दौरान रालोद की बातचीत हुई और समीकरण बदल गए। बुधवार को सपा ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को लखनऊ बुलाया।

### कुछ पक अवश्य रहा है ...

रालोद की राजनीतिक गतिविधियां बता रहीं हैं कि कुछ पक अवश्य रहा है। रालोद का फिलहाल चौधरी चरण सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम टल गया है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी की जगह 24 फरवरी को अब होगा। वहीं, रालोद के सभी विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दर्शन करने भी जाएंगे। इससे पहले रालोद के सदस्य बुधवार को सदन में सपा सदस्यों के साथ भी बैठे नहीं दिखे।

### शिवपाल को मिला जिम्मा

सपा नेता शिवपाल यादव और दिवंगत रालोद अध्यक्ष अजित सिंह के बीच पारिवारिक रिश्ते रहे हैं। यही वजह है कि सपा ने अब शिवपाल यादव को ही रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह से बातचीत करने और पूरे प्रकरण का समाधान निकालने की जिम्मा सौंपा है। वहीं, सोशल मीडिया पर पहले सांसद डिंपल यादव और फिर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बयान सामने आया। दोनों ने रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह को पढ़ा–लिखा बताया। यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह रालोद अध्यक्ष किसान हितों के विषय में सोचेंगे। इसी बीच सूत्रों की माने तो भाजपा–रालोद गठबंधन में चार सीटों पर समझौता लगभग तय है। कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा सीट फाइनल है जबकि, पांचवीं सीट मुजफ्फरनगर को लेकर चर्चा चल रही। अगर समझौता हुआ तो 8 या 9 फरवरी को साझा प्रेसवार्ता भी की जा सकती है।

# कार्यालय नगर पंचायत नरैनी–बांदा

पत्रांक: 334/न0पं0नरैनी/गृहकर नामान्तरण/2023–24 दिनांक: 29/01/2024

**सार्वजनिक सूचना**

**(म्यूनिसिपल एक्ट 1916 की धारा – 147(2) के अन्तर्गत)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरैनी बांदा क्षेत्रान्तर्गत स्थित भवनों के नाम परिवर्तन किये जाने हैं। जिस हेतु रजिस्टर्ड प्रलेख/आवेदन पत्रों के प्राप्त प्रकरणों पर म्यु0 एक्ट– 1916 की धारा 147 (2) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नामान्तरण की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। आपत्ति अपनी–अपनी आपत्तियां लिखित रूप से साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत नरैनी में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय वार प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। तदनुसार/नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। नामान्तरण कार्यवाही हेतु प्रस्तावित प्रकरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | भवन सं0 | विक्रयकर्ता का नाम व पिता/ पति का नाम (पूरा पता) | माता नाम नाम/पिता पति का नाम (पूरा पता) | नामान्तरण हेतु प्रकरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 | – | नीलम पत्नी सुशील नि0 शंकर बाजार पुकारी नरैनी – बांदा | कायना पत्नी तिजोल मुहम्मद नि0 सुभाष नगर नरैनी – बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 2 | 02 | – | सत्यनारायण पुत्र भगवानदीन नि0 गांधी नगर नरैनी – बांदा | उद्र प्रसाद पटेल व रज्जन प्रसाद पटेल पुत्रगण सीताराम पटेल नि0 गांधी नगर नरैनी बांदा | रजि0 नोटरी |
| 3 | 09 | – | लाल मुहम्मद पुत्र गुलजार अतर्रा तह0 अतर्रा जिला– बांदा | मुहम्मद आसीन पुत्र लाल मुहम्मद निवासी– शास्त्री नगर नरैनी – बांदा | रजि0 नोटरी |
| 4 | 07 | – | सुखरानी पत्नी श्री राम नि0 गांधी नगर नरैनी – बांदा | नीतू पत्नी विनोद कुमार निवासी– राज नगर नरैनी जिला बांदा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 5 | 08 | – | रज्जू प्रसाद पुत्र भोला प्रसाद नि0 सुभाष नगर नरैनी बांदा | समसुन निशा पत्नी रज्जब खां नि0 राम नगर नरैनी जिला बांदा | रजि0 नोटरी |
| 6 | 08 | – | जाकिर हुसैन पुत्र मुहम्मद बक्स नि0 बरूवा स्योढ़ा सुभाष नगर नरैनी बांदा | सखीना खातून पत्नी अशरफ व सरीफुन पत्नी सलीम नि0 नरैनी – बांदा | रजि0 नोटरी |
| 7 | 09 | – | अकबरी पत्नी दम्मू निवासी– शास्त्री नगर नरैनी – बांदा | शबनम पत्नी साहिद नि0 शास्त्री नगर नरैनी जिला बांदा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 8 | 12 | – | करीम बक्स पुत्र फदुल्ला निवासी– राजीव नगर नरैनी जिला बांदा | मुन्ना लाल पुत्र कल्लू राम निवासी–विस्तारित क्षेत्र राजीव नगर नरैनी – बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 9 | 09 | – | रामस्वरूप पुत्र छोटा निवासी – शास्त्री नगर नरैनी जिला बांदा | अरूण कुमार पुत्र भैलू रैकवार निवासी– देविन नगर नरैनी जिला बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 10 | 08 | – | बृजमोहन लाल पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी – बरूवा स्योढ़ा नरैनी | हनीफ पुत्र रमजान अली निवासी– सुभाष नगर बरूवा स्योढ़ा नरैनी जिला बांदा | रजि0 नोटरी/ आपसी बंटवारा |
| 11 | 08 | – | अजीज मुहम्मद पुत्र बुद्धू निवासी– पटेल नगर नरैनी जिला बांदा | अजीज मुहम्मद पुत्र बुद्धू निवासी– सुभाष नगर नरैनी जिला बांदा | पैत्रिक/ वरासतन |
| 12 | 01 | – | नवल किशोर विश्वकर्मा पुत्र शम्भू निवासी– नरैनी जिला बांदा | बिहारी लाल पुत्र फूलचन्द्र कुशवाला नि0 देविन नगर नरैनी जिला – बांदा | रजि0 नोटरी |
| 13 | 07 | – | रज्जा पुत्र परागीलाल निवासी– बडहर पुरवा तह0 नरैनी – बांदा | अनीता पत्नी नवलकिशोर निवासी– राजीव नगर नरैनी – बांदा | रजिस्टर्ड बैनामा |
| 14 | 02 | – | जयनारायण पुत्र भगवानदीन निवासी– गांधी नगर नरैनी – बांदा | नवल किशोर पुत्र रामजी सोनी निवासी– राजीव नगर नरैनी – बांदा | रजि0 नोटरी |

**अधिशाषी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी**
**नगर पंचायत नरैनी – बांदा**

## एक नजर

### यूनिसेफ की टीम ने जांची मंजीठा में पानी की गुणवत्ता

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : यूनिसेफ की दो सदस्यीय केंद्रीय टीम ने बुधवार को मंजीठा गांव पहुंचकर प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल की और पानी की गुणवत्ता पर ग्रामीणों से भी रूबरू हुए। बंकी ब्लॉक के मंजीठा ग्राम पंचायत में यूनिसेफ इंडिया के वास चीफ पालो व यूनिसेफ उत्तर प्रदेश चीफ जकारी पहुंचे। उन्होंने गांव स्थित प्रसिद्ध नाग देवता मेला के मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना की। इसके बाद जल निगम विभाग की जल जीवन मिशन द्वारा संचालित पानी टंकी पर पहुंचे। वहां पंप ऑपरेटर रूम में पंप का संचालन व पानी की आपूर्ति की जानकारी के साथ ही पानी की गुणवत्ता को भी परखा। इसके बाद पानी गुणवत्ता की टीम से जल गुणवत्ता परखने की जानकारी हासिल की।

### अदालत ने तीन मामलों में सुनायी अर्थदंड की सजा

बाराबंकी, अमृत विचार : बुधवार को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अर्थदंड व न्यायालय उठने की सजा के साथ तीन मुकदमे निस्तारित किए। घुंघटेर थाने के मारपीट के मुकदमें में दीनपनाह निवासी हजारी और उसके बेटे सुनील को 7-7 सौ रुपये जुर्माने व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। इसी थाना क्षेत्र के अभियुक्त गोसाईनपुरवा निवासी छैला को 8 सौ रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया। लोनीकटरा थाने में लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारकर घायल करने के अभियुक्त सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र के गौरियाखुर्द निवासी प्यारेलाल को 6400 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

### फुटबॉल एसोसिएशन ने कोहिनूर को किया सम्मानित

जैदपुर,बाराबंकी, अमृत विचार : फुटबॉल खिलाड़ी कोहिनूर को प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। कोहिनूर ग्राम पंचायत-पण्डरी के मजरे कटरा की निवासिनी हैं।



कोहिनूर।

कोहिनूर को वर्ष 2023 में अयोध्या में आयोजित मंडलस्तरीय चयन ट्रॉयल में आगरा के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय जूनियर बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित किया गया था। वर्तमान में कोहिनूर नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ से स्नातक की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। कॉलेज के बाद पुन: केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फुटबॉल की प्रैक्टिस करने जाती हैं।

# क्या सांसद उपेंद्र रावत को ही मिल गई हरी झंडी!

## बाराबंकी संसदीय सीट से उम्मीदवारी की दौड़ में हैं आधा दर्जन से अधिक लोग

राजनीति

- भाजपा का चुनाव कार्यालय खुलने के साथ ही चर्चाओं का दौर शुरू

सतीश श्रीवास्तव, बाराबंकी



चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सांसद उपेंद्र रावत ही बाराबंकी से भाजपा के इस बार भी उम्मीदवार होंगे! मंगलवार को उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही चर्चाओं का नया दौर शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी से ही आधा दर्जन से अधिक उम्मीदवार बाराबंकी की संसदीय क्षेत्र से अपनी दावेदारी जता रहे हैं। इनमें से कुछ तो आलाकमान की ही परिक्रमा कर रहे हैं तो कुछ ने तो बाकायदा चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है।

बाराबंकी संसदीय सीट 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉक्टर पीएल पुनिया को हराकर जीती थी। 2019 में प्रियंका रावत का टिकट काट कर भाजपा ने उपेंद्र रावत को चुनाव लड़ाया। उपेंद्र रावत 535917 वोट पाकर विजई हुए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रामसागर रावत को पराजित किया उसे समय सपा को 425077 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के तनुज को 159611 मत। इन दोनों के मतों को मिला दिया जाए तो दोनों को 584688 मत मिले थे। भाजपा को चुनाव जीतना है तो उसे इससे अधिक वोट हासिल करना होगा। पूर्व सांसद प्रियंका रावत इस बार भी प्रबल दावेदारी कर रही हैं। इसके अलावा पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील रावत, पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, अमरीश रावत, पूर्व एमएलसी और विधायक रामनरेश रावत के पुत्र अरुण रावत, ब्लॉक प्रमुख रवि रावत भी दावेदारी कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन के सामने आने के बाद यह तय हो गया है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर ही चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। 50% से अधिक वोट हासिल करने के लक्ष्य के साथ पार्टी ने मंगलवार को अपने कार्यालय का उद्घाटन कर चुनाव अभियान की शुरुआत कर दी है। लेकिन अब तक उम्मीदवार की घोषणा न होने के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## गवाहों को समय से पेश कराएं : एएसपी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पुलिस लाइन के सभागार में बुधवार को एएसपी उत्तरी ने सभी थानों के पैरोकार और कोर्ट मोहर्रिर के साथ बैठक की। एएसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने कहा कि सभी पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को समय से न्यायालय पहुंचकर न्यायालय के आदेश व निर्देश का अनुपालन कराने में शिथिलता न बरतें। चुनाव से सम्बन्धित विचाराधीन मुकदमों व अन्य मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन और वारण्ट भेजने के साथ उनका तामीला कराएं। हत्या, पॉक्सो एक्ट या महिला सम्बन्धित मुकदमों, गोतस्करी, गैंगस्टर, मादक पदार्थों की तस्करी आदि मुकदमों में पैरवी कर गवाहों को समय से पेश कराएं। वहीं फर्जी जमानतदारों को चिह्नित कर कार्रवाई करें। मॉनिटरिंग सेल में पोर्टल पर फीड आरोप पत्र लगने वाले मुकदमों को अति शीघ्र न्यायालय में दाखिल करें।

## धन दोगुना करने का झांसा देकर लाखों ठगे, 5 पर केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




**अमृत विचार :** जिले में चिटफंड कंपनी खोल कर लोगों से ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने सेन्जी पावर टेक्नोलॉजी लि. कंपनी में लोगों का पैसा डबल करने का झांसा देकर लाखों का चूना लगा दिया। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामले में पंजाब के आशीष सिंह सिसोदिया, अंजली पटेल टाण्डा अम्बेडकर नगर, देवेंद्र सिंह, रविन्द्र पासवान, उमेश मौर्या को नामजद किया गया है। रामसनेहीघाट में फर्जी कंपनी बनाकर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। छोटेलाल का आरोप है कि 21 जनवरी 2021 को सेन्जी पावर टेक्नोलॉजी लि. कंपनी के मालिक ने सरकारी योजनाओं का लाभ देने के बहाने लोगों से लाखों की ठगी की। पीड़ित ने बताया कि कंपनी के मालिक आशीष सिंह सिसोदिया ने एक मुलाकात में सरकारी योजना में रुपये लगाने की स्कीम बतायी और उससे 2.22 लाख रुपये कंपनी के खाते में और कुछ नकदी ले ली। जब पैसा वापस करने का समय आया तो अधिकारी कंपनी के दफ्तर में ताला लगाकर भाग गए। आशीष सिंह सिसोदिया पर धोखाधड़ी के लगभग 10 मुकदमे बाराबंकी और लखनऊ के विभिन्न थानों में दर्ज हैं। इस संबंध में कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया इस मामले की जांच की जा रही है।

# हत्या के दोषी सगे भाइयों समेत तीन को उम्रकैद

## अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा, 20-20 हजार का लगाया जुर्माना

अदालत से

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** करीब दो वर्ष पहले बरात में लाठी-डंडों से पीटकर दूल्हे के रिश्तेदार की हत्या के मामले में सगे भाइयों समेत तीन को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दोषी मानते हुए आजीवन कारावास के साथ 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।



मामला रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र का है। यहां के नरायनपुर गांव में सफदरगंज थाने के संदेवा से 13 फरवरी 2022 को बारात आई थी। जहां पर रंगारंग कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में दूल्हे के रिश्तेदार की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इसकी सूचना टेनू लाल चौहान ने थाने में देकर उत्तम चौहान, उसके भाई अंजनी कुमार उर्फ ननकऊ तथा जोगेंदर बहरा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। विवेचक ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं साक्ष्यों को संकलित कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए बुधवार को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म में आजीवन कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** छह वर्ष पहले किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने दो अगस्त 2017 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को मोहिउद्दीनपुर निवासी युवक सोनू सिंह बहला-फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर कोठी पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म, पाक्सो और एससीएसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। उसके बाद किशोरी का चिकित्सीय परीक्षण करने के साथ अदालत में बयान दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया। इस मामले की विवेचना कर रहे क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ ने वैज्ञानिक साक्ष्य को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की अदालत ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त सोनू सिंह को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# तीन सभासदों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

कार्रवाई

- विधानसभा पर प्रदर्शन के दृष्टिगत सक्रिय रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



सभासद ताज बाबा राइन



सुशील गुप्ता



राजेश शर्मा।

**अमृत विचार :** सभासद संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज इंसान के आह्वान पर बुधवार को विधानसभा के सामने प्रदर्शन प्रस्तावित था। प्रदेश के सभी जिलों के सभासदों को शामिल होना था। परंतु मंगलवार को रात्रि में पुलिस सक्रिय हो गई। सभासद संघ के राष्ट्रीय सचिव सभासद सुशील गुप्ता एवं संघ के जिला अध्यक्ष सभासद ताज बाबा राईन को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। नगर पंचायत टिकैत नगर के सभासद राजेश शर्मा को भी हाउस अरेस्ट किया गया।

सुशील गुप्ता ने बताया कि सुशील के आवास पर सीओ बीनू सिंह, प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली तथा सिटी चौकी इंचार्ज ने सुशील गुप्ता से पूछताछ की तथा प्रदर्शन के लिए लखनऊ जाने पर रोक लगा दी। उनके आवास पर पुलिस तैनात कर दी। इसी प्रकार ताज बाबा राईन को भी हाउस अरेस्ट किया गया। जानकारी होते ही सभी सभासद एक दूसरे से संपर्क के लिए जुट गए। बुधवार को ताज बाबा के आवास पर सभासदों ने बैठक की। इसामें तय किया गया कि अगर प्रशासन ने लखनऊ जाने पर रोक लगा दी है तो सभासद नहीं जाएंगे। सभासद संघ के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू ने कहा कि प्रदर्शन शांतिपूर्वक प्रस्तावित था। बैठक में सभासद आलोक वर्मा, पंकज मिश्रा, संघ के उपाध्यक्ष मो.फैसल, ताम्रभुजा नन्द, सादिक हुसैन, सुशील गुप्ता, ताज बाबा राईन, देवेंद्र प्रताप सिंह ज्ञानू, संघ के जिला महामंत्री बृजेश यादव, शिवा शर्मा, शिवा कनौजिया सहित कई सभासद उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के 3 दोषियों को पांच-पांच साल की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हत्या के प्रयास के मामले में सगे दो भाइयों समेत तीन को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

मामला कोठी थाना क्षेत्र गोबरे भगतपुरवा मजरे मीरापुर का है। यहां के निवासी राधेश्याम यादव ने 3 अप्रैल 2015 को कोठी थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके भाई को जान से मारने की नीयत से मीरापुर निवासी दुर्गाप्रसाद ने अपने भाई देशराज और हैदरगढ के कुलहरा निवासी जगदेव रावत के साथ हमला कर दिया। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास व धमकी की धाराओं में केस दर्ज किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद विवेचक ने साक्ष्यों का संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

## सार-संक्षेप

### हिमाचल के राज्यपाल का किया स्वागत



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का स्वागत करते पूर्व ब्लॉक प्रमुख।

**दरियाबाद,बाराबंकी, अमृत विचार :** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने बुधवार को यहां आए। पुलिस कर्मियों ने राज्यपाल को सलामी दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बुधवार को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला दरियाबाद क्षेत्र के रानी कटरा स्थित अयोध्या वाटिका पहुंचे। यहां पर राज्यपाल को स्मृति चिह्न देकर विवेकानंद पांडेय ने सम्मानित किया। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद उन्होंने ताशीपुर स्थित नवनिर्मित अयोध्या कोल्ड स्टोरेज एवं एलाइड इंडस्ट्रीज का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को गुलाब का फूल दिया व विवेकानंद पांडेय ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। इस मौके पर हैदरगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, जिला पंचायत सदस्य राजरानी रावत, इंद्र प्रताप सिंह, संतोष शुक्ला, टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश गुप्ता, महंत नीलेंद्र बक्श दास, संतोष सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा में लगे जयकारे



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत बंकी के ओम नगर में श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में कथा प्रारंभ हो रही है। इसमें कथा व्यास गोविंदाचार्य के सानिध्य में मन्दिर से कलश यात्रा निकाली गई। पूरे नगर पंचायत का भ्रमण कर ओंकारेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ। इसमें ओम नगर की माताएं एवं बहनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं गोविंदाचार्य से आर्शीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री सन्दीप गुप्ता, नगर अध्यक्ष संजीव वर्मा, देवराज त्रिपाठी,सतीश जयसवाल,रुद्र प्रसाद अवस्थी,विवेक तिवारी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# धरातल पर उतरेंगी 206 औद्योगिक यूनिट , 11 हजार करोड़ होंगे खर्च

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 19 को पीएम मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम के साथ शुरू होगा निर्माण कार्य

80 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



फिश फीड यूनिट लगने वाली भूमि का निरीक्षण करते अधिकारी।



कुर्सी औद्योगिक क्षेत्र में इसी भूमि पर लगेगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 19 फरवरी को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। इसके माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास कराने की तैयारी है। इसमें जिले की 206 यूनिटें भी शामिल हैं। जीबीसी के बाद उद्यमी अपनी प्रस्तावित भूमि पर इकाई लगाने का निर्माण कार्य शुरू करेंगे। इन इकाइयों के लगने से करीब 80 हजार लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इससे उनकी आर्थिक तंगी दूर होगी।

राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए 381 एमओयू साइन हुए थे। इनमें से 206 इकाइयों के निर्माण को लेकर तैयारी की गई है। पीएम मोदी 19 फरवरी को लखनऊ के आईजीपी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश भर की लगने वाली इकाइयों का शिलान्यास करेंगे। इनमें जिले की भी इकाइयां शामिल होंगी। इसी के साथ जिले में लगने वाली इन इकाइयों पर निर्माण कार्य शुरू होगा। हालांकि कुछ इकाइयों पर निर्माण कार्य शुरू भी हो चुका है। इन इकाइयों पर 11 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। जानकारी के अनुसार इन इकाइयों के शुरू होने से 80 हजार से अधिक लोगों को अच्छा रोजगार मिलेगा। इससे बेरोजगारों का आर्थिक संकट दूर होगा। उधर, जीबीसी के आयोजन को लेकर जिला उद्योग केंद्र विभाग भी तैयारियों को पूरा करने में लगा हुआ है। लगने वाली इकाइयों में होटल सेक्टर, एमएसएमई, रिलायन्स का जीबीसी प्लॉट, डेयरी सेक्टर, फिश फीड, बायोकोल, मेडिकल हेल्थ सेक्टर, हाउसिंग सेक्टर, शीतगृह, डिशनेरी, मोटो स्क्रेप प्लांट आदि विभिन्न सेक्टरों की इकाइयां शामिल हैं।

### भूमि पूजन की चल रही हैं तैयारियां

> ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम द्वारा प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिले में भी इकाइयों का निर्माण शुरू होगा। भूमि पूजन आदि को लेकर तैयारियां चल रहीं हैं। कुछ इकाइयों पर काम चल रहा है। -**आशुतोष श्रीवास्तव,** उपायुक्त उद्योग

**इसी माह पूरी हो जाएंगी 56 इकाइयां :** जिले में 56 ऐसी इकाइयां भी हैं जो इसी माह पूर्ण होने जा रही हैं। भले ही इन इकाइयों पर प्रोडेक्शन शुरू हो जाएगा लेकिन औपचारिक रूप से इन इकाइयों का उद्घाटन मुख्यमंत्री कर सकते हैं। इनमें कुछ होटल, अस्पताल, कैमिकल्स यूनिटें हैं। इन पर भी करीब 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

## तस्कर को छह माह का कठोर कारावास

**बाराबंकी, अमत विचार:** तीन वर्ष पहले फतेहपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए मादक पदार्थ के तस्कर को अपर जिला सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस की अदालत ने दोषी मानते हुए छह माह का कठोर कारावास और तीन हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

फतेहपुर कोतवाली के दरोगा सुशील कुमार त्रिपाठी ने 14 जुलाई 2020 को धरौली निवासी मोहमद उमर को 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा। उसके बाद कोतवाली लाकर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा। मामले के विवेचक ने साक्ष्यों को संकलन कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इसकी सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की अदालत ने अभियुक्त मोहमद उमर को दोषी मानते हुए छह माह के कठोर कारावास तथा तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

मनमानी

## आईएसओ का दर्जा हासिल करने वाली तहसील में आसानी से सुलभ नहीं लेखपाल, आवंटित कमरों में सन्नाटा, नाम और मोबाइल नंबरों वाली सूची गायब

# बाराबंकी में अब लेखपाल वाली गली, किराये के कमरे में चला रहे तहसील

वर्ष 2019 में तहसील को मिला था आईएसओ का दर्जा

कवेन्द्र नाथ पांडेय, बाराबंकी



वर्ष 2019 में नवाबगंज तहसील को आईएसओ का दर्जा देने के लिए आए प्रिंसिपल ऑडिटर केके गोगिया। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** बाराबंकी शहर में फोटो वाली गली, चूड़ीवाली गली, पतंग वाली गली, बड़ी माता मंदिर, मुंशीगंज और सुभाष नगर वाली गली का नाम सुना होगा। मगर, अब डीएम आवास के सामने लेखपाल वाली गली भी है। सुनने में अटपटा जरूर है पर यह सच है। जहां पर किराए के कमरों में दफ्तर खोलकर लेखपाल तहसील चला रहे है। यही कारण है कि आईएसओ का दर्जा हासिल करने वाली नवाबगंज तहसील में आम जनता के लिए आसानी से लेखपाल सुलभ नहीं हैं। इतना ही नहीं आवंटित कमरे और चस्पा की गई नाम व मोबाइल नंबर वाली सूची तक गायब हो गई।

बाराबंकी की नवाबगंज तहसील को वर्ष 2019 में आईएसओ का दर्जा हासिल हुआ था। इसके लिए तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम अजय कुमार द्विवेदी ने दिन-रात की मेहनत कर तहसील की सूरत बदली। बाहर तहसील का बोर्ड और फौव्वारा तो अंदर पूछताछ केंद्र, सभागार, कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस, लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के बैठने के कक्ष, कुर्सी के सामने नेम प्लेट और लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, अमीन, नायब तहसीलदार के नाम, मोबाइल नंबर और सर्किल का नाम वाली सूची कई स्थानों पर लगवाई थी। ताकि तहसील आने वाली आम जनता को कोई दिक्कत न हो। यह सब देखकर यहां पहुंचे आईएसओ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी केके गोगिया ने आईएएस एसडीएम अजय द्विवेदी की सराहना करते हुए कहा था कि बाराबंकी की नवाबगंज तहसील अन्य तहसीलों के लिए नजीर बनेगी। मगर, अजय द्विवेदी के तबादले के बाद तीन वर्ष में ही आईएसओ के मानक धराशायी हो गए। यहां लगी लेखपाल और राजस्व निरीक्षक के नाम और मोबाइल नंबर वाली सूची गायब हो गई। बायोमेट्रिक उपस्थिति बंद हुई तो अधिकाश लेखपालों ने आवंटित कमरों में बैठना बंद कर दिया।

इसके बाद डीएम आवास के सामने किराए के कमरों में अपना दफ्तर बनाकर लेखपाल तहसील के काम मुंशियो से करा रहे हैं। यहीं पर भूमाफिया का जमावड़ा लगता तो हर काम का रेट तय होता है। जबकि गांव से आने वाली जनता तहसील में अपने क्षेत्र के लेखपाल को खोज कर वापस लौट जाती है। मगर, अब धीरे-धीरे लोग लेखपाल वाली गली को जानने लगे हैं।

### कक्षों में लेखपालों के बैठने की तय होगी व्यवस्था

> तहसील में आवंटित कमरों में लेखपाल के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। लेखपाल और कानूनगो के नाम और नंबर वाली सूची जल्द ही लगा दी जाएगी। डीएम आवास के सामने लेखपाल वाली गली की जांच कराई जाएगी। -**विजय त्रिवेदी**, एसडीएम सदर

## शिकायतों के निदान में प्रदेश व जोन में बाराबंकी पुलिस अव्वल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आईजीआरएस पोर्टल पर जनवरी माह में मिले प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में बाराबंकी पुलिस को प्रदेश और लखनऊ जोन में प्रथम स्थान पाकर अव्वल रहा। वही जिले के 19 थानों को प्रदेश व जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिले के समस्त थाना प्रभारियों और आईजीआरएस के प्रभारी निरीक्षक की टीम को निर्देशित किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह के नेतृत्व में बाराबंकी पुलिस को माह जनवरी-2024 की रैंकिंग में प्रदेश और लखनऊ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं प्रदेश स्तर पर प्राप्तांक के अनुसार बाराबंकी के 19 थानों में सुबेहा, मोहम्मदपुर खाला, जैदपुर, टिकैतनगर, महिला थाना,-सतरिख, बदोसराय, सफदरगंज, बड्डूपुर, फतेहपुर, जहांगीराबाद, कुर्सी, घुंघटेर, देवा, थाना कोतवाली नगर, रामसनेहीघाट, असन्द्रा, मसौली और रामनगर ने भी प्रदेश व लखनऊ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को एसपी ने टीम की सराहना की।

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम् ।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम् ।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।

## संपादकीय

# भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पड्र्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

# हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्र: समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वत : टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है,वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता( के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है,वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है,जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें,जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो,उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए,उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का,जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही,काम चलाऊ ही सही,शायद यही विकल्प हो।

## प्रसंगवश

# महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता ।

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

# अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा। बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

## सोशल फोरम

# त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी,निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार,भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स,जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

# पाक बार्डर से पहुंचे रामभक्त, भक्तिपथ पर गूंजा राम भजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामोत्सव के रंग के बीच अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं का आगमन अनवरत जारी है। यहां बुधवार को आस्था स्पेशल ट्रेन से पाकिस्तान बार्डर से 1400 रामभक्तों का जत्था पहुंचा। दोपहर 12 बजे से एक घंटे के लिए हनुमानगढ़ी पर दर्शन बंद होने के दौरान श्रद्धालु भक्तिपथ पर बैठ कर राम भजन गाने लगे। दर्शन सुलभता से हो जाएं इसके लिए कोई कतार से नहीं हटा। भक्तिपथ पर मौजूद इन रामभक्तों ने लगातार जय श्रीराम के उद्घघोष से क्षेत्र गुंजायमान कर दिया।

रामलला के दर्शन के साथ यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु हनुमंत लला के दरबार में भी शीश नवा रहे हैं। एससबी के जवान भक्तिपथ पर दर्शनार्थियों की लाइन लगवाकर बारी - बारी से दर्शन करने के लिए भेज रहे है। एससबी के एसआई ओम प्रकाश ने बताया भीड़ को कंट्रोल करने के लिए 67 जवान रोज की तरह आज भी सुबह आठ बजे से लाइन लगवाकर दर्शन करवा रहे है। देर रात तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। जत्थे का नेतृत्व कर रहे छगन लाल गहलोत ने बताया कि हम लोगों के ठहरने से लेकर भोजन की व्यवस्था कराई गई है। ऐसा पहली बार है जब रामभक्तों को इतना सत्कार दिया जा रहा है। सुरक्षा और अयोध्या धाम की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। मुरादाबाद और अमरोहा से आए कुनाल ने कहा हम 12 लोग कल अयोध्या आए हैं। दो घंटे से लाइन में खड़े लेकिन थके नहीं है। बोले अयोध्या वास्तव में अलौकिक नगरी बन चुकी है। यहां सड़कों पर बैठ भजन करना स्वर्ग के किसी आसन से कम नही है



श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराते एसएसबी के जवान।



भक्तिपथ पर जय श्रीराम का उद्घोष करते पाकिस्तान बार्डर से आए रामभक्त।

## पूर्व खेल मंत्री कोर्ट में हुए हाजिर, अब सुनवाई 13 को

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बुधवार को ओपी सिंह अदालत में व्यक्तिगत हाजिर हुए। पूर्व विधायक के वकील संतोष पांडेय ने बताया गवाह न आने के कारण बुधवार को सुनवाई अदालत में नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 13 फरवरी की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में बीते साल आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। पूर्व विधायक ओपी सिंह समेत कई अज्ञात लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान 12 जनवरी को पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ ढेमा बाजार में चुनावी सभा की और उसका वीडियो वायरल किया। इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया था।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै/ओ.टी./01/2024 दि. 05.02.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/ इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः–

**क्रम सं0 1:– कार्य का नामः** न्यू मॉडल कॉलोनी, इज्जतनगर और ऑफिस कॉलोनी इज्जतनगर की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करना और कासगंज मेन सबस्टेशन एवं हॉस्पिटल कॉलोनी के वर्तमान एल.टी. पैनल को नये एल.टी. पैनल को बदलना। **अनुमानित लागत रु. मेंः** ₹ 40,43,346.50, **धरोहर राशि रु. मेंः** ₹ 80,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. मेंः शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 28.02.2024, 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः **चार माह।**

**क्रम सं0 2:– कार्य का नामः** काठगोदाम हल्द्वानी, लालकुँआ, हल्दी रोड, रुद्रपुर सिटी, बिलासपुर रोड, चमरूआ, केमरी, किच्छा तथा पंतनगर स्टेशन की प्रकाश व्यवस्था में सुधार। **अनुमानित लागत रु. मेंः** ₹ 50,01,156.81, **धरोहर राशि रु. मेंः** ₹ 1,00,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. मेंः शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 28.02.2024, 11.00 बजे तक। स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः **चार माह।**

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास–।।। डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर(सा.)**
**मुजाधि/विद्युत–263** **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच**

सं0– 906/स्टाम्प शुल्क/नि0का0/टेण्डर/2023–24 दिनांक– 7 फरवरी 2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं0–905/स्टाम्प शुल्क /नि0का0/टेण्डर/2023–24 दिनांक 07 फरवरी, 2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में निर्माण कार्यो हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो (जिनके हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हो) को सूचित किया जाता है कि स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो हेतु दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एंव अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ 2% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनांक 26.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट –www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है।

(प्रतिमा सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

# अयोध्या नगर निगम बोर्ड में भाजपा को मिला बहुमत

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भाजपा ने अयोध्या नगर निगम बोर्ड में बहुमत हासिल कर लिया। ऐसा नगर निगम में जीते एक अल्पसंख्यक समेत पांच निर्दलीय पार्षदों के बुधवार को लखनऊ में भाजपा का दामन थामने के चलते हुआ। नगर निगम चुनाव में पार्टी के महापौर प्रत्याशी के अलावा 60 वार्डों में 27 पार्षदों ने जीत हासिल की थी, जबकि 17 सीट सपा, तीन सीट बसपा और एक–एक सीट रालोद, पीस और आम आदमी पार्टी के खाते में गई थी। 10 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की थी। अब लोक सभा चुनाव के पूर्व अयोध्या महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पांच निर्दलीय पार्षदों को पार्टी से जोड़ न केवल निगम बोर्ड में बहुमत का आंकड़ा पार किया है, साथ ही पार्टी की जमीन मजबूत की है। लखनऊ प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,

**▸▸ अल्पसंख्यक समेत पांच निर्दलीय पार्षद पार्टी में शामिल**

क्षेत्रीय अध्यक्ष मिथिलेश मिश्रा, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की मौजूदगी में अयोध्या निगम के निर्दल पांच पार्षद मणिरामदास वार्ड की आभा पांडे पत्नी रिशू पांडेय, वशिष्ठ कुंड वार्ड से रंजना यादव पत्नी अनिकेत यादव, नानकपुरा वार्ड की मीरा देवी, अभिरामदास वार्ड के सुल्तान अंसारी व अवधपुरी वार्ड के पार्षद सौरभ सिंह सूर्यवंशी ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के संयोजन में अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की रीति–नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता हासिल की है। जिसके बाद 60 सदस्यीय नगर निगम बोर्ड में भाजपा के पार्षदों की संख्या 32 हो गई है।

**आवश्यकता है**

1– प्राचार्य 15 वर्ष शिक्षण अवधि व पीएचडी उपाधि, 2– विज्ञान संकाय गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एंव पर्यावरण विज्ञान मे 2–2 प्रवक्ता, 3– कला संकाय हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, चित्रकला, उर्दू, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, दर्शन विज्ञान एंव व्यवसायिक शिक्षा (कौशल विकास) व शारीरिक शिक्षा के 2–2 प्रवक्ता, 4– स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल एंव शिक्षाशास्त्र मे 3–3 प्रवक्ता, 5– यह रिक्ति स्वावित्त योजना के अंतर्गत स्नातक एंव स्नातकोत्तर कक्षाओं मे पढ़ाने के लिये यूजीसी मानक के अनुसार प्रवक्ता पद के लिये पीएचडी व नेट उत्तीर्ण अर्ह अभ्यर्थी, 6– एक योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष, 5 लिपिक, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर स्नातक, 5 चपरासी व कक्षा 8 पास सफाई कर्मी। नोटः– इच्छुक अभ्यर्थी सूचना प्रकाशन के 15 दिनो के भीतर पंजीकृत डाक अथवा वाहक द्वारा शैक्षिक प्रमाण पत्र महाविद्यालय मे करा सकते हैं। साक्षात्कार की तिथि अभ्यर्थी को सूचित की जायेगी।

**प्रबंधकः– श्रीमती सरोज**
**बुधनी देवी स्मारक महाविद्यालय**
**शास्त्रीनगर रिसिया बहराइच 271875**
**मो. नं. 9919751551, 8004972161**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०–नि०–मुख्या० 29–2023, दिनांक 05.02.2024, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत इन्दारा–दोहरीघाट आमान परिवर्तन खण्ड में अमिला–दोहरीघाट के मध्य एल०सी० नं० 23 कि०मी० 28/2–3 (पुराना) के निर्माण का कार्य पुशीग मैथर्ड के माध्यम से एल०एच०एस० से सम्बन्धित कार्य का निर्माण वाटर कलेक्शन, चैम्बर/सम्प एवं अन्य विविध कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य : 54269667.68, बयाना राशि (रू०) : 421400.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : – Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 8 (आठ) माह।
● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– 19.02.2024
● उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि – दिनांक 04.03.2024 15.00 बजे तक।
● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 04.03.2024 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री रवि प्रकाश, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/ मुख्या०/ गो०, मो० 9794844281.

**उप मुख्य इंजीनियर/नि०/मुख्या०**
**मुजाधि/डब्ल्यू - 532** **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या**

पत्रांक: 531/न0पं0गो0/स्व0मा0मि0/निविदा सूचना/2023–24 दिनांक 07.02.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन आयोग के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्नांकित कार्यो को कराये जाने की स्वीकृति कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय अयोध्या के स्वीकृति दिनांक 26.03.2023 द्वारा प्रदान की गई है, जिसके क्रम में निम्नांकित कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु दिनांक 12.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएँ आधिशासी अधिकारी कक्ष में रखे सीलबंद निविदा बॉक्स में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 03:30 बजे निविदा दाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री प्रकाशन तिथि से न0पं0 कार्यालय में दिनांकः 12.02.2024 को 2:00 बजे तक की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का विवरण | आगणन लागत | निविदा मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रति (कालम 3 का) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 03 मे रामबली डिग्री कालेज के प्रांगण मे सामुदायिक शौचालय व यूरिनल (5+2) का निर्माण कार्य। | 548000.00 | 600 | 2 प्रति | 01 माह |
| 2 | वार्ड न0 05 में अध्यक्ष कक्ष के पीछे (5+2) सीट का सामुदायिक शौचालय और यूरिनल का कार्य । | 548000.00 | 600 | 2 प्रति | 01 माह |
| 3 | वार्ड न0 05 में नगर पंचायत प्रांगण में (5+2) सीट का सामुदायिक शौचालय और यूरिनल का कार्य। | 548000.00 | 600 | 2 प्रति | 01 माह |

**मुख्य शर्तेः**–1. निविदा के साथ निर्धारित प्रारूप पर चरित्र प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, आयकर व जी0एस0टी0 पंजीयन की प्रति तथा नोटरी द्वारा सत्यापित 100/–रू0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र व 100/–रू0 के स्टाम्प पेपर पर 1/–रू0 का रसीदी टिकट चस्पा कर संलग्न करना अनिवार्य है। 2. निविदा के साथ आगणन धनराशि का 2 प्रतिशत की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य है, शेष 8 प्रतिशत की जमानत धनराशि निविदा स्वीकृत होने के पश्चात देय होगा। 3. कार्य संतोषजनक होने तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापन के उपरान्त तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा। 4. बिना कारण बताये निविदा स्थगित / स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. अन्य शर्तो व प्राक्कलन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है। 6. निकाय के पंजीकृत ठेकेदार को ही निविदा प्रपत्र की बिक्री की जायेगी। 7. उपरोक्त कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण करना अनिवार्य होगा। 8. कार्य स्थल देखने के बाद ही निविदा प्रपत्र का क्रय करें।

इंद्रभान
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोशाईगंज,
अयोध्या

विजय लक्ष्मी जायसवाल
अध्यक्ष
नगर पंचायत गोशाईगंज,
अयोध्या

# बुंदेलखंड में किसानों के लिए बनाई जाए चीनी मिलः प्रकाश

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** सदर विधायक ने विधानसभा में किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बुंदेलखंड में चीनी मिल स्थापित किए जाने की मांग जोरदारी के साथ रखी और कहा कि इससे क्षेत्र के किसान न केवल लाभान्वित होगा, बल्कि उसकी आय भी बढ़ेगी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बुधवार को विधानसभा में नियम 301 के अंतर्गत कहा कि बुंदेलखंड तथा आसपास के क्षेत्र में कहीं भी चीनी मिल न होने के कारण इस क्षेत्र के खासकर बांदा, अतर्रा एवं नरैनी के किसानों को गन्ना उत्पादन का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। उन्होंने विधानसभा सत्र की कार्रवाई के दौरान यह भी कहा कि यहां के किसानों की यह मांग काफी पुरानी और महत्वपूर्ण रहीं हैं कि यहां पर चीनी मिल की स्थापना की जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा–बहराइच**

पत्रांक :– 581 / न0पं0नान0 / राज्य मिशन निदे0 (एस0बी0एम0) / निर्माण कार्य/ई–टेण्डर/2023–24 दिनांक– 01.02.2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, नानपारा, जनपद बहराइच द्वारा राज्य मिशन निदेशक (एस0बी0एम0) योजना से स्वीकृत 03 निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा कार्यो के लिए पंजीकृत समस्त अनुभवी ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दर के आधार निम्नलिखित नियमों एवं शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदा सूचना आनलाइन दिनांक 07.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। ठेकेदार/फर्मो उपरोक्त तिथि एवं समय में ही ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई–टेण्डर पोर्टल http//etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड कर सकते हैं। आनलाइन अपलोड की गयी प्रत्येक निविदा से सम्बन्धित अभिलेखों जैसे–जमानत धनराशि, निविदा मूल्य, हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र इत्यादि की हार्ड कापी (तकनीकी बिड) के बन्द लिफाफे दिनांक–22.02.2024. सायं 4.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद नानपारा पर अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा आनलाइन बाद में खोली जायेगी, जिसकी जानकारी ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध होगी। कार्य का विवरण अनुमानित लागत का 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत है।

रंगबहादुर सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नानपारा– बहराइच

अब्दुल वहीद
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नानपारा– बहराइच

# अभेद्य होगी स्थाई राम मंदिर की सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब भव्य राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर नए सिरे से खाका खींचा जा रहा है। अत्याधुनिक उपकरणों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। इस पर बुधवार को राम जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुई पहली राममंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में मंथन किया गया।

बैठक के पहले अधिकारियों ने जन्मभूमि पथ और परिसर में प्रवेश के पहले लगाई गई सुरक्षा के आधुनिक उपकरणों का भी निरीक्षण किया। आने वाले श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, विमलेंद्र मोहन मिश्रा के साथ एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट, पीएससी, आरआरएफ और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर दो करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** महा स्नान पर्व मौनी अमावस्या को सकुशल व निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन अपनी ओर से हरसंभव प्रयास कर रहा है। प्रशासन की मानें तो मौनी अमावस्या पर दो करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला में अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं रमित शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न जनपदों से आये अधिकारियों व कर्मचारियों एवं मेला में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। ब्रीफिंग में कहा गया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सभ्य व शालीन व्यवहार करें। इसके अलावा सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर पहुँचकर अपने अधीनस्थ कर्मियों से समन्वय स्थापित कर लें तथा ड्यूटी के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। सभी अधिकारी/कर्मचारी अच्छे टर्न आउट के साथ उत्साहपूर्वक, सेवाभाव से सतर्कतापूर्वक ड्यूटी संपादित करेंगे तथा भीड़ नियंत्रण के लिये सीटी का प्रयोग अवश्य करें।



## एक नजर

### पंजाब : 20 कुत्तों ने महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला

**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला जिले के पासन कदीम गांव में लगभग 20 आवारा कुत्तों ने 32 वर्षीय एक महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम सुल्तानपुर लोधी में हुई जब महिला अपने मवेशियों को चराने के लिए खेतों में गई थी। पुलिस ने बताया कि जब महिला घर नहीं लौटी तो उसके पति ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में उसका शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान परी देवी (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आवारा कुत्तों ने उसी गांव की एक अन्य महिला पर भी हमला किया और उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आरएसएस के प्रचारक सत्यनारायण का निधन

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक सत्यनारायण का मंगलवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और वह पिछले दो महीने से अस्वस्थ चल रहे थे। सवाई मान सिंह अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को भारती भवन से चांदपोल मोक्षधाम पहुंची जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### डॉक्टर ने नर्स पर चलाई दो गोलियां, गिरफ्तार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बुधवार को एक अन्य पुरुष के साथ संबंध की आशंका को लेकर हुई बहस के बाद एक पुरुष डॉक्टर ने 27 वर्षीय नर्स पर दो गोलियां दाग कर उसे घायल कर दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) प्रियंका शुक्ला ने बताया कि आरोपी की पहचान डॉ. संदीप सोनी (34) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध होने की आशंका को लेकर नर्स पर दो गोलियां चलाने के आरोप में सोनी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि नर्स का डॉक्टर के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# अपहरण के बाद कारोबारी के इकलौते बेटे की हत्या

## मुठभेड़ के बाद दो हत्यारोपी गिरफ्तार, पुलिस पर भी चलायी गोलियां

संवाददाता, नोएडा

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में कारोबारी के इकलौते बेटे की अपहरण के बाद हत्या कर दी गयी। 11 वीं का छात्र वैभव सिंघल सात दिन से लापता था। मुठभेड़ में दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद वैभव की हत्या का खुलासा हुआ। व्यापारी और सामाजिक संगठन पिछले सात दिन से वैभव की बरामदगी के लिए पुलिस पर दबाव बनाये हुए थे। पुलिस अभी तक वैभव का शव बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस का कहना है कि दोनों हत्यारोपी छात्र के दोस्त थे।



वैभव (फाइल फोटो)

▸▸ **गुस्साए व्यापारियों ने बाजार बंद कर जताया विरोध, पुलिस टीमें छानबीन में जुटी**

एसीपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बिलासपुर में रहने वाले अरुण सिंघल ने 30 जनवरी को थाना दनकौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाला उनका बेटा वैभव सिंघल लापता है। बुधवार शाम को थाना दनकौर पुलिस लापता वैभव की तलाश में छानबीन कर रही थी, तभी सूचना मिली कि उसे अगवा कर उसकी हत्या करने के दो आरोपी धनोरी से सक्का गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर हैं। पुलिस ने उनकी घेराबंदी की। पुलिस से अपने आप को घिरा देख आरोपियों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। उन्होंने बताया की जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। अपर उपायुक्त ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक आरोपी माज पठान निवासी कस्बा बिलासपुर के पैर में लगी है। उसकी उम्र 19 वर्ष है, जबकि इसका साथी नाबालिग था। उसे भी पुलिस ने पकड़ लिया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से देसी तमंचा, कारतूस तथा वैभव का एप्पल मोबाइल फोन बरामद हुआ है। दोनों ने वैभव की हत्या करने की बात कबूल की। हत्यारोपियों ने पुलिस को बताया कि वैभव और माज पठान आपस मे दोस्त थे। इनके बीच एक महिला की फोटो को सोशल मीडिया पर साझा करने को लेकर विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने वैभव की हत्या कर उसके शव को खेरली नहर में फेंकने की बात स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव को बरामद करने का प्रयास कर रही है। सोलह वर्षीय वैभव सिंघल के परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों ने बुधवार को स्थानीय पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया और बिलासपुर शहर के कई व्यापारियों ने घटना के खिलाफ दुकानें बंद कर दीं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वैभव की हत्या के बाद वैश्य संगठनों में पुलिस के प्रति रोष है। गुरुवार को नोएडा वैश्य संगठन, वैश्य एकता मंच आदि कई जिलों के संगठनों ने भी नोएडा पहुंचकर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# पत्नी ने लगाई फांसी, एक घंटे बाद पति की मौत, दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार

ललितपुर, एजेंसी

ललितपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौत के एक घंटे बाद ही उसके पति की हालत भी बिगड़ गई। उपचार के दौरान कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति की हार्ट अटैक से मौत हुई है।

बुधवार सुबह गांव में पति-पत्नी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। घरवालों ने बताया कि दंपती का अपने दिव्यांग बेटे के इलाज में काफी पैसा खर्च हो रहा था, जिस कारण वे लोग आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। मामला कोतवाली महरौनी का है। गांव पड़वां में छुट्टन कुशवाहा अपनी पत्नी सोना और 8 साल के दिव्यांग

▸▸ **ललितपुर का मामला, दिव्यांग बेटे की बीमारी से परेशान थे**



छुट्टन कुशवाहा अपने दिव्यांग बेटे के साथ।

बेटे देव के साथ रहता था। सोना मंगलवार शाम 4 बजे खेत से लौटकर घर आई थी। उसी वक्त छुट्टन बेटे देव का इलाज कराकर टीकमगढ से घर लौटा था। इस दौरान पति-पत्नी में बेटे के इलाज को लेकर थोड़ी देर बात हुई। इसके बाद छुट्टन कमरे में चला गया। कुछ देर बाद वह जब दूसरे कमरे में गया, तो वहां उसकी पत्नी सोना फंदे पर लटकी थी। छुट्टन ने तुरंत घरवालों की मदद से पत्नी को नीचे उतारा और महरौनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए ले गया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तभी अचानक छुट्टन की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां थोड़ी ही देर में उसकी भी मौत हो गई। बुधवार सुबह 10 बजे गांव में पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोनवानी समेत कई पर केस

रायपुर, एजेंसी

▸▸ **परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में कसा शिकंजा**

छत्तीसगढ़ के गृह विभाग ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों (ईओडब्ल्यू)द्वारा लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य अधिकारियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं।

गृह (पुलिस) विभाग द्वारा महानिदेशक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर को अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा वर्ष 2021 जो 170 पदों के लिए ली गई थी और जिसके परिणाम 11 मई 21 को जारी किए जाने के बाद राज्य लोकसेवा आयोग पर अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ननकीराम कंवर व अन्य के माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हुई थी। जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि छत्तीसगढ़ आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष सोनवानी, तत्कालीन सचिव जीवन किशोर ध्रुव, तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक एवं शासन तथा आयोग में तत्समय पदस्थ संलिप्त लोकसेवकगण अपने-अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 2020 एवं 21 तथा गलत तरीके से अपने रिश्तेदारों को नियुक्ति दे दी।

# एससी-एसटी के उपवर्ग सामाजिक व आर्थिक स्थिति पर एक समान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि सभी अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) अपने सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक दर्जे के हिसाब से समरूप नहीं हो सकतीं। न्यायालय इसका परीक्षण कर रहा है कि क्या राज्य कोटा के अंदर कोटा देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उप-वर्गीकृत कर सकते हैं।



▸▸ **सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें एक वर्ग बताने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई**

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 23 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि वे (एससी और एसटी) एक निश्चित उद्देश्य के लिए एक वर्ग हो सकते हैं। लेकिन, वे सभी उद्देश्यों के लिए एक वर्ग नहीं हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में 2004 के पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले पर फिर से विचार करने के संदर्भ में सुनवाई कर रही है, जिसमें यह कहा गया था कि एससी और एसटी समरूप समूह हैं। पीठ ने कहा, इस अर्थ में एकरूपता है कि उनमें से प्रत्येक अनुसूचित जाति से संबंधित है। लेकिन आपका तर्क यह है कि समाजशास्त्रीय, आर्थिक विकास, सामाजिक उन्नति, शिक्षा उन्नति के संदर्भ में भी कोई एकरूपता नहीं है। पीठ में न्यायमूर्ति बार गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्र और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र मिश्रा भी शामिल हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चिन्नैया फैसले के निष्कर्षों का विरोध किया और कहा कि यह राज्य को आरक्षण के क्षेत्र को उचित रूप से उप-वर्गीकृत करके उचित नीति तैयार करने से रोकता है और अवसर की समानता की संवैधानिक गारंटी को कम करता है।

# मलबे में दबकर छह महिला श्रमिकों की मौत

तमिलनाडु। नीलगिरी जिले में एक निर्माण स्थल पर रेत और मलबे के नीचे दबने से छह महिला निर्माण श्रमिकों की बुधवार को मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि घटना में दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जब 17 मजदूर लवडेल में एक परिसर की दीवार को गिराने के लिए रेत हटाने जैसे काम में लगे हुए थे, तभी पास की एक इमारत ढह गई और रेत एवं मलबे का ढेर उन पर गिर गया जिसमें 10 मजदूर पूरी तरह से दब गए। दमकल विभाग के कर्मियों ने मलबे में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाला। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने श्रमिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

# मौलाना तौकीर रजा समेत 30 लोगों को नोटिस

कार्यालयय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमसी के नाम से शहर की मस्जिदों में बांटे जा रहे पर्चों को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत पार्टी के 30 लोगों को सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस दिया है। जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, यदि वह नौ जनवरी को खुराफात करेंगे तो उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

वहीं कोतवाली पुलिस ने भड़काऊ पोस्टर बांटने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिन ने बुधवार शाम

▸▸ **भड़काऊ पोस्टर बांटने पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

को पैदल गश्त भी की। वाराणसी में ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में मूर्तियों की कोर्ट के आदेश पर पूजा शुरू होने के मामले में रविवार को तौकीर रजा खां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। जिसमें शुक्रवार को गिरफ्तारी देकर जेल भरो आंदोलन का आह्वान किया था। इसके बाद शहर में कुछ स्थानों पर आईएमसी की तरफ से पर्चे बांटे जा रहे हैं। पुलिस ने माहौल खराब करने वाले मौलाना तौकीर रजा समेत 30 पदाधिकारियों को नोटिस दिया है। शुक्रवार सुबह ही पुलिस फोर्स तैनात कर दी जाएगी।

# संजय सिंह को कड़ी सुरक्षा में बयान दर्ज कराने लाया गया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** दिल्ली की तिहाड़ सेंट्रल जेल में कथित शराब घोटाला में निरुद्ध आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पुलिस बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ लेकर दीवानी पहुंची। आप सांसद अपने अधिवक्ता रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ कोर्ट में पेश हुए। विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव की अदालत में आप सांसद का बयान दर्ज किया गया।

आप सांसद ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए रंजिशन दर्ज कराये गये मुकदमे में आरोपों से इंकार किया। इस दौरान सांसद के समर्थक कोर्ट के



आप सांसद संजय सिंह को अदालत में पेश करने के लिए ले जाते सुरक्षाकर्मी।

बाहर डटे रहे। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 14 फरवरी की तारीख नियत की है।

विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र के मुताबिक 23 अक्टूबर 2008 को तत्कालीन बसपा सरकार के खिलाफ शहर के तिकोनिया पार्क में सपा ने घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किया था। आरोप है कि सपाइयों ने कलेक्ट्रेट के सामने सड़क जामकर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा, मौजूदा समय में आम

▸▸ **विशेष अदालत में सांसद का दर्ज किया गया बयान**

आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, वर्तमान भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, गौरीगंज के सपा विधायक राकेश सिंह, सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव समेत कई सपाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश कुमार यादव ने बयान दर्ज करने के लिए पिछले दिनों सांसद संजय सिंह को जेल से तलब किया था। वे इस समय दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में निरुद्ध हैं। कोर्ट में बयान दर्ज होने के बाद कड़ी सुरक्षा में दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# लुईस खुर्शीद समेत दो के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता

**बरेली, अमृत विचारः** दिव्यांग उपकरण वितरण को मिले 71 लाख रुपये गबन मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए कोर्ट शाम्भवी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद और सचिव अतहर फारुखी के विरुद्व गैर जमानती वारंट जारी किया। सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत की है। दोनों आरोपी वर्तमान में दिल्ली में रह रहे हैं।

सरकारी वकील अचिन्त्य द्विवेदी ने बताया कि ईओडब्ल्यू के इंस्पेक्टर रामशंकर यादव ने 29 मई 2017 को थाना भोजीपुरा में धोखाधड़ी, गबन की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने ट्रस्ट को प्रदेश के जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण आदि वितरित किये जाने के लिए 71.50 लाख का अनुदान दिया था। ट्रस्ट ने बरेली, फर्रुखाबाद, एटा, इटावा, मैनपुरी, कासगंज, मेरठ समेत 17 जिलों में कैंप लगाकर दिव्यांगों को उपकरण वितरित करने की आख्या मंत्रालय को प्रेषित की थी। इसके बारे में शिकायत पर जांच की गयी तो पता चला कि कैंप सिर्फ कागजों में ही लगाये गये।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मुर्मू ने पहली बार मेट्रो ट्रेन में सफर किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुर्मू दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाली भारत की दूसरी सेवारत राष्ट्रपति हैं। वर्ष 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी मेट्रो में सफर किया था।

राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली मेट्रो में यात्रा की और यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों से बातचीत की। इसने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वाले आगंतुकों के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन (गेट नंबर 4) और अमृत उद्यान (गेट नंबर



नई दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों के साथ मेट्रो ट्रेन में यात्रा की। ● एजेंसी

▸▸ **स्कूली बच्चों से की बात, यात्रा को बताया सुखद**

35) के बीच एक शटल बस सेवा को भी हरी झंडी दिखाई, जो सुबह 9.30 बजे से शाम पांच बजे तक हर 30 मिनट में चलती है।

अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर यात्रा की, जो कि कश्मीरी गेट और फरीदाबाद में राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) के बीच संचालित होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन में सवार हुईं और नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की तथा फिर केंद्रीय सचिवालय वापस आ गईं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के साथ थे। कुमार ने राष्ट्रपति को डीएमआरसी के कामकाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और निर्माण परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रपति ने एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) रुपे कार्ड का इस्तेमाल करके यात्रा की। मुर्मू ने आगंतुक पुस्तिका में की गई अपनी टिप्पणियों में दिल्ली मेट्रो की सराहना की और यात्रा को सुखद बताया।

# न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण बने ओडिशा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

**कटक (ओडिशा)।** न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने बुधवार को ओडिशा उच्च न्यायालय के 34वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल रघुबर दास ने यहां उड़ीसा उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नये मुख्य न्यायाधीश को पद की शपथ दिलाई। 20 जनवरी, 1963 को जन्में न्यायमूर्ति सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय (कैंपस लॉ सेंटर) से कानून की डिग्री पूरी करने के बाद 1990 में एक वकील के रूप में नामांकित हुए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उन्हें वर्ष 1998 में केंद्र सरकार में अतिरिक्त स्थायी अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया।

# ओडिशा में भाजपा-बीजद का गठजोड़ : राहुल

राउरकेला (ओडिशा),एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजद) के बीच गठजोड़ है तथा कांग्रेस आदिवासियों समेत राज्य के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध करती रही है। राहुल ने यहां ओडिशा के इस्पात शहर के रूप में प्रसिद्ध राउरकेला में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर शुरू की।

राजगंगपुर और सुंदरगढ़ में जनसभा में राहुल गांधी ने कहा, आप जानते ही हैं कि ओडिशा में नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी की साझा सरकार है। दोनों ने हाथ



राउरकेला में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने समर्थकों का अभिवादन किया। ● एजेंसी

मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मुझे संसद में पता चला कि बीजद, भाजपा का समर्थन करती है। बीजद के लोग भी भाजपा के इशारे पर हमें परेशान करते हैं। राहुल ने दावा किया कि अकेली कांग्रेस पार्टी ही ओडिशा के लोगों के लिए बीजद-भाजपा गठजोड़ का विरोध कर रही है।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि तेलंगाना में भी यही स्थिति है जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) भाजपा का समर्थन करती है और केंद्र से संरक्षण प्राप्त कर रही है।

# पत्नी की हत्या कर सीने से निकाला दिल, 5 गिरफ्तार

प्रयागराज, एजेंसी

**प्रयागराज** में बिटोला देवी की हत्या उसके पति ने ही की थी। बुधवार को पति समेत पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पति ने तंत्र-मंत्र की क्रिया के लिए वारदात को अंजाम दिया। इसमें उसके साथी तांत्रिक भी शामिल थे। पूछताछ में उसने बताया कि पहले पत्नी को हंसिए से मार डाला। फिर उसका दिल निकालकर उसमें तंत्र क्रिया की। फिर वहीं बैठकर मंत्र पढ़ा। इसके बाद लाश को नदी के किनारे बालू में गाड़ दिया और दिल लेकर चले गए।

मामला 3 फरवरी का है,

▸▸ **तंत्र-मंत्र क्रिया के लिए वारदात को दिया अंजाम**

जबकि महिला की लाश 4 फरवरी को मिली थी। तब लाश की शिनाख्त बिटोला देवी के रूप में हुई थी। बिटोला नीबी भतकार गांव में रहती थी। उनके बेटे भारत निषाद ने बताया, 3 फरवरी को मां गंगा कछार में सरपत काटने गई थी। काफी देर होने के बाद भी मां जब नहीं लौटी, तो हम लोगों ने खोजबीन शुरू की। झूंसी थाने के इंचार्ज उपेंद्र सिंह ने बताया कि अभी आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तंत्र-मंत्र में हत्या की बात सामने आई है।

# रामलला के बाद प्रधानमंत्री मोदी आज कृष्ण भक्तों के बीच

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल में भले ही भारतीय जनता पार्टी को विजय श्री न मिली हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां के लोगों से मोह भंग नहीं हुआ है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब वह गुरुवार को दिल्ली में पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्तों को संबोधित कर अपनी भावनाओं से अवगत कराएंगे।

कार्यक्रम का आयोजन 1918 में श्री चैतन्य मठ की स्थापना करने वाले श्रील प्रभुपाद के 150वें जन्मदिवस पर विश्व भर में 66 मठों में सक्रिय पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्तों द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से गौडीय मठों के सैकड़ों कृष्ण भक्त पश्चिम बंगाल के कोने-कोने से दिल्ली आ चुके हैं और विभिन्न कार्यक्रमों को अंजाम दे रहे थे। गुरुवार को उनका मुख्य कार्यक्रम प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम के सबसे बड़े सभागार में होगा जिसमें पश्चिम बंगाल सहित देश-विदेश के कई प्रखर वक्ता भी अपने विचार रखेंगे। इस कार्यक्रम का नाम दिया गया है "विश्व वैष्णव सम्मेलन"।

कृष्ण भक्तों को न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे, बल्कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी सहित भाजपा के कई अन्य नेता भी होंगे।

अयोध्या में 22 जनवरी को



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश में इस तरह का पहला बड़ा कार्यक्रम दिल्ली में होने जा रहा है, जिसमें कृष्ण भक्तों के साथ-साथ देश-विदेश के वैष्णववाद का प्रचार-प्रचार करने वाले विचारकों, साधु संन्यासियों को भी आमंत्रित किया गया है। गौडीय मिशन कोलकाता के अध्यक्ष बस सन्यासी महाराज बताते हैं कि 531 वर्ष पूर्व चैतन्य महाप्रभु ने समाज के कमजोर वर्गों पर असहिष्णुता, सांप्रदायिकता,

▸▸ **पश्चिम बंगाल के गौडीय मठ का स्थापना दिवस समारोह प्रगति मैदान में आज**

▸▸ **विश्व वैष्णव सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए देश-विदेश के कई साधु सन्यासी पहुंचे दिल्ली**

धार्मिक हठधर्मिता और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई थी और हमें वर्गहीन समाज के निर्माण का मार्ग दिखाया था। वैष्णव दर्शन को विश्व भर में फैलाने के लिए ही विश्व वैष्णव सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक सनातन धर्म पर आधारित विश्व वैष्णव सम्मेलन जैसे कई कार्यक्रम लोकसभा चुनाव से पहले पहले विभिन्न राज्यों की राजधानी या बड़े शहरों में आयोजित कराए जाएंगे। इन आयोजनों के पीछे अब मथुरा कृष्ण जन्मभूमि एवं बनारस ज्ञानवापी की चर्चा होगी। प्रगति मैदान में आज होने वाले सम्मेलन में पश्चिम बंगाल के कृष्ण भक्त निश्चित वैष्णव वाद का कोई संदेश लेकर जाएंगे, जिसका लाभ अप्रत्यक्ष रूप से लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा को मिलेगा। क्योंकि चैतन्य मठ का केंद्र बिंदु बाग बाजार, कोलकाता है और उसके अनुयाई पूरे पश्चिम बंगाल में फैले हुए हैं। सम्मेलन में प्रमुख रूप से भक्ति प्रमोद पुरी महाराज, श्रीपाद न्यासी महाराज, श्रीपाद संता महाराज, श्रीपाद अभधूत महाराज, श्रीपाद परजातक महाराज, श्रीभक्ति दीपक श्रीधर महाराज, श्रीपाद गोबिंदा महाराज व श्रीपाद निमी महाराज की मुख्य भूमिका होगी।

# विधानसभा अध्यक्ष पद नहीं छोड़ेंगे : चौधरी

**पटना :** बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने बुधवार को नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे । नवगठित सरकार ने चौधरी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। राजद के वरिष्ठ नेता ने जोर देकर कहा कि वह 12 फरवरी को बजट सत्र शुरू होने से पहले त्यागपत्र नहीं देंगे । इसी दिन विधानसभा में नीतीश कुमार सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। चौधरी ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं देने जा रहा हूं। मैं 12 फरवरी को विधानसभा में रहूंगा और नियमों के मुताबिक सदन की कार्यवाही चलाऊंगा।

## एक नजर

### ज्ञानवापी मामले में सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए टली

प्रयागराज : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित व्यास जी का तहखाने में हिंदुओं को पूजा अर्चना की अनुमति देने के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया की अपील पर सुनवाई 12 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने व्यास जी के तहखाने में पूजा अर्चना करने की अनुमति संबंधी वाराणसी की अदालत के 31 जनवरी के आदेश के खिलाफ पिछले शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की थी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इस मामले में सुनवाई के बाद सुनवाई 12 फरवरी के लिए टाल दी। अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी।

### पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश के कांउसिलिंग शुरू

लखनऊ, अमृत विचार। पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम में प्रवेश संबन्धी प्रस्तावित कांउसिलिंग के लिए बुधवार से पंजीकरण शुरू हो चुका है। कांउसिलिंग में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्सकों के साथ ही नीट पीजी 2023 में अर्ह घोषित अभ्यर्थी पंजीकरण करा सकेंगे। कांउसिलिंग में 12 फरवरी तक धरोहर राशि जमा करने के बाद 13 फरवरी से कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होंगी। इसके बाद 16 फरवरी को सीट आवंटन के परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिसके बाद 22 फरवरी तक प्रवेश कार्य संपन्न होंगे। मालूम हो कि सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की सुविधा को व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए एमबीबीएस डॉक्टरों को पीसीपीएनडीटी पाठ्यक्रम का विशेष प्रशिक्षण देकर विशेषज्ञता देने का निर्णय लिया गया है। मेडिकल कॉलेजों में शुरू होने वाले पाठ्यक्रम में पीएमएस के डॉक्टर्स व नीट पीजी में उत्तीर्ण चिकित्सकों को प्रवेश लेने के लिए अधिकृत किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया राम मंदिर बनने पर कार्यकर्ताओं को दिया धन्यवाद, कहा

# अब सुनाई देगी डमरू और बांसुरी की आवाज

- सप्ताह में दो दिन हनुमान चालीसा पाठ का लोगों को दिलाया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि किसी भी हिंदू को राम मंदिर का क्रेडिट लेने का अधिकार है। कहा कि बिना निमंत्रण लाठी गोली खाने के लिए चार बार आठ लाख कारसेवक आए थे। उनके कारण ही बाबरी ढांचा ढहा, तब मंदिर बना है। बाबरी नहीं ढहती तो मंदिर कैसे बनता।



पत्रकारों को संबोधित करते अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया।

संभल के तिवारी सराय में प्रेस वार्ता के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि पहले से मुझे सपने में भगवान राम का धनुष दिखाई देता रहा है। अब कुछ दिनों में मेरे कान में डमरू और बांसुरी की आवाज आने वाली है। इसलिए काशी, मथुरा में भी जय जयकार होने वाली है। इससे पूर्व कार सेवकों के सम्मान कार्यक्रम में डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हमने राम मंदिर डंके की चोट पर बना लिया। जब मुझे पूछते थे मंदिर बनेगा तो कहता था कि मंदिर बनेगा। कोई चाहेगा तो भी मंदिर बनेगा और कोई नहीं चाहेगा तो भी उनकी छाती पर पांव रखकर मंदिर बनेगा। तीन लाख पुरखों की पच्चीस पीढ़ियों ने कुर्बानी दी। उन्होंने राम मंदिर बनाने के लिए 50 लाख कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिलाया।

### आठ करोड़ लोगों ने दिया सवा रुपया

डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि 1989 में हमने कहा कि मंदिर एक व्यक्ति के पैसे से नहीं बनेगा। मंदिर तो आपके पसीने के सवा रुपये से बनेगा। आठ करोड़ घरों में गए तो आठ करोड़ लोगों ने सवा रुपया दिया। 1990 से 2022 तक पैसे से मंदिर के पत्थर गढ़ने का काम किया। 60 हजार घन फिट पत्थर तैयार किए। जब सुप्रीम कोर्ट ने जमीन दे दी तो हमारे पत्थर तैयार थे। पत्थर से पत्थर लगा दिया और 22 जनवरी को भव्य मंदिर खड़ा हो गया। राम मंदिर हिंदुओं के पसीने, आंसू और खून का स्मारक है। उन्होंने लोगों को हर सप्ताह मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ करने का संकल्प दिलाया।

### कार सेवकों को किया सम्मानित

डॉ. तोगड़िया ने प्राचीन मुन्नी माता मंदिर में दर्शन किया। कार्यक्रम में मदद के लिए लोगों को हिंदू हेल्पलाइन नंबर और अपना मोबाइल नंबर नोट कराया। इतना ही नहीं, अपनी फेसबुक पर लोगों को जोड़ा। कार्यक्रम में कार सेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में हो ज्यादा भागीदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कार्यकर्ताओं से की अपील

**अमृत विचार :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी जरूरी है। प्रदेश प्रभारी बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में यात्रा को सफल बनाने के लिए न्याय यात्रा के पांचों न्याय-युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय व भागीदारी न्याय को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। सभी नेताओं ने न्याय यात्रा को हर संभव सफल बनाने को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय, राष्ट्रीय सचिव व सह प्रभारी राजेश तिवारी, सत्य नारायण पटेल, तौकीर आलम समेत तमाम कांग्रेस नेता मौजूद रहे।


आगरा के विश्वप्रसिद्ध ताजमहल में शाहजहां के 369 वें उर्स के दूसरे दिन बुधवार को पर्यटकों और जायरीन की भारी भीड़ पहुंची। उर्स के अंतिम दिन गुरुवार को कब्र पर 1560 मीटर लंबी चादर चढ़ाई जाएगी।

## पति ने पत्नी को तीसरी मंजिल से नीचे फेंका

आगराः जिले के मंटोला थाना क्षेत्र के ढोलीखार में विवाद होने पर पति ने पत्नी को कथित तौर पर तीसरी मंजिल की छत से नीचे फेंक दिया, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने पीड़िता के पिता मुंडापाड़ा निवासी हाजी इलियास के हवाले से बताया कि उन्होंने करीब तीन साल पहले बेटी का निकाह ढोलीखार निवासी मौहम्मद सैफ के साथ किया था। इलियास का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए उनकी बेटी का उत्पीडन कर रहे थे।

# दुष्कर्म के झूठे मुकदमे दर्ज करा मुआवजा पाने की प्रथा पर लगाम की जरूरत : कोर्ट

विधि संवाददता, प्रयागराज



**कोर्ट कचहरी**

- बयान से पलटने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए
- प्राथमिकी झूठी पाए जाने पर पीड़िता से मुआवजा राशि वसूली जाएगी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामलों में झूठे मुकदमे दाखिल करने वालों पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि उन पीड़ितों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए जो आईपीसी, पॉक्सो अधिनियम और एससी/एसटी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराते हैं और सरकार से मुआवजा राशि प्राप्त होने व मुकदमा शुरू होने के बाद वे बचाव पक्ष में शामिल हो जाते हैं और अपने बयानों से मुकर जाते हैं।

ऐसे मामलों की जांच में जांचकर्ता और कोर्ट दोनों के समय तथा संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः इस प्रकार की प्रथा को रोकने की आवश्यकता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी अमन द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर विचार करते हुए की।

याची के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो अधिनियम और एससी-एसटी एक्ट के तहत थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले के सभी तथ्यों और पक्षकारों के तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याची जमानत पर रिहा होने का हकदार है, क्योंकि मेडिकल जांच से दुष्कर्म की पुष्टि नहीं होती है, साथ ही पीड़िता के बयानों में भी विरोधाभास पाया गया है।

अंत में कोर्ट ने कहा कि अगर वर्तमान प्राथमिकी झूठी पाई जाती है तो पीड़िता से देय मुआवजा राशि राजस्व के रूप में वसूल की जाएगी और उसे सरकारी खाते में जमा किया जाएगा, साथ ही अगर संबंधित अधीनस्थ अदालत को ऐसा लगता है कि विरोधी पक्ष ने मुकदमा झूठा दर्ज कराया है तो उन पर भी मुकदमा चलाया जाए।

# भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लाक प्रमुख

## शामिल हुए नेताओं के साथ दस हजार समर्थक भी बने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं।

चौधरी ने शामिल होने वाले नेताओं से विश्वास जताया कि भाजपा की अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों, लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि 100 फीसदी वोट में 60 फीसदी वोट हमारा है, बाकी 40 फीसदी वोट में बंटवारा है और बंटवारे में भी हमारा है। हमें हर बूथ पर कमल खिलाना है और भाजपा को जिताना है। हर बूथ पर विपक्षी दलों की जमानत जब्त करने का काम करना है।


प्रदेश कार्यालय में महिला सदस्यों के भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक। फोटो : अमृत विचार

### इन नगरपालिका अध्यक्षों ने ग्रहण की सदस्यता

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगरपालिका बिलारी, मुरादाबाद के अध्यक्ष रघुराज यादव (सपा), नगरपालिका धनौरा, अमरोहा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल (बसपा), नगरपालिका मसवासी, रामपुर के अध्यक्ष दिनेश गोयल, नगरपालिका चन्दौसी, सम्भल की अध्यक्ष लता वाष्णेय, नगरपालिका टुंडला, फिरोजाबाद के अध्यक्ष भवर सिंह, नगरपालिका मऊरानीपुर, झांसी की अध्यक्ष शशि श्रीवास, नगरपालिका लखीमपुर की अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव, नगरपालिका मिश्रिख, सीतापुर की अध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर पालिका बांगरमऊ, उन्नाव के अध्यक्ष राम जी, नगरपालिका नवाबगंज, गोण्डा के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह, नगरपालिका नौतनवा, महराजगंज के अध्यक्ष ब्रजेश मणि त्रिपाठी, नगरपालिका गौराबरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल (बसपा) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

उप मुख्मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी परिवार निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने शामिल होने वाले सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र दल है जिसमें कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल जिताने का काम करना है।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे तथा प्रदेश सरकार के मंत्री श्री संजीव गोंड उपस्थित रहे।

### इन नगर पंचायत अध्यक्षों ने ली भाजपा की सदस्यता

पार्टी मुख्यालय पर सदस्यता लेने वाले नगर पंचायत के अध्यक्षों में सिसौली मुजफ्फरनगर की सुभाषिनी सिंह, शाहपुर मुजफ्फरनगर के मोहम्मद अकरम (आप), एलम शामली की रीना, ननौता सहारनपुर से रूमाना खान (बसपा), नरौरा बुलन्दशहर से प्रीति यादव (बसपा), बीबीनगर बुलन्दशहर गुडडी देवी, गुलावठी बुलन्दशहर नेहा यादव (सपा), ज्ञानपुर भदोही से घनश्याम दास गुप्ता, लम्भुआ सुल्तानपुर से अवनीश कुमार सिंह अंगद, भारतगंज प्रयागराज से फरा बेगम, कोरांव प्रयागराज से ओम प्रकाश केसरी, अनपरा सोनभद्र से विश्राम प्रसाद जैसवार, ज्योति खुड़िया मैनपुरी से प्रेमलता माथुर, फतेहगंज पुरवी बरेली से संजय पाठक, खखरैरू फतेहपुर ज्ञानचन्द्र केसरबानी, मानिकपुर चित्रकूट से रानी कोल, एरच झांसी से जयचन्द्र राजपूत, शिवराजपुर कानपुर से निर्मल कटियार, तिंदवारी बांदा से सुधा साहू, खरेला महोबा से संतोष सिंह, परसदेपुर रायबरेली विनोद कौशल, सलौन रायबरेली से चन्द्रशेखर रस्तोगी, हैदराबाद उन्नाव ब्रज किशोर वर्मा, मोहान उन्नाव से समरजीत, बीघापुर उन्नाव सुशील कुमार, औराव उन्नाव राकेश कुमार, उगू उन्नाव से अनिता, नवाबगंज उन्नाव से दिलीप कुमार, सफीपुर उन्नाव से गरिमा, गंगाघाट उन्नाव से कोमदी पाण्डेय, मधौगंज हरदोई से अनुराग मिश्रा, हैदरगढ़ बाराबंकी से आलोक तिवारी, रामनगर बाराबंकी से रामसरन पाठक, देवा बाराबंकी से हारून वारसी, घुघली महराजगंज से संतोष जायसवाल, चौक महराजगंज से संगीता देवी, परतावल महराजगंज से प्रियंका गुप्ता, मथौली कुशीनगर से नवरंग सिंह, फालिजनगर कुशीनगर से शत्रुधन शाही, सुकरौली कुशीनगर से राजनीति कश्यप, बढ़नी सिद्धार्थनगर से सुनील अग्रहरि, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर से उमा अग्रवाल, अजमतगढ़ आजमगढ़ से ललिता साहनी, मधुवन मऊ से आरती मल्ल, उरूवा गोरखपुर से रामफेर कन्नौजिया बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

**भाजपा में शामिल हुए ब्लाक प्रमुख :** भारतीय जनता पार्टी परिवार में सम्मिलित होने वाले ब्लॉक प्रमुखों में उरूवा प्रयागराज से आरती गौतम, करछना प्रयागराज से सरोज द्विवेदी, चाका प्रयागराज से अनिल सिंह पटेल, कोंराव प्रयागराज से मुकेश कोल, फतेहगंज पश्चिम बरेली से सत्येन्द्र यादव, भोजीपुरा बरेली से योगेश पटेल, बागंरमऊ उन्नाव से सुनीता दिवाकर (सपा), उन्नाव ज्ञानेन्द्र सिंह (सपा), सीयर बलिया से आलोक सिंह, बांसडीह बलिया से सुशीला देवी, लार देवरिया से अनुभा सिंह, भलुअनी देवरिया से छददू यादव, मिर्जापुर लालगंज से फिरती देवी (सपा) सहित विभिन्न ब्लॉक प्रमुखों ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### वर्ग पहेली-336

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**




2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।

**वर्ग पहेली - 335 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 मँ | | | | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | | ला |
| | वा | | रो | | ना |
| | | 5 सं | हि | ति | |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | | 7 श |
| | | त | | | फ़ी |
| 8 शि | फा | | 9 त | पा | क |

**सुडोकू -53**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

**सुडोकू - 52 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

**वृष** — आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** — आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह** — आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

**कन्या** — आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**तुला** — आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

**वृश्चिक** — आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**धनु** — आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** — आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** — आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

**मीन** — आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

### आज की फिल्में

पृथ्वी
सुबह : 09.00

गद्दार
रात : 09.00

मलंग
सुबह : 10.44

पीकू
रात : 07.00

वीरता द पॉवर
दोपहर : 12.15

कलंक
रात : 06.45

हीरो
सुबह : 07.10

दिवार
रात : 07.00

कभी खुशी कभी गम
सुबह : 08.24

राजा हिन्दुस्तानी
शाम : 06.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**



सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा: आईईए

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

**बेतुल (गोवा), एजेंसी**

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में




कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी)से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

### डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा




कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

### एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरतः नडेला

**मुंबई।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

## नीति आयोग ने एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर**

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,300 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

## डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी**

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर-व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

### भारत यूएसजीबीसी की वैश्विक सूची में तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा और पर्यावरण डिजाइन लीडरशिप (एलईईडी) प्रमाणन के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 देशों और क्षेत्रों की वार्षिक सूची-2023 में तीसरे स्थान पर है। इस सूची को अमेरिकी ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (यूएसजीबीसी) ने तैयार किया है। अमेरिका को सूची में शामिल नहीं किया गया है। एलईईडी हरित इमारतों की रेटिंग प्रणाली है। प्रमाणन पर्यावरण के स्तर पर उपलब्धि को बताता है। यूएसजीबीसी ने बयान में कहा कि रेटिंग प्रणाली लगभग सभी प्रकार की इमारतों के लिए उपलब्ध है।

## जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ **एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा**

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो



गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।



## एक नजर

### लोकसभा में अंतरिम बजट पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को 2024-25 के लिए 47.66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा का जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में घटाकर 5.1 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।

### इंदौर में विस्फोटक पदार्थ से जुड़े 20 प्रतिष्ठान सील

**इंदौर (मप्र)।** हरदा के पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट के बाद हरकत में आए इंदौर प्रशासन ने अलग-अलग गड़बड़ियां मिलने पर पटाखों के दो कारखानों समेत विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। जांच दलों में शामिल अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 घंटे के दौरान जिले भर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त जांच मुहिम के दौरान पटाखों और विस्फोटक पदार्थों के कारोबार से जुड़े 20 प्रतिष्ठानों को सील किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इनमें राऊ क्षेत्र में पटाखे बनाने वाले दो कारखाने शामिल हैं जहां अलग-अलग मानकों का उल्लंघन पाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठानों में से एक पटाखा गोदाम रिहायशी क्षेत्र में था, जबकि अन्य गोदामों में स्वीकृत सीमा से ज्यादा पटाखों का भंडारण पाया गया।

# कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं



प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

### देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3.0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3.0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा-गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

### जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

## रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आम आदमी पार्टी को दी गई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगाया आरोप**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में निविदा के जरिए भ्रष्टाचार से मिली रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आम आदमी पार्टी (आप) को दी गई।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि डीजेबी से जुड़े कथित धन शोधन मामले में मंगलवार की छापेमारी के बाद 1.97 करोड़ रुपये मूल्य का सामान और चार लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। इसने कहा कि छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी जब्त किए गए। हालांकि, बयान में विभिन्न बरामदगी के विशिष्ट स्थान का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने अपने बयान में कहा कि अगर डीजेबी अधिकारियों या उसके ठेकेदारों द्वारा किया गया कोई भी गलत काम सच साबित होता है तो वे इसकी निंदा करते हैं। वहीं, पार्टी ने ईडी पर उसके नेताओं के खिलाफ झूठे आरोप लगाने का दावा किया। पार्टी ने कहा-हम ईडी के इस सरासर झूठे आरोप की भी निंदा करते हैं कि उसके नेताओं का इस मामले से कोई लेना-देना है। आप नेताओं के पास से एक भी पैसा या सबूत बरामद नहीं हुआ है, जिन पर कल ईडी ने छापा मारा था। ईडी ने अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार, आप के राज्यसभा सदस्य एनडी. गुप्ता और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली थी।

### अजित पवार गुट ने कोर्ट में कैविएट दायर की

**नई दिल्ली।** अजित पवार गुट ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को कैविएट दायर की और निर्वाचन आयोग द्वारा उसे असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आदेश को शरद पवार गुट की ओर से चुनौती दिये जाने की स्थिति में उसका पक्ष भी सुने जाने का अनुरोध किया। वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के जरिए कैविएट यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गयी है कि अगर शरद पवार गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करता है तो अजित पवार गुट के खिलाफ एकतरफा आदेश पारित न किया जाए और उसका भी पक्ष सुना जाए। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। चुनाव निकाय का यह निर्णय पार्टी संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है।

## अमानतुल्ला खान को याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**धन शोधन का मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन की एक जांच और उन्हें समन दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका वापस लेने की बुधवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति रेखा पल्ली और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ ने याचिका वापस लिए जाने पर इसे खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ धन शोधन की जांच दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। ऐसा आरोप है कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष पद पर काम करते हुए नियमों और सरकारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 लोगों की अवैध रूप से भर्ती की थी। ईडी ने दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले खान के परिसरों पर छापे मारे थे। उसने दावा किया है कि खान ने अवैध धन अर्जित किया था।

### संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने एकतरफा फैसलों के लिए एनजीटी को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने एक असामान्य आदेश में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को बार-बार ''एकतरफा निर्णय लेने'' के लिए फटकार लगाई है और आगाह किया है कि न्यायाधिकरण को औचित्य की अनदेखी से बचने के लिए सावधानी से काम करना चाहिए।

ये कड़ी टिप्पणियां न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने दिल्ली के एक उद्यम द्वारा दायर अपील पर अपने फैसले में कीं। उद्यम की ओर से दायर अपील में एनजीटी के दो आदेशों को चुनौती दी गई थी, जिसमें पर्यावरण को प्रदूषित करने के लिए स्वतः संज्ञान के बाद की गई कार्यवाही और बिना सुनवाई का अवसर दिए कंपनी पर जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने 30 जनवरी को यह आदेश दिया था जो बुधवार को अपलोड किया गया। पीठ ने कहा- एनजीटी द्वारा बार-बार एकतरफा निर्णय लेना एक प्रचलित मानदंड बन गया है। न्याय के लिए अपनी उत्साही खोज में, अधिकरण को औचित्य की अनदेखी से बचने के लिए सावधानी से काम करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि एकतरफा आदेशों का चलन और करोड़ों रुपये का हर्जाना लगाना, पर्यावरण सुरक्षा के व्यापक मिशन में एक ''प्रतिकूल शक्ति'' साबित हुआ है। पीठ ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि एनजीटी के इन आदेशों को लगातार शीर्ष अदालत से रोक का सामना करना पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप सदस्यों, वकीलों और अन्य हितधारकों द्वारा किए गए सराहनीय प्रयासों की पोल खुल गई है।

### उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

### सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए अन्याय को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में उसके साथ अन्याय किया गया है।

## बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स



(जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

# पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोंटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होंगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

## मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

## राज्य स्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

# अगले दो मैचों से बाहर रह सकते हैं कोहली

नई दिल्ली, एजेंसी



बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और चौथे टेस्ट मैच से भी बाहर रह सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उनका धर्मशाला में 7 से 11 मार्च तक होने वाले अंतिम टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है लेकिन बीसीसीआई इस बारे में नहीं सोच रहा है, क्योंकि यह मैच एक महीने बाद शुरू होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 से 19 फरवरी के बीच राजकोट में जबकि चौथा मैच 23 से 27 फरवरी के बीच रांची में खेला जाएगा।

कोहली के मित्र और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने यूट्यूब चैनल पर खुलासा किया था कि यह बल्लेबाज दूसरी बार पिता बनने वाला है और इसलिए वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पा रहे हैं। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि परिवार के मामलों में बोर्ड क्रिकेटर का साथ देता है। विराट कब वापसी चाहते हैं यह उनका फैसला होगा। सबसे बड़ा सवाल बुमराह के कार्यभार प्रबंधन का है। उन्होंने दूसरे टेस्ट मैच में 33 ओवर किए और 9 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। तीसरे टेस्ट मैच का परिणाम अहम भूमिका निभा सकता है। राजकोट के मैच में बुमराह को विश्राम देना आसान नहीं होगा। हालांकि रांची के मैच में विश्राम दिया जा सकता है। केएल राहुल की तीसरे मैच में वापसी तय है और ऐसे में रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा जबकि श्रेयस अय्यर को मौका मिलना सुनिश्चित है। रविंद्र जडेजा भी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं लेकिन उनके राजकोट में खेलने की संभावना कम है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में विश्राम दिया गया था और वह तीसरे टेस्ट मैच में वह मुकेश कुमार की जगह अंतिम एकादश में शामिल होंगे।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

### सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गई थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

### एफआईएच प्रो लीग: भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से हारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को कलिंग स्टेडियम में खेली जा रही एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में आस्ट्रेलिया से 0-3 से हार गई। यह मेजबान टीम की लगातार तीसरी हार है। आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान ग्रेस स्टेवर्ट (19वें मिनट), टाटम स्टेवार्ट (23वें) और कैटलिन नोब्स (55वें) ने गोल दागे। भारत ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लेकिन मेहमान टीम की गोलकीपर जो न्यूमैन ने इसे बचा लिया। आस्ट्रेलिया ने पहले क्वार्टर में दबाव बनाया लेकिन भारतीय रक्षण मजबूत बना रहा। दूसरे क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टेवर्ट की मदद से पहला गोल किया। भारतीय टीम ने मौके बनाने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे टाटम स्टेवार्ट ने गोल में बदलकर टीम को पहले हाफ में 2-0 से बढ़त दिला दी। नोब्स ने चौथे क्वार्टर में तीसरा गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। भारत अब शुक्रवार को अमेरिका से भिड़ेगा।

### आयु वर्ग की राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस महीने ग्वालियर में होने वाली अंडर-15 और 20 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप को स्थगित कर दिया गया है क्योंकि कुछ राज्य संघों ने इतने संक्षिप्त नोटिस में इसमें भाग लेने में असमर्थता जाहिर की। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का काम देख रही तदर्थ समिति ने राज्य संघों की मांग पर यह फैसला लिया। ग्वालियर में 11 से 17 फरवरी तक अंडर-20 और 15 फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप होना था। डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपेंदर सिंह बाजवा ने कहा कि कुछ राज्य कुश्ती संघों के अंडर-20 और 15 राष्ट्रीय कुश्ती चैम्पियनशिप को पुनर्निर्धारित के प्रतिनिधित्व प्राप्त हुए। उन्होंने मांग की कि इतने कम समय में वे टीम भेजने में असमर्थ हैं क्योंकि इसके लिए अभी तक ट्रायल्स नहीं हुए हैं।

# शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

## 11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

| रैंकिंग | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 881 |
| 2 | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | आर अश्विन | 841 |
| 4 | पैट कमिन्स | 828 |
| 5 | जोश हेजलवुड | 818 |
| 6 | प्रभात जयसूर्या | 783 |
| 7 | जेम्स एंडरसन | 780 |
| 8 | नाथन लियॉन | 746 |
| 8 | रवींद्र जडेजा | 746 |
| 8 | ओली रॉबिन्सन | 746 |

दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

**भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब**



# खिलाड़ियों से संवाद को हम दे रहे हैं प्राथमिकता: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

**नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है**



इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।



## द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

**अल-रेयान (कतर), एजेंसी।** याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

# न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को पहले टेस्ट में 281 रन से दी मात

माउंट मोनगानुई, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन नए खिलाड़ियों के साथ यहां पहुंची द. अफ्रीका को 281 रनों से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। कप्तान टिम साउदी ने बीते दिन के स्कोर 4 विकेट पर 179 रन पर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी घोषित कर दी जिससे द. अफ्रीका को जीत के लिए 529 रन का लक्ष्य मिला। काइल जैमीसन के 4 और मिचेल सैंटनर के 3 विकेट से न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका की दूसरी पारी को 247 रन पर समेट दी। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 511 रन बनाने के बाद द. अफ्रीका को 162 रन पर आउट कर 349 रन की बढ़त बनाई थी। साउथी ने तब फॉलोऑन नहीं करने का फैसला किया और पहली पारी में शतक जड़ने वाले अनुभवी केन विलियमसन ने दूसरी पारी में भी शतक लगाया।

# बॉलीवुड हलचल

## 'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा




**मुंबई, एजेंसी।** नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

### 16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

## श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

## अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

### यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत



कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

# भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी से मैतई समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

**इंफाल।** भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है। बता दें, मैतई समूह बाड़ेबंदी की लगातार मांग कर रही थी।

# इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीजा

*भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीजा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीजा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीजा जारी किया गया था।*

**40%** आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट




- भारतीयों को वीजा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीजा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीजा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीजा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।



- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीजा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीजा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।

# बिलिंग में दो दिन तक लापता शवों की रक्षा करता रहा कुत्ता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बिलिंग घाटी में पुलिस ने युवक-युवती के शव बरामद किए हैं। बुधवार को अधिकारियों ने बताया कि एक पालतू कुत्ता दो दिनों से शवों के पास ही बैठा रहा और जंगली जानवरों से शवों की रक्षा करता रहा। बता दें, एक महिला समेत दो पर्यटक रविवार को लापता हो गए थे।

पुलिस के अनुसार, तलाश में जुटी टीम ने मंगलवार को कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनी, आवाज का पीछा करते हुए पैराग्लाइडर बिंदु से तीन किमी नीचे से शवों को बरामद किया। अल्फा नाम का कुत्ता लगभग दो दिनों तक शवों की रक्षा करता रहा। पुलिस ने कहा-मृतक की पहचान अभिनंदन गुप्ता (30) निवासी पठानकोट और उसकी दोस्त पुणे की रहने वाली प्रणिता (26) के रूप में हुई है।

## एक नजर

### ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

**लंदन।** भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### बर्फबारी से 400 सड़कें जाम, 12 तक मौसम साफ होने की उम्मीद




**शिमला/मनाली।** हिमाचल प्रदेश में कई दिनों से जारी बर्फबारी के बाद बुधवार को धूप निकली तो पारा माइनस में होने के बाद भी मनाली, शिमला, धर्मशाला, कुल्लू में कई पर्यटक उमड़ रहे हैं। हालांकि बर्फबारी के कारण अभी भी राज्य की 400 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 12 फरवरी तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। वहीं अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर 5 फीट बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। एक सप्ताह के भीतर दोनों छोर में बर्फ के ढेर लग गए हैं।

### पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़



**बर्लिन।** जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

**पड़ोसी देश में मतदान आज**, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

# ...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्ताान में निवेश करने के इच्छुक हैं।




### 6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

### तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

**जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं :** जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

**इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी :** पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

**24.15** करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

**5,121** प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

**4,806** पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

**12.8** करोड़ मतदाता
- 266 सांसद बनेंगे

**167** रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

**90,582** पोलिंग स्टेशन पूरे देश में



किस धर्म के कितने वोटर

| | |
|---|---|
| 96.28% | मुस्लिम |
| 1.59% | ईसाई |
| 1.6% | हिन्दू |
| 0.58% | अन्य |

# चुनाव से एक दिन पहले दहला बलूचिस्तान, विस्फोट में 40 मरे



पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

# जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

# ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

# अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

## यूएई में मंदिर...





**अबू धाबी :** बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी

**चिंताजनक** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।



### वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

# अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पड्र्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

# ब्रिटेन: भारतीय धर्मों की शिक्षा को कोर्स में किया शामिल

लंदन, एजेंसी



▸▸ सुनक ने दिए निर्देश, अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से होगा लागू

ब्रिटेन के स्कूलों में पहली बार भारतीय धर्मों की शिक्षा को कोर्स में शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध धर्म की शिक्षा का कोर्स कक्षा 4 से शुरू होगा। ब्रिटेन में धार्मिक शिक्षा का कोर्स - दसवीं कक्षा तक अनिवार्य है।

अभी ईसाई धर्म की शिक्षाएं ही कोर्स में शामिल हैं। ब्रिटेन में अब तक विश्व हिंदू परिषद यूके और वैदिक शिक्षा संगठन (वॉयस) जैसे संगठन भारतीय परिवारों के बच्चों के लिए धार्मिक शिक्षा का वोकेशनल कोर्स कराते हैं। बता दें, अब भारतवंशी बच्चों को स्कूली कोर्स में ही भारतीय धर्मों की शिक्षा का मौका मिल सकेगा। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय परिवार और अन्य संगठन काफी समय से धार्मिक शिक्षा का कोर्स शुरू करने की मांग उठा रहे थे।

अब ब्रिटेन के स्कूलों में पढ़ने वाले 88 लाख श्वेत अन्य अन्य मूल के छात्रों और भारतीय मूल के लगभग 82 हजार छात्रों को भारतीय धर्मों की शिक्षा का कोर्स पढ़ने को मिलेगा। सुनक सरकार ने भारतीय धार्मिक शिक्षा के कोर्स को लागू करने के लिए पहली किस्त जारी की है। हाउस ऑफ कामंस ने फंड को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। हर 10 में से 5 भारतीय छात्रों की धर्म के आधार पर बुलीइंग, श्वेत बच्चों में भ्रांतियां: इनसाइट यूके नामक संगठन के एक सर्वे के अनुसार ब्रिटेन के स्कूलों में पढ़ने वाले हर दस पर बुलीइंग होती है।

# चीन ने भारतीय रसायन पर डंपिंग रोधी शुल्क 5 साल के लिए और बढ़ाया

**बीजिंग।** चीन ने भारत से आयातित 'ओ-क्लोरो-पी-नाइट्रोएनिलीन' रसायन पर अगले पांच साल तक डंपिंग रोधी शुल्क बरकरार रखने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को की गई घोषणा के अनुसार, शुल्क को 13 फरवरी से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। चीन ने पहली बार 12 फरवरी, 2018 को 31.4-49.9% की दर से पांच साल के लिए यह शुल्क लगाया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एमओएफसीओएम की जांच में पाया गया कि भारत के पास इसकी मजबूत उत्पादन क्षमता है। इसका दो-तिहाई हिस्सा विदेशी बाजारों में निर्यात पर निर्भर है। इस रसायन का इस्तेमाल मुख्य रूप से रंगों में किया जाता है। मंत्रालय के अनुसार, भारत ने 2018 और सितंबर 2022 के बीच भी चीन को डंपिंग के जरिए, ओ-क्लोरो-पी-नाइट्रोएनिलिन' का निर्यात किया।